सूर्योदय 6:37 सूर्यास्त 5:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 22.5 अधि |
| धर्मशाला | 16.5 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,938.71 |
| निफ्टी | 25,722.10 |

सोना 1,20,815 | चांदी 1,49,142

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 2 नवंबर 2025 | 18 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 305, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







# चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी हिमाचल सरकार

## राज्य में 15 नवंबर से तीन माह तक चलेगा व्यापक और बहुस्तरीय अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऐलान किया कि प्रदेश सरकार 15 नवंबर से चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ने जा रही है। अगले तीन माह तक राज्यभर में व्यापक और बहुस्तरीय अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज यहां उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस अभियान की शुरुआत शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय 'एंटी चिट्टा रैली' से की जाएगी, जिसमें वे स्वयं भाग लेंगे। इस रैली में विधायक, विद्यार्थी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक प्रहार होगा जो चिट्टे के खिलाफ एकजुट होकर किया जाएगा। तीन माह के इस अभियान में सरकार के प्रतिनिधि, पुलिस, विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन, विद्यार्थी और स्थानीय समुदाय सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राज्य सरकार ने पंचायत स्तर पर नशा निवारण समितियों के गठन को अधिसूचित कर दिया है। प्रत्येक समिति में अध्यक्ष सहित सात सदस्य होंगे, जो हर माह नियमित बैठकें कर अपने क्षेत्र में नशे से संबंधित गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करेंगी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से साझा करेंगी। ये समितियां स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर नशा निवारण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगी तथा अपने जिले के उपायुक्त के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। पुलिस विभाग द्वारा एक विशेष सेल गठित किया जाएगा, जो चिट्टे के नेटवर्क को तोड़ने और नशे के सौदागरों पर सटीक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

### सीएम खुद करेंगे इस अभियान की निगरानी



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि इस अभियान की निगरानी वे स्वयं करेंगे ताकि कार्य की प्रभावशीलता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल चिट्टे की रोकथाम नहीं, बल्कि उसके समूल नाश तक इस मुहिम को जारी रखना है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, संस्थानों और नागरिकों से इसमें सहभागी बनने का आह्वान किया।

### 15 मई, 2003 के बाद नियमित हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की पेंशन में शामिल होगा दैनिक सेवाकाल

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के हित में एक और बड़ा फैसला लिया है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 मई, 2003 के बाद नियमित हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अब पेंशन गणना में विशेष लाभ दिया जाएगा। ऐसे कर्मचारियों को पांच वर्ष की दैनिक सेवा के बदले एक वर्ष की नियमित सेवा का लाभ पेंशन गणना के लिए प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस निर्णय से वे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी लाभान्वित होंगे, जिन्हें सेवानिवृत्ति के समय 10 वर्ष से कम नियमित सेवा होने के कारण पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया था। इस गणना के बाद यदि वे 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करते हैं, तो उन्हें पेंशन प्राप्त करने का अधिकार मिलेगा।

**पांच वर्ष की दैनिक सेवा के बदले में मिलेगा एक वर्ष का नियमित लाभ**

# आंध्र प्रदेश के वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, 10 लोगों की मौत

## एकादशी पर ज्यादा भीड़ से रेलिंग टूटने से हुआ हादसा

**एजेंसी, श्रीकाकुलम**

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को एकादशी के दौरान भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है। मंदिर में आने-जाने का रास्ता एक ही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, भारी भीड़ के दौरान लोग रास्ता जाम हो गया। लोगों की धक्का-मुक्की की वजह से रेलिंग टूट गई। इससे भगदड़ मच गई। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्रीकाकुलम के पुलिस अधीक्षक केवी महेश्वर रेड्डी ने बताया कि मंदिर के प्रशासक हरिमुकुंद पांडा पर 'गैर-इरादतन हत्या' के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**मंदिर के प्रशासक पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज**

आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री अनीता ने बताया कि मंदिर में हर हफ्ते करीब 1500 से 2000 श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। एकादशी होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक थी। उन्होंने बताया कि मंदिर पहली मंजिल पर स्थित है और यहां जाने के लिए 20 सीढ़ियां हैं।



### भगदड़ वाली जगह पर यहां-वहां बेसुध पड़ी दिखाई दीं महिलाएं

**मंदिर** में मची भगदड़ के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें मंदिर की सीढ़ियों पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। इनमें महिलाएं, बच्चें और कई बुजुर्ग भी थे। इसी दौरान रेलिंग गिर गई और लोग भीड़ से दबने लगे। महिलाएं और बच्चे बाहर निकलने के लिए चीखते-चिल्लाते दिखे। कई तो अपनी जान बचाने के लिए लोगों के ऊपर चढ़कर निकलते दिखे। वहीं, हादसे ही बाद के वीडियो में लोग भीड़ में दबी महिलाओं और बच्चों को बाहर निकालते दिखे। महिलाएं भगदड़ वाली जगह पर इधर-उधर बेसुध पड़ी दिखाई दीं। लोग महिलाओं को उनके हाथ-पैर पकड़कर खींचते दिखाई दिए।

इसी दौरान धक्का-मुक्की हुई और रेलिंग टूट गई, जिससे भगदड़ मच गई। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### कमर्शियल सिलेंडर 6.50 रुपए सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नवंबर की शुरुआत लोगों के लिए राहतभरी रही है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 1 नवंबर से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम घटा दिए हैं। 19 किलो वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर पहली नवंबर से 6.50 रुपए तक सस्ता हो गया है। कोलकाता में इसकी कीमत 6.50 रुपए घटकर 1694 रुपए हो गई है। पहले यह 1700.50 रुपए में मिल रहा था। चेन्नई में यह अब 4.50 रुपए सस्ता होकर 1750 रुपए में मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### अब बैंक खाते में 4 नॉमिनी जोड़ सकेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अब आप अपने बैंक अकाउंट में एक की जगह चार नॉमिनी जोड़ पाएंगे। नए नियम 1 नवंबर से लागू हो गए हैं। वित्त मंत्रालय ने 23 अक्टूबर को बताया कि इस बदलाव से बैंकिंग क्लेम और उत्तराधिकार की प्रोसेस आसान और पारदर्शी बनेगी। नॉमिनी को कभी भी बदला या रद्द किया जा सकेगा। नॉमिनी वह व्यक्ति होता है जिसे अकाउंट होल्डर नामित करता है, ताकि उसकी मृत्यु पर खाते की राशि या संपत्ति को बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के उसके हवाले किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में दूसरे राज्यों के पुराने वाहनों की एंट्री बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में खराब होती एयर क्वालिटी पर लगाम लगाने के लिए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने दूसरे राज्यों के बीएस-3 मानक वाले पुराने डीजल ट्रकों और माल ढोने वाले वाहनों की 1 नवंबर से दिल्ली में एंट्री पर रोक लगा दी है। हालांकि, बीएस-4 मानक वाले कमर्शियल गुड्स व्हीकल्स को 31 अक्तूबर, 2026 तक दिल्ली में एंट्री की परमिशन होगी। वहीं, रजिस्टर्ड कमर्शियल गुड्स व्हीकल्स के साथ सीएनजी व एलएनजी या इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की एंट्री पर कोई रोक नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- नादौन में खिलाड़ियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं पेज 2
- हिमाचल में पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू, मांगे प्रस्ताव -पेज 3
- कांगड़ा की वादियों में चिट्टे का जहर घोल रहे बाहरी तस्कर -पेज 5
- लोनिवि बंगाणा मंडल में ठेकेदार और अधिकारी के बीच झड़प -पेज 10
- सोलन नगर निगम के परिसीमन से बदलेंगे राजनीतिक समीकरण -पेज 12

# बद्दी में दवा उद्योग में लगी आग मशीनरी, कच्चा व तैयार माल राख

## दमकल विभाग ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत ठाना स्थित दवा बनाने वाले उद्योग नेप्चून फार्मा में शनिवार अचानक आग लग गई। उद्योग के दूसरे और तीसरे फ्लोर में मशीनरी, फाइल्स पेपर समेत, कच्चा व तैयार माल समेत अन्य सामान मौजूद था, जो आग की भेंट चढ़ गया। वहीं, सूचना मिलते ही दमकल विभाग बद्दी की टीम फायर अफसर हेमराज की अगुवाई में मौके पर पहुंची और 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि काबू पाने के लिए दमकल विभाग नालागढ़ से भी फायर टेंडर बुलाने पड़े। खबर लिखे जाने तक उद्योग सुलग रहा था और अभी तक नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका था। हालांकि घटना में लाखों के नुकसान की आशंका है। गनीमत यह रही के आग में कोई हताहत नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर बाद करीब 2.55 बजे दमकल विभाग बद्दी को सूचना मिली कि ठाना स्थित नेप्चून फार्मा के तीसरे फ्लोर पर अचानक तेज धमाका हुआ और आग लग गई है। देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया और दूसरा फ्लोर भी आग की जद में आ गया। दमकल विभाग बद्दी के फायर अफसर हेमराज और लीडिंग फायरमैन पवन की अगुवाई में दमकल विभाग की टीम ने 4 फायर टेंडरों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि 2 फायर टेंडर नालागढ़ दमकल विभाग के भी मौके पर पहुंचे और लगभग 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर अफसर हेमराज ने बताया के उद्योग अभी भी सुलग रहा है और देर शाम तक भी नुकसान का आकलन नहीं लगाया जा सका।

वहीं, एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के आग की सूचना मिलते ही बद्दी पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और दमकल विभाग का सहयोग किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बयान कलमबद्ध कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



बद्दी के ठाना में स्थित नेप्चून फार्मा दवा उद्योग में आग लगने से उठता धुआं।

**घटना में उद्योग का लाखों का नुकसान**

# केरल में अत्यधिक गरीबी खत्म, देश का पहला राज्य बना

## मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विधानसभा में की घोषणा, विपक्ष ने राज्य सरकार के दावे को फ्रॉड बताया

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शनिवार को विधानसभा में राज्य ने अत्यधिक गरीबी से मुक्त होने की औपचारिक घोषणा की। लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार का दावा है कि केरल ऐसा करने वाला भारत का पहला राज्य है। पिनाराई सरकार ने राज्य से अत्यधिक गरीबी हटाने के लिए 2021 में अत्यधिक गरीबी उन्मूलन परियोजना शुरू की थी। इसके तहत 64,006 परिवारों की पहचान की गई थी।

सरकार का दावा है कि 4 सालों के दौरान इन परिवारों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने पिनाराई सरकार के दावे को धोखाधड़ी करार दिया है। विपक्ष ने सरकार के विरोध में शनिवार को विशेष सत्र का बहिष्कार किया। जैसे ही विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हुआ, सभी विपक्षी विधायक सदन से बाहर चले गए। विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि नियम 300 के तहत मुख्यमंत्री का बयान गलत और सदन के नियमों के खिलाफ है। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि हम केवल वही कहते हैं, जो हम लागू कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अब 3 दिन में होगा जीएसटी रजिस्ट्रेशन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** छोटे और कम रिस्क वाले बिजनेस के लिए अब जीएसटी रजिस्ट्रेशन सिर्फ 3 कारोबारी दिन में होगा। केंद्र सरकार ने 1 नवंबर से छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए नई जीएसटी रजिस्ट्रेशन स्कीम शुरू की है। नई स्कीम का फायदा उन व्यापारियों को मिलेगा, जिनका मंथली जीएसटी 2.5 लाख रुपए से कम होता है। वहीं, केंद्र सरकार ने अक्तूबर में हुए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए हैं। अक्तूबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 1.96 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। सालाना आधार पर इसमें 4.6% की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी अक्तूबर, 2024 में सरकार ने 1.87 लाख करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्ट किया था। वहीं पिछले महीने अगस्त के मुकाबले सितंबर का कलेक्शन 3 हजार करोड़ रुपए बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना ( चरण- ( I )) जाइका ओडीऐ
खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई
शाहपुर स्थित गोरडा जिला काँगड़ा ( हि.प्र. )



श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, माननीय मुख्यमंत्री, हि.प्र. | प्रोफेसर चौधरी चंद्र कुमार, माननीय कृषि एवं पशु पालन मंत्री, हि.प्र. | श्री केवल सिंह पठानिया, उप मुख्य सचेतक हि.प्र. सरकार व विधायक शाहपुर, हि.प्र.

खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई, शाहपुर स्थित गौरडा जिला काँगड़ा में विकास के आयाम स्थापित :-

- जाइका परियोजना के अंतर्गत विधान सभा क्षेत्र शाहपुर में बहाव सिंचाई योजना त्रैम्बाल ओल्ला कुहल, सल्ली भलेड कुहल, त्रैम्बाला कुहल, नई कुहल, भेडी कुहल व अम्बोटी कुहल का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु, कृषि व पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार जी एवं उप-मुख्य सचेतक हि. प्र. सरकार व विधायक शाहपुर श्री केवल सिंह पठानिया जी के प्रयासों से किसानों के अद्भुत विकास के लिए आरम्भ कर दिए गए है जिसके ऊपर छः करोड़ पचहतर लाख की राशि व्यय की जा रही है।
- इस इकाई के अंतर्गत 17 उप-परियोजनाएं कार्यरत हैं, जिस से 717.77 हेक्टेयर भूमि को संचित किये जाने का लक्ष्य है।
- इन परियोजनाओं के माध्यम से 3408 किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे है।
- 2025-26 वर्ष के अंतर्गत सब्जी उत्पादन व फसल विविधिकरण के 584 डेमो प्रदर्शन किये गए है।
- कृषि उत्पादकता सुधारने के लिए किसानों को पॉवर वीडर, ब्रश कटर, चाफ़ कटर व ट्रेक्टर जैसी मशीनरी सब्सिडी के आधार पर दी जा रही है।
- स्वयं सहायता से आत्मनिर्भर किसान-प्राथमिकता ।

बहाव सिंचाई योजना त्रैम्बल ओल्ला कुहल के शिलान्यास अवसर पर सदर आमंत्रित
दिनांक :- 02 नवम्बर, 2025 स्थान :- डढम्ब समय :- प्रातः 10:00 बजे

अधिक जानकारी के लिए किसान अपने खण्ड परियोजना प्रबंधन ईकाई गोर्डा स्थित शाहपुर जिला काँगड़ा (हि.प्र) अधिकारियों से संपर्क करें

**गुड न्यूज** अब नहीं होगा पलायन, सीमांत हिमाचल बनेगा 'वाइब्रेंट', सरकार तैयार कर रही विशेष योजना

# तिब्बत सीमा से सटे राज्य के गांवों का होगा कायाकल्प

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की तिब्बत सीमा से सटे दुर्गम घाटियों के गांवों से अब पलायन नहीं होगा। प्रदेश सरकार इन इलाकों को आबाद, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की ठोस योजना पर काम कर रही है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने एक विस्तृत योजना तैयार कर ली है, जिसे शीघ्र ही केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इस योजना के तहत न केवल बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा की सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी इन्हीं इलाकों में पैदा किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में शिपकिला क्षेत्र में रात्रि प्रवास कर स्थानीय लोगों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से जाना था। उन्होंने कहा कि पूह, काजा और पिओ जैसे अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे ब्लॉकों में अभी भी कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, लेकिन अब ये क्षेत्र वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत विकास के नए मॉडल बनेंगे। सरकार इन इलाकों में कृषि, बागवानी, हस्तशिल्प, पर्यटन और सीमा पर्यटन (बॉर्डर टूरिज्म) को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। सीमा क्षेत्रों के गांवों के लोग लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य में कमी और सीमित रोजगार के कारण पलायन करने को मजबूर थे, लेकिन अब प्रदेश सरकार का लक्ष्य इन क्षेत्रों को सशक्त और जीवंत बनाना है।



**युवाओं को गांवों में ही मिलेगा रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं**

### सुविधाएं देने में न हो कोताही

**मुख्य** सचिव संजय गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीमांत क्षेत्रों के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और संचार की बेहतर सुविधाएं देने में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि पलायन की सबसे बड़ी वजह रोजगार और शिक्षा की कमी है, जिसे दूर करने के लिए युवाओं को स्थानीय स्तर पर अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रयास तेज किए जा रहे हैं। सरकार इन इलाकों को 'रोजगार एवं आत्मनिर्भरता हब' के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

### वाइब्रेंट विलेज?

**वाइब्रेंट** विलेज योजना के तहत सीमावर्ती गांवों में 4जी और 5जी मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं, ताकि संचार नेटवर्क मजबूत हो सके। बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय ग्राम सभाओं और पंचायतों को भी योजनाओं की रूपरेखा तय करने में सक्रिय भागीदारी दी जा रही है, ताकि विकास वहां की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप हो।

# हमीरपुर जिला में एक ही कंपनी के बीज के अलग-अलग दाम वसूल रहा कृषि विभाग

**नादौन में गेहूं का बीज सस्ता, हमीरपुर में मिल रहा महंगा**

अनंत ज्ञान, धनेटा

गेहूं के बीज की कीमत को लेकर हमीरपुर जिला के किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, नादौन ब्लॉक में इस बार गेहूं का फाउंडेशन सीड 1280 रुपए और सर्टिफाइड सीड 1200 रुपए प्रति 40 किलो की दर से बेचा गया, जबकि हमीरपुर ब्लॉक में यही बीज 1300 रुपए प्रति 40 किलो में किसानों को दिया जा रहा है। इसी तरह, पिछले साल भी जों का बीज नादौन में 37 रुपए प्रति किलो और हमीरपुर में 40 रुपए प्रति किलो बेचा गया था।

किसानों का कहना है कि एक ही कंपनी और एक ही किस्म का बीज होते हुए भी अलग-अलग रेट वसूलना कृषि विभाग की लापरवाही और मिलीभगत को दर्शाता है। जब इस संबंध में कृषि प्रसार अधिकारी अंकुश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नादौन में विभाग ने फाउंडेशन बीज 1280 रुपए और सर्टिफाइड बीज 1200 रुपए में उपलब्ध करवाया था। किसानों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी हमीरपुर ब्लॉक में मनमाने दामों पर बीज बेचकर किसानों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। वहीं किसानों का कहना है कि एक ही जिले में एक ही बीज के दाम अलग-अलग क्यों हैं क्या कृषि विभाग किसानों की मेहनत की कमाई से खिलवाड़ कर रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। इस बारे में कृषि विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक शशि पाल अत्री का कहना है कि हमीरपुर में किसानों को 40 किलो के बैग के साथ 600 ग्राम लहसुन का बीज दिया जा रहा है।

# दाड़ला खेल मैदान में खिलाड़ियों को देर रात तक खेलने की मिलेगी सुविधा

## आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने एलईडी लाइट का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने हिमाचल प्रवास के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से सुजानपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत दाड़ला खेल मैदान में एलईडी फ्लड लाइटों का उद्घाटन किया। खेल मैदान अब दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है, जिससे खिलाड़ियों को देर रात तक खेलने की सुविधा प्राप्त होगी। खेल ज्योति योजना के तहत दाड़ला खेल मैदान समेत संसदीय क्षेत्र के 14 मैदानों में लाइटें लग चुकी हैं, जिससे लगभग 1500 खिलाड़ियों को लाभ होगा।

अरुण धूमल ने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि युवा मोबाइल व अन्य गलत आदतों पर



खेल मैदान में लाइटों के उद्घाटन के दौरान बैडमिंटन मैचों का आयोजन किया गया।

समय व्यर्थ न करें और नशे व अवसाद से दूर रहें। युवाशक्ति भारत की राष्ट्रशक्ति है और इस शक्ति के सामने नशा बड़ी चुनौती है। सांसद अनुराग ठाकुर युवाओं को सही दिशा में ऊर्जा लगाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने पिछले वर्ष लगभग 200 इनडोर और आउटडोर जिम स्थापित किए हैं।

खेल मैदान में लाइटों के उद्घाटन के दौरान बैडमिंटन मैचों का आयोजन भी किया गया, जिसमें जूनियर और सीनियर टीमों के बॉयज व गर्ल्स ने भाग लिया। अरुण ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रोमेश पठानिया, नरेंद्र अत्री, प्रयास संस्था के संयोजक संजीव राजपूत, योगेंद्र राठोड़, स्थानीय पंचायत के प्रधान उपप्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों के विकास में अनुराग का योगदान

**उद्घाटन** अवसर पर अरुण धूमल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को पहले देर रात तक खेलने की सुविधा नहीं मिल पाती थी, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन में असुविधा होती थी। अनुराग ठाकुर के प्रयासों से यह संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम भी इसी दूरदर्शी सोच का उदाहरण है, जहां प्रदेश की बेटियां अब भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेल रही हैं। भविष्य में कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स और ओलंपिक में भी हमीरपुर के खिलाड़ी पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# कैंसर अस्पताल सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट भाजपा नेता कर रहे गुमराहः सुरेश कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

भोरंज से कांग्रेस विधायक एवं राज्य विकास चर्चा प्रभारी सुरेश कुमार ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने यहां जारी प्रेस बयान में कहा कि हमीरपुर के जोलसप्पड़ में बनने वाला कैंसर अस्पताल सुक्खू का ड्रीम प्रोजेक्ट है। भाजपा नेता इसे लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने बड़सर से भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के उस बयान को हास्यस्पद करार दिया है, जिसमें उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की ओर से कैंसर अस्पताल के लिए 300 करोड़ रुपये जारी करने की बात कही है।

विधायक ने कहा कि लखनपाल व राणा 300 करोड़ रुपए राज्य सरकार को मिलने के दस्तावेज सार्वजनिक करें, अन्यथा झूठ फैलाने के लिए जनता से माफी मांगें। चूंकि, प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैंसर अस्पताल के निर्माण के लिए 80 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। केंद्र सरकार से इस अस्पताल के लिए फूटी कौड़ी नहीं मिली है। स्वास्थ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री जी की दूरदर्शी सोच से अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। अटल सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल चमियाना और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी शुरू हो चुकी है। आईजीएमसी शिमला, नेरचौक व अन्य मेडिकल कॉलेज में भी यह सुविधा शुरू करने की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र पर प्रदेश सरकार 3000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जिसमें केंद्र सरकार का कोई योगदान नहीं है। स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र का पूर्व भाजपा सरकार ने बेड़ा गर्क कर दिया था, अब मुख्यमंत्री उल्लेखनीय कार्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कर रहे हैं, तो भाजपा नेताओं की नींद हराम हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर का विकास कांग्रेस की देन है। वर्तमान सरकार में भी अभूतपूर्व विकास हो रहा है, जिससे भाजपा नेता हताश व निराश हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### घुमारवी गांव में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज थाना क्षेत्र के तहत ग्राम घुमारवी में मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 अक्तूबर की रात लगभग 10:45 बजे सपना देवी पत्नी मनोहर चंद निवासी घुमारवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि उसके देवर मनोहर लाल पुत्र सुंका राम ने शराब के नशे में आकर घर पर गाली-गलौज की तथा उसके पुत्र गौरव शर्मा से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।मामले की पुष्टि भोरंज थाना प्रभारी (एसएचओ) प्रशांत ठाकुर ने की है।

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने अनुज शर्मा



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर जिला के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुरियाह निवासी अनुज शर्मा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुए हैं। उनके पिता मदन लाल शर्मा भाजपा मंडल बड़सर के वृथ अध्यक्ष हैं। अनुज की इस उपलब्धि के लिए सांसद एवं पूर्व केंद्रीय युवा खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल संजीव कुमार शर्मा मंडल अध्यक्ष बड़सर ने इस उपलब्धि के लिए जांबाज सपूत को शुभकामनाएं दी हैं। सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर मंडल भाजपा के सभी पदाधिकारी ने बधाई संदेश दिया है।

### पंचायतीराज चुनावों पर सरकार कर रही गुमराह

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** भाजपा बड़सर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पंचायतीराज चुनावों के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है। भाजपा नेता सोमदत्त सोमी ने कहा कि यदि सरकार तय समय पर चुनाव करवाने की इच्छुक है तो अब तक पंचायतों का आरक्षण रोस्टर जारी क्यों नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से 90 दिन पहले रोस्टर जारी किया जाना अनिवार्य है, ताकि जनता व अभ्यर्थियों को आपत्तियां दर्ज करवाने का अवसर मिले। सरकार की इस देरी से उसकी लापरवाही और असमंजस उजागर होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है। भाजपा ने मांग की है कि आरक्षण रोस्टर शीघ्र जारी कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जाए।

### अविलंब दायर की जाए टीईटी रिव्यू याचिका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा सुप्रीम कोर्ट में टीईटी रिव्यू याचिका दायर करने के निर्णय का स्वागत किया है। संघ ने कहा कि यह कदम शिक्षकों के हित में अत्यंत सकारात्मक और आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को टीईटी अनिवार्यता पर निर्णय दिए जाने के बाद लिमिटेशन एक्ट के तहत एक माह के भीतर रिव्यू याचिका दायर की जानी चाहिए थी, परंतु यह अब तक नहीं की गई। संघ ने आग्रह किया है कि देरी में माफी की अर्जी के साथ रिव्यू याचिका अविलंब दायर की जाए ताकि वर्ष 2010 से पूर्व भर्ती शिक्षकों के हित सुरक्षित रह सकें। संघ के महासचिव विजय हीर ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय को याचिका भेजी थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसे प्रदेश शिक्षा सचिव को भेजा था। शिक्षा मंत्री ने अब इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है।

### प्रधान ने खेलों के लिए प्रेरित किए युवा

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** सरेड़ी पंचायत में शनिवार को पंचायत प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को खेलों के सामान के लिए 5100 रुपए अपने तरफ से प्रदान किए ताकि वे खेलों की ओर रुझान बढ़ाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। पंचायत प्रधान ने युवाओं से कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने पंचायत और समाज के लोगों से भी अपील की कि वे युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों में शामिल करने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में सहयोग करें। इस कदम को पंचायत और युवाओं के लिए प्रेरक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सैनिक प्राइमरी स्कूल सुजानपुर में शनिवार को वार्षिक पारितोषक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में कैप्टन रंजीत सिंह राणा, मीना रानी, ग्रुप कैप्टन रचना जोशी, कमांडर अक्षय कुमार साहू और लेफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल के बच्चों ने हिंदी, राजस्थानी और देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों को बधाई दी और बच्चों की बहुआयामी प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पारितोषक और सम्मान प्रदान किए गए।

### गौतम कॉलेज की महिला कबड्डी टीम सेकेंड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक अंतर-कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज की महिला कबड्डी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम ने सधे हुए खेल कौशल, आत्मविश्वास और समन्वय के बल पर प्रतियोगिता में अपनी ताकत दिखाई। फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार संघर्ष और खेल भावना का परिचय दिया, जिससे दर्शक और निर्णायक प्रभावित हुए। इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने पूरी टीम और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी और उन्हें आगे सभी संसाधन व प्रोत्साहन देने का आश्वासन दिया।

### एम्स के लिए महिला गार्ड भर्ती 10 नवंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम हमीरपुर 10 नवंबर को सुबह 10 बजे हमीरपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के लिए महिला सुरक्षा गार्ड के पदों हेतु आउटसोर्स आधार पर भर्ती करेगी। निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कर्नल पीएस अत्री ने बताया कि वीर नारियां, भूतपूर्व सैनिकों या सेवारत सैनिकों की मैट्रिक पास पत्नियां और बेटियां इन पदों के लिए पात्र हैं। इनकी आयु एक जनवरी 2026 को 45 वर्ष से कम होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को ईपीएफ सहित कुल 24 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा।

### 300 करोड़ की सौगात पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हमीरपुर में कैंसर संस्थान खोलने की घोषणा की जिसपर करीब 300 करोड़ रूपए खर्च होंगे। हमीरपुर जिला को दी गई इस सौगात के लिए भाजयुमो जिला अध्यक्ष शुभम पठानिया व मीडिया प्रभारी अखिल ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आए दिन केंद्र सरकार पर सहयोग न करने का आरोप लगा रही है जबकि इस घोषणा से यह साबित हो गया है कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश पर पूरी तरह से मेहरबान है। इससे पहले भी हमीरपुर को शिशु अस्पताल अपग्रेडेशन की सौगात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री दी जा चुकी है।

## वाहन टक्कर से पुलिस के सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर 2 स्थित सिद्धू चैक पर पुलिस द्वारा स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरे गत रात्रि वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पुलिस ने इन कैमरों को सुरक्षा और निगरानी के उद्देश्य से मुख्य सड़क के पास प्राथमिक पाठशाला की दीवार पर लगाया था। गौर रहे कि सिद्धू चैक सुजानपुर का अत्यंत व्यस्त क्षेत्र है, जहां से विभिन्न दिशाओं में मुख्य सड़कों पर वाहनों का निरंतर आवागमन होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सड़क के साथ पोल पर सीसीटीवी कैमरा लगाया था, जबकि इसका कनेक्शन प्राथमिक विद्यालय की दीवार पर स्थापित दूसरे कैमरे से जोड़ा गया था, ताकि हर दिशा से आने-जाने वाले वाहनों और व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार देर रात किसी वाहन ने कैमरे के पोल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पोल टूटकर सड़क पर गिर गया। टक्कर के प्रभाव से विद्यालय की दीवार पर लगा दूसरा कैमरा भी तार टूटने के कारण नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि ये दोनों कैमरे फुल एचडी क्वालिटी के थे। थाना सुजानपुर के प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल को मौके गई और क्षतिग्रस्त कैमरों को सुरक्षित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वाहन का पता लगा लिया गया है उसे हर्जाना भरने को कहा गया है। नहीं तो पुलिस करवाई करेगी। पुलिस विभाग ने आश्वस्त किया है कि क्षतिग्रस्त कैमरों की मरम्मत अथवा पुन:स्थापना शीघ्र की जाएगी।

## त्रिशा कॉलेज में डीएलएड शैक्षणिक सत्र शुरू



त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनके शर्मा के मार्गदर्शन में नए डीएलएड शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में नए डीएलएड शैक्षणिक सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में डीएलएड विभाग की एचओडी सरिता वर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापकों का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज के विभिन्न विषयों तथा गतिविधियों से अवगत करवाया। कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने इस अवसर पर संविधान और उसकी प्रस्तावना पर प्रशिक्षु अध्यापकों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान किसी देश का सर्वोच्च कानून है, जो सरकार की संरचना, शक्तियों और कर्तव्यों को निर्धारित करता है और नागरिकों के अधिकारों तथा कर्तव्यों को सुनिश्चित करता है। शर्मा ने संविधान के ऐतिहासिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला कि भारत का संविधान 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ। यह देश को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाता है।

उन्होंने बताया कि मूल संविधान दस्तावेज 251 पृष्ठों का था, जिसे प्रेम बिहारी नारायण रायजादा द्वारा लिखा गया। वर्तमान में इसमें समय के अनुसार संशोधन होते हुए 25 भाग, 448 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां शामिल हैं। भारतीय संविधान के निर्माण में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, रूस, फ्रांस, जापान और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के संविधानों से प्रेरणा ली गई। कार्यक्रम में कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. पूनम भारद्वाज, स्टाफ सदस्य और बीएड तथा डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लगी करियर काउंसलिंग

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में मान चंडीगढ़ आइएएस अकादमी के सहयोग से यूपीएससी, एसएससी और स्टेट सर्विसेज सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र सैनी ने लगभग 100 विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, उत्तर लेखन अभ्यास और विश्वसनीय संसाधनों के चयन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार गौतम ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास सफलता की कुंजी हैं। कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल के संयोजक रवि कांत गर्ग ने बताया कि कॉलेज ग्रामीण युवाओं को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। उप प्राचार्य प्रो. कल्पना चड्ढा एवं अन्य प्रोफेसर्स और स्टाफ सदस्यों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## मांगों को पूरा करने के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हिमाचल प्रदेश प्राथमिक कृषि सहकारी सभाएं कर्मचारी संगठन की राज्य स्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा की अध्यक्षता में ओबीसी भवन नगरोटा बगवां में सम्पन्न हुई। जिसमें सहकारी सभाओं की विभिन्न मांगों को पूरा करने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया। उपस्थित सदस्यों ने भी इनका आभार व्यक्त किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई व सभाओं को आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में महामंत्री रजनीश गुलेरिया, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, कांगड़ा जिला अध्यक्ष राजिंदर जमवाल राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेंदर ठाकुर, विपिन कुमार सहित अनेक सहकार बंधु उपस्थित रहे।

## सरकार के कोर्ट जाने के फैसले का स्वागत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 2010 से पूर्व कार्यरत बिना टेट पास शिक्षकों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के निर्णय का हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद, जिला हमीरपुर ने स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष आचार्य नरेश मलोटिया ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का इस न्यायसंगत निर्णय के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 सितंबर को बिना टेट पास शिक्षकों को सेवानिवृत्त करने के आदेश के बाद शिक्षकों में असमंजस उत्पन्न हुआ था। इस निर्णय से शिक्षकों को राहत और आशा मिली है। परिषद की बैठक में पूर्व महासचिव डॉ. अमित कुमार शर्मा, जिला महासचिव स्वामी लाल, खंड अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सातवीं कक्षा के छात्र प्रथम



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाबा बालकनाथ मॉडल स्कूल चकमोह में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विंग मिडिल विंग तथा हाई विंग के समस्त बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 7वीं के बच्चों ने, द्वितीय स्थान कक्षा 8वीं बच्चों ने ,तृतीय स्थान 5वीं के बच्चों ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में करतार ठाकुर टीजीटी साइंस ने बच्चों से विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन लिए लता कुमारी टीजीटी साइंस ने उनका सहयोग दिया। मुख्याध्यापक राजेंद्र सिंह ने समस्त बच्चों तथा अध्यापकों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। भविष्य में विज्ञान संबंधित प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सरकारी स्कूलों में शुरू होगा जीरो पीरियड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के तहत लर्निंग एनहांसमेंट प्रोग्राम (एलईपी 2.0) का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित इस 6 बैच प्रशिक्षण में 336 शिक्षकों ने भाग लिया। समापन समारोह में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि एलईपी 2.0 विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने 1 नवंबर से सभी सरकारी स्कूलों में सुबह 9 से 9.45 बजे तक 'जीरो पीरियड' शुरू करने की घोषणा की, जिसमें गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और हिंदी पर केंद्रित शिक्षण सत्र होंगे। शिक्षकों ने कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

# बेटियों के सशक्तिकरण के संकल्प के साथ टौणी देवी स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से बेटियों के सशक्तिकरण की भावना को विकसित करना रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी मंजीत चौहान ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत बताते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा और बेटियों का सशक्त योगदान ही भारत का भविष्य स्वर्णिम बनाएगा। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए 5100 रुपए की प्रेरणादायक धनराशि भी भेंट की।




टौणी देवी स्कूल में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों ने लैंगिक समानता, शिक्षा का महत्व और सामाजिक कुरीतियों के विरोध का सशक्त संदेश दिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान, पौधारोपण, जल स्रोतों की सफाई, सड़क सुरक्षा, नशा उन्मूलन और वित्तीय साक्षरता पर जनजागरण अभियान चलाए। छात्राओं के लिए आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र ने उनके आत्मविश्वास और स्वावलंबन को नई दिशा दी।

प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व गुणों का विकास करते हैं। कार्यक्रम अधिकारियों विजय कुमार और रीता बाली ने शिविर को युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने वाला मंच बताया। अंत में सोनिका और खुशी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह शिविर जीवन मूल्यों और समाज सेवा की प्रेरणा का अनमोल अवसर रहा। यह आयोजन बेटियों के सशक्तिकरण और समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बनकर यादगार बना।

## पूर्व सैनिकों की भर्ती के लिए निगम ने जारी किया जिलावार शेड्यूल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर ने विभिन्न परियोजनाओं में आउटसोर्स आधार पर भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती के लिए जिलेवार शेड्यूल जारी किया है। जेसीओ रैंक और अन्य रैंक के पूर्व सैनिकों के लिए अलग-अलग तिथियों पर भर्ती आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों की आयु 1 जनवरी 2026 को 54 और 55 वर्ष से कम होनी चाहिए। भर्ती में केवल पंजीकृत उम्मीदवार ही शामिल हो सकते हैं और मूल डिस्चार्ज बुक की स्वप्रमाणित प्रतियां साथ लाना अनिवार्य है। 26 नवंबर को हमीरपुर और ऊना के जेसीओ भर्ती के साथ प्रक्रिया शुरू होगी। 27 से 29 नवंबर तक कांगड़ा, चंबा, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पिति, किन्नौर, शिमला, बिलासपुर, सोलन और सिरमौर के पूर्व जेसीओ भर्ती होंगे। अन्य रैंकों के लिए 18 से 25 नवंबर के बीच जिलेवार भर्ती आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी निगम के दूरभाष नंबर पर उपलब्ध है।

## करियर प्वाइंट विवि में प्लेसमेंट सत्र की शुरुआत 4 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, में विद्यार्थियों के बेहतर करियर निर्माण हेतु प्लेसमेंट ड्राइव शुरू हो चुके हैं तथा बच्चों की तैयारी के लिए मॉक इंटरव्यू सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। मॉक इंटरव्यू करवाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि इससे बच्चों को कंपनी में इंटरव्यू देना आसान होगा। इन मॉक इंटरव्यू के दौरान कंपनी के विशेषज्ञ विवि आए हुए हैं, जो विद्यार्थियों के टेक्निकल तथा कम्युनिकेशन स्किल पर सेशन ले रहे हैं, जो छात्रों को वास्तविक इंटरव्यू का अनुभव प्रदान करेंगे। विवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से यह सत्र आयोजित किए जा रहे है। यह प्लेसमेंट सत्र नवंबर 2025 से शुरू होकर मार्च 2026 तक चलता रहेगा, जिसमें विभिन्न कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आएंगी। डीन ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्लेसमेंट गुलशन संधू ने बताया कि 4 नवंबर से सीएसई, फार्मेसी, बीसीए व एमबीए के विद्यार्थियों के लिए सेंसेशन, ट्यूनिक लैब, कैपजेमिनी, एल्केम लैबोरेट्रीज जैसी कंपनियां विश्वविद्यालय में भर्ती प्रक्रिया आयोजित करने जा रही है, जिसमें एमसीए, एमबीए, फार्मेसी और बी.टेक के विद्यार्थी भाग लेंगे।

**टूर्नामेंट** सीएम के राजनीतिक सलाहकार ने किया राज्यस्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स स्पर्धा का शुभारंभ

# नादौन में खिलाड़ियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** लड़के और लड़कियों की 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता शनिवार को अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों के मार्च पास्ट की सलामी ली।

इस अवसर पर आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए कई सराहनीय निर्णय लिए हैं। प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए डाइट मनी और पुरस्कार राशि में रिकॉर्ड वृद्धि की गई है और इनके लिए बेहतरीन सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है। नादौन में लगभग 110 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का



राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि सुनील शर्मा बिटटू।

निर्माण किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय की सुविधाएं मिलेंगी और वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। हाल ही में अंतरराट्रीय प्रतियोगिता में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली जिला हमीरपुर की धाविका मनीषा की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने सभी प्रतिभागियों को इनसे प्रेरणा लेते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है और जब एक खिलाड़ी सफल होता है तो पूरा देश सफल होता है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत की युवा शक्ति को एक नई पहचान दी थी और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी उसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे किसी भी क्षेत्र में सुधार के लिए अपने सुझाव प्रदेश सरकार के साथ अवश्य साझा करें। इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता धाविका मनीषा और उनके परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए हिम अकादमी स्कूल के प्रबंधक पंकज लखनपाल को भी सम्मानित किया गया।

इससे पहले, उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान और एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उदघाटन समारोह में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती, विभिन्न बोर्डों-निगमों के बीओडी मैंबर, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य और टीम प्रभारी भी उपस्थित थे।

### 1500 मीटर दौड़ में आर्यन और सविता ने झटका स्वर्ण

**प्रतियोगिता** की पहली स्पर्धा 1500 मीटर दौड़ में हमीरपुर के आर्यन ने स्वर्ण, कांगड़ा के अमित पटियाल ने रजत और बिलासपुर के सूर्यांश शर्मा ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों के वर्ग में बिलासपुर की सविता को स्वर्ण, इसी जिला की वंशिका को रजत और हमीरपुर की मन्नत को कांस्य पदक मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में रिहायशी कॉलोनी में घुसा तेंदुआ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के संजौली स्थित चलौंठी क्षेत्र में शुक्रवार सांय एक तेंदुआ रिहायशी कॉलोनी में घुस गया। तेंदुआ एक निर्माणाधीन मकान से सड़क की ओर भागते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। ठीक उसी वक्त एक स्कूटी सवार वहां से गुजरा, लेकिन सौभाग्य से तेंदुए ने उसे नुकसान नहीं पहुंचाया। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत फैल गई। स्थानीय पार्षद ममता चंदेल ने बताया कि तीन दिन पहले भी यहीं तेंदुआ 15 वर्षीय बच्चे पर हमला कर चुका है, जो बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेंदुआ पिछले तीन-चार दिनों से लगातार अलग-अलग स्थानों पर नजर आ रहा है। उन्होंने वन विभाग से कई जगह पिंजरा लगाने की मांग की है।

### शिमला में बाइक स्टंट का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक बाइक और स्कूटी को बेहद लापरवाही और तेज रफ्तार में चला रहा है। यह वीडियो शिमला शहर के संजौली, ढली और मल्याणा-शानन एनएच-05 के विभिन्न स्थानों पर शूट किया गया बताया जा रहा है। इस तरह की हरकत से न केवल सवार बल्कि राहगीरों की जान को भी खतरा पैदा हुआ। शिमला पुलिस ने इस वीडियो को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि वीडियो कुछ दिन पहले फिल्माया गया था और इसकी सामग्री के आधार पर संजौली थाना में एफआईआर नंबर 18/2025 धारा 281 व 125 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### धाली स्कूल में राजनीतिक समारोह पर भड़की भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय उच्च विद्यालय धाली में आयोजित एक राजनीतिक समारोह को लेकर कुसुम्पटी भाजपा ने कड़ा विरोध जताया है और इस पर उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। भाजपा पदाधिकारी एवं सक्षम गुड़िया बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष रूपा शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र भोटका, देवराज कश्यप, शशांक अत्री, कमल ठाकुर, भूपेंद्र कंवर और पवन शर्मा ने संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक गतिविधियों पर हाईकोर्ट द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की खुलेआम अवहेलना की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के एक काबीना मंत्री और कसुम्पटी के विधायक ने 30 अक्तूबर को विद्यालय परिसर में जनसभा आयोजित कर सत्ता के नशे में न्यायालय के आदेशों को दरकिनार किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह समारोह विद्यालय का अपना कोई कार्यक्रम नहीं था, बल्कि बच्चों को जबरन सभा स्थल में बैठाकर राजनीतिक भाषण सुनवाए गए, जिससे दोपहर बाद तक उनकी पढ़ाई पूरी तरह बाधित रही। उन्होंने इसे सत्ता के दुरुपयोग की पराकाष्ठा करार दिया। उधर, स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश वर्मा ने स्वीकार किया कि इस कार्यक्रम के लिए हाईकोर्ट से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। उनका कहना है कि विद्यालय प्रबंधन समिति स्कूल को अपग्रेड करवाने की मांग कर रही थी, इसी उद्देश्य से मंत्री को आमंत्रित किया गया था।



रूपा शर्मा और जितेंद्र भोटका।

### चोरी की ज्वेलरी खरीदने वाला सुनार दबोचा

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर में हुई ज्वेलरी चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूहरी से एक सुनार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई सोने की अंगूठी भी बरामद कर ली है। यह कार्रवाई रामपुर पुलिस ने 48 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद की। घटना 27 अक्तूबर को महावीर मोहल्ला स्थित संजय ज्वेलर्स में हुई थी, जहां से 12.5 ग्राम वजन की सोने की अंगूठी चोरी हुई थी, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 78 हजार रुपए आंकी गई थी। पुलिस जांच के दौरान चोरी के आरोपी दिनेश कुमार (42) निवासी ब्रेलंगी, जिला किन्नौर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने चोरी की अंगूठी लूहरी में एक सुनार को बेच दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने अंगूठी खरीदने वाले सुनार लाल साहिब कुमार (25) निवासी बिहार को भी गिरफ्तार कर लिया और उसकी दुकान में वैष्णो ज्वेलर्स से अंगूठी बरामद की। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई जारी है।

### निबंध लेखन में सृष्टि, चित्रकला में सानिया प्रथम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठियोग में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसके पश्चात प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा सहित सभी अध्यापकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय की एनएसएस इकाई के सौजन्य से नारा लेखन, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और कविता वाचन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध लेखन में सृष्टि प्रथम, गुंजन द्वितीय और सुहानी तृतीय रही, जबकि चित्रकला में सानिया, अवंतिका और अंकित व ज्योति क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। नारा लेखन प्रतियोगिता में नीतांशु ने प्रथम, पलक ने द्वितीय और अंबिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य शर्मा ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के योगदानों को याद करते हुए विद्यार्थियों से देश सेवा और राष्ट्र निर्माण में समर्पण की भावना रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी विजयलक्ष्मी शर्मा सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# हिमाचल में पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया फिर शुरू, मांगे प्रस्ताव

## सभी डीसी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर दिया है। कैबिनेट के हालिया फैसले के बाद पंचायतीराज विभाग ने सभी उपायुक्तों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने जिलों से प्राप्त पुनर्गठन प्रस्तावों की समीक्षा कर उन्हें 15 दिनों के भीतर विभाग को भेजें। इस दिशा में विभाग ने शनिवार को सभी डीसी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि राज्य स्तर पर आगे की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।



विभाग द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि जुलाई से सितंबर 2025 के बीच आई प्राकृतिक आपदा के कारण उपायुक्त राहत और पुनर्वास कार्यों में व्यस्त रहे, जिस वजह से पंचायतों के पुनर्गठन से संबंधित कई प्रस्तावों पर विचार नहीं हो पाया था। अब राहत कार्य लगभग पूरे होने के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है कि लंबित प्रस्तावों को पुनः प्राथमिकता के साथ निपटाया जाए।

पंचायतीराज विभाग ने पिछले वर्ष ही पंचायतों से पुनर्गठन से संबंधित प्रस्ताव आमंत्रित किए थे। कई पंचायतों के प्रस्तावों पर कार्रवाई करते हुए सीमांकन की प्रक्रिया भी पूरी की गई थी। ऐसे क्षेत्रों में, जहां पंचायत का कुछ भाग एक विधानसभा क्षेत्र में और शेष भाग दूसरे में आता था, वहां संशोधन करते हुए सीमाओं को एक ही विधानसभा क्षेत्र में समायोजित किया गया था।

### राज्य सरकार समयबद्ध चाहती है प्रक्रिया

**सरकार** का कहना है कि पंचायतों के पुनर्गठन से स्थानीय प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी उपायुक्त प्रस्तावों की गहन समीक्षा कर 15 दिनों में रिपोर्ट भेजें ताकि राज्य स्तर पर निर्णय लेकर आगामी पंचायत चुनावों की प्रक्रिया प्रभावित न हो।

### चुनाव आयोग को भी भेजी गई सूचना

**इस** संबंध में राज्य चुनाव आयोग, सामान्य प्रशासन विभाग और जिला पंचायत अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है। विभाग का कहना है कि समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई से पंचायत प्रणाली और अधिक प्रभावशाली और सुव्यवस्थित रूप में उभर सकेगी।

# कोटखाई में स्वास्थ्य सेवाओं को किया जाएगा और सुदृढ़ : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



कोटखाई पहुंचने पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का स्वागत करते लोग।

मुख्यमंत्री आदर्श स्वास्थ्य संस्थान कोटखाई के सभागार में शनिवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, बजट, आय-व्यय और आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोटखाई का यह स्वास्थ्य संस्थान क्षेत्र के लोगों की सेहत का भरोसा बन चुका है और सरकार इसे और सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय आनंद, डॉक्टर सुनीश चौहान और रोगी कल्याण समिति के सदस्य सचिव डॉक्टर अमर चंद ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट और आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। बताया गया कि वर्ष 2024-25 में समिति को 24 लाख 77 हजार 13 रुपए की आय हुई, जबकि 2025-26 के लिए 25 लाख 29 हजार 550 रुपए का बजट पारित किया गया है। यह राशि अस्पताल में सुविधाओं को और बेहतर करने, उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने और रोगियों के उपचार से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में उपयोग की जा रही है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श स्वास्थ्य संस्थान कोटखाई इस क्षेत्र का प्रमुख चिकित्सा केंद्र है जहां विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे स्थानीय नागरिकों को बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सुविधाओं को उन्नत करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। समिति के सदस्यों को निर्देश दिए गए कि उपलब्ध धनराशि का प्रयोग संतुलित और पारदर्शी ढंग से किया जाए, ताकि हर खर्च मरीजों की सुविधा के लिए हो। उन्होंने दंत चिकित्सा विभाग के लिए करीब तीन लाख रुपए की एक्स-रे मशीन की खरीद को भी स्वीकृति दी।

उन्होंने कहा कि आगामी सर्दी के मौसम को देखते हुए अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं। बिजली हीटर, कंबल और गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। बैठक में एसडीएम कोटखाई गुरमीत नेगी, तहसीलदार ललित कुमार, नगर पंचायत कोटखाई की चेयरपर्सन अंजलि चौहान, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि और अस्पताल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लोअर बाजार में नगर निगम ने अवैध तहबाजारियों को हटाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर निगम शिमला ने शनिवार सुबह शहर के लोअर बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। निगम की टीम ने सुबह-सुबह अचानक पहुंचकर अवैध रूप से सड़क किनारे बैठे तहबाजारियों को हटाया और कब्जा की गई जगह को खाली करवाया। इस दौरान निगम कर्मचारियों ने उन दुकानदारों के बोर्ड भी हटाए, जो अपनी दुकान की सीमाओं से बाहर तक लगाए गए थे। हटाए गए बोर्डों और सामग्री को निगम की गाड़ी में भरकर ले जाया गया।

नगर निगम की यह कार्रवाई लोअर बाजार के साथ-साथ मॉल रोड क्षेत्र में भी जारी रही। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिमला शहर की सड़कों और बाजारों को व्यवस्थित रखने के लिए यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाएगी ताकि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था बनी रहे। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि अतिक्रमण से राहगीरों को भारी परेशानी होती है। वहीं कुछ तहबाजारियों ने निगम की कार्रवाई पर आपत्ति जताई और वैकल्पिक स्थान देने की मांग की। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस विषय पर उचित समाधान खोजा जा रहा है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रामपुर में पहाड़ी दिवस पर लोककला की धूम

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**



राज्य स्तरीय पहाड़ी दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक नंद लाल।

भाषा एवं संस्कृति विभाग श द्वारा राज्य स्तरीय पहाड़ी दिवस का भव्य आयोजन गोविंद वल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय, रामपुर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं रामपुर के विधायक नंद लाल ने की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहाड़ी दिवस की यह परंपरा एक नवंबर 1966 की ऐतिहासिक तिथि को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, जब पंजाब पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर और लाहौल-स्पीति के क्षेत्र हिमाचल प्रदेश में सम्मिलित किए गए थे।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में राजकीय महाविद्यालय रामपुर के छात्र-छात्राओं ने बुशहरी नाटी की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात डॉ. विजय कुमार स्टोक्स ने 'हिमाचल की लुप्त होती सांस्कृतिक विरासत' विषय पर विचार रखे, जिसमें उन्होंने क्षेत्रीय बोलियों, लोक संगीत, लोक नृत्य और पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर प्रकाश डाला। इस सत्र की अध्यक्षता प्रसिद्ध लोक संस्कृति शोधकर्ता डॉ. सूरत ठाकुर ने की।

द्वितीय सत्र में कुल्लवी नाटी के साथ पहाड़ी कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेशभर से आए कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से हिमाचली संस्कृति और पहाड़ की संवेदनाओं को अभिव्यक्त किया। इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शक्ति चंद्र राणा ने की। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल कला संस्कृति अकादमी द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी और राज्य अभिलेखागार विभाग द्वारा दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मंच संचालन क्रमशः श्रीमती कुसुम संघाइक और श्री मदन हिमाचली ने किया, जबकि कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी सुरेश राणा, मोहन ठाकुर और सुनीला ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## शिमला में एचआरटीसी की बड़ी बसों की एंट्री पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अब 40 किलोमीटर से अधिक दूरी से चलने वाली एचआरटीसी की बसें पुराने बस अड्डे तक नहीं आएंगी। एचआरटीसी प्रबंधन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं और 18 रूटों की बसों को सीधे टूटीकंडी स्थित आईएसबीटी भेजा जाएगा। उपायुक्त शिमला की अधिसूचना के बाद यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी।

शहर में लंबे रूटों की बड़ी बसों की एंट्री को लेकर निजी बस चालक-परिचालक संघ लंबे समय से विरोध कर रहा था। उनका कहना था कि इन बसों की वजह से शहर में बार-बार जाम की स्थिति बनती है और आम जनता को परेशानी होती है। 12 अक्तूबर को परिवहन निदेशालय में इस मुद्दे पर बैठक हुई थी, जिसके बाद आरटीओ शिमला ने दिशा-निर्देश जारी किए थे। अब एचआरटीसी की लंबी दूरी की बसें केवल आईएसबीटी से ही सवारियां उठाएंगी, जबकि शहर के अंदरुनी इलाकों के लिए स्थानीय रूट पहले की तरह संचालित रहेंगे।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में चंपा देवी प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारत संचार निगम लिमिटेड हिमाचल प्रदेश दूरसंचार परिमंडल में शनिवार सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष का थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी रहा। इस अवसर पर मुख्यालय कार्यालय शिमला में साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ अभियंता (डीटीएमएस) शैलेश श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के महत्व और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतर्कता अधिकारी सुरेश कुमार नरेश ने की। इस दौरान 23 अक्टूबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता और 24 अक्तूबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में चंपा देवी ने प्रथम, अजय कुमार ने द्वितीय और रविंद्र पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रचना नरवर प्रथम, अंजना शर्मा द्वितीय और अर्पणा शर्मा तृतीय रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## अंडर-14 ताइक्वांडो स्पर्धा में अर्नव सैनी ने जीता कांस्य पदक



राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने के बाद टीम के साथ अर्नव सैनी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नागालैंड के दीमापुर में संपन्न हुई 69वीं राष्ट्रीय अंडर-14 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अर्नव सैनी ने 25 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। यह पहला अवसर है जब हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स संघ ने राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लिया। अर्नव ने पहले राउंड में पंजाब, दूसरे में भोपाल और तीसरे निर्णायक राउंड में नागालैंड के खिलाड़ी को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में हिमाचल की दस सदस्यीय टीम ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व जुन्गा क्षेत्र के शारीरिक शिक्षक सुखदेव राणा ने किया। उन्होंने बताया कि पहली बार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए इतिहास रचा है। राणा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, खेल संघ और शिक्षा निदेशक आशीष कोहली का सहयोग के लिए आभार जताया।

उन्होंने बताया कि उन्हें 'मिशन चीफ' नियुक्त किया गया था, जबकि योगराज मुख्य कोच और प्रेम चंद्र शर्मा टीम प्रबंधक रहे। सरकार की ओर से टीम को हवाई यात्रा की सुविधा भी प्रदान की गई, जिससे बच्चों को राष्ट्रीय स्तर का अमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ।

## नाथपा झाकड़ी ने अक्तूबर में बिजली उत्पादन में बनाया नया रिकॉर्ड

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** एसजेवीएन के 1500 मेगावॉट नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन ने ऊर्जा उत्पादन में एक और स्वर्णिम उपलब्धि हासिल की है। भारत की सबसे बड़ी भूमिगत जल विद्युत परियोजना ने अक्तूबर 2025 में 566.418 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर अपने इतिहास में अक्तूबर माह का दूसरा सर्वाधिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। इससे पूर्व यह उपलब्धि वर्ष 2020-21 में 559.484 मिलियन यूनिट थी। हालांकि, अक्तूबर माह में अब तक का सर्वोच्च उत्पादन 660.778 मिलियन यूनिट वर्ष 2010-11 में दर्ज किया गया था।

परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने इस उपलब्धि का श्रेय एसजेवीएन प्रबंधन के मार्गदर्शन और परियोजना कर्मियों की कड़ी मेहनत, समर्पण तथा तकनीकी दक्षता को दिया। उन्होंने कहा कि संचालन एवं अनुरक्षण इकाई तथा नाथपा बांध प्रबंधन दल की सतर्कता और टीम भावना से ही यह सफलता संभव हो सकी है। एसजेवीएन प्रबंधन ने भी परियोजना प्रमुख और समस्त एनजेएचपीएस टीम को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन, कार्यनिष्ठा और टीम भावना की सराहना की है। यह उपलब्धि राष्ट्र के ऊर्जा-स्वावलंबन के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## सीएम सुक्खू ने किया आर्थिक एवं सांख्यिकीय प्रकाशनों का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को यहां हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की दो प्रमुख पुस्तकों हिमाचल प्रदेश सांख्यिकीय सार 2024-25: डेटा विजुअलाइजेशन और सांख्यिकीय वर्ष पुस्तक 2024-25 का विमोचन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वसनीय, पारदर्शी और समयबद्ध डेटा किसी भी राज्य के विकास की आधारशिला होता है। उन्होंने कहा कि डेटा आधारित शासन व्यवस्था से विकास योजनाएं अधिक प्रभावी बनती हैं और समाज के प्रत्येक वर्ग तक इसका लाभ पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डेटा विजुअलाइजेशन के नए संस्करण में चार्ट, ग्राफ और रंगीन मानचित्रों के माध्यम से जानकारी को अधिक आकर्षक और सहज रूप में प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि आज के तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि इन प्रकाशनों में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, वित्त, आधारभूत ढांचा, डिजिटल सेवाओं और जन कल्याण से जुड़ा विस्तृत डेटा सम्मिलित किया गया है, जो राज्य के सतत और समावेशी विकास के लिए नीति-निर्माताओं को ठोस आधार प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल आधुनिक और प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन की दिशा में हिमाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सचिव (आर्थिक एवं सांख्यिकी) डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि इन प्रकाशनों को डिजिटल हिमाचल पोर्टल पर भी ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है, जिससे जनता को पारदर्शी तरीके से डेटा तक पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित कर ग्राफिकल रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो साक्ष्य-आधारित निर्णयों और योजनाओं को सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव संजय गुप्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ने कोटखाई ट्रॉमा सेंटर पर सीएम को गलत जानकारी देकर किया गुमराह : बरागटा

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**



अपर शिमला के लोगों की वर्षों से लंबित उम्मीदों को झटका देते हुए कोटखाई ट्रॉमा सेंटर का निर्माण अब भी अधर में लटका हुआ है। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने इस देरी के लिए प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनकी राजनीति और गलतबयानी ने न केवल इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना को रोके रखा है, बल्कि मुख्यमंत्री को भी गुमराह किया गया है।

चेतन ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने जानबूझकर इस परियोजना की वास्तविक स्थिति छिपाई और राजनीतिक लाभ के लिए इसे बार-बार प्रचारित किया। चेतन बरागटा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 7 फरवरी 2019 को कोटखाई में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने की स्वीकृति दी थी। इसके बाद वर्ष 2021 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल ने विधिवत शिलान्यास भी कर दिया था, लेकिन शिक्षा मंत्री ने उसी परियोजना का दोबारा शिलान्यास कर मुख्यमंत्री से उद्घाटन करवाकर राजनीतिक श्रेय लेने की कोशिश की, जो जनता के साथ सरासर छल है। उन्होंने कहा कि यह रवैया न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि विकास कार्यों को भी राजनीतिक रंग देने की कोशिश है। भाजपा नेता ने स्पष्ट किया कि इस ट्रॉमा सेंटर परियोजना के लिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपए पहले ही जारी कर चुकी है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता और शिक्षा मंत्री की राजनीति के चलते कार्य रुका पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अपर शिमला क्षेत्र के हजारों लोगों के जीवन से जुड़ी है, जहां सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष अनेक लोग असमय जान गंवाते हैं। ऐसे में इस सेंटर का निर्माण टलना जनता के साथ अन्याय है।

चेतन बरागटा ने बताया कि उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की और कोटखाई ट्रॉमा सेंटर से संबंधित सभी तथ्यों को उनके समक्ष रखा। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जान-बूझकर रोके गए कार्यों की जानकारी भी साझा की। चेतन ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत स्तर पर हस्तक्षेप कर इस परियोजना को शीघ्र आरंभ करवाएं, ताकि क्षेत्र की जनता को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें और कोटखाई, ठियोग, जुब्बल, और आसपास के क्षेत्रों में राहत की नई उम्मीद जगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को राजनीतिक लाभ के तराजू पर नहीं तोलना चाहिए।

## चौपाल में गहरी खाई में गिरी कार, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविंद्र सिंह निवासी बमटा अपनी ऑल्टो कार (नंबर एचपी-08ए-0411) में घर की ओर जा रहा था। भाभर के पास झिकनीपुल से लगभग 100 मीटर पहले उसकी कार अचानक बेकाबू होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस को दी। देर रात तक राहत कार्य चलता रहा और शव को खाई से निकालकर चौपाल अस्पताल पहुंचाया गया।

शनिवार सुबह चौपाल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। हादसे की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये की फौरी राहत राशि प्रदान की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सफलता** | दो वर्षों में 222 ऑटोमैटिक मिल्क कलेक्शन यूनिट से किसानों के चेहरे खिले : मुख्यमंत्री

# हिमाचल प्रदेश में दुग्ध क्रांति की नई लहर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**शिमला।** हिमाचल के हरे भरे परिवेश में अब दुग्ध क्रांति की खुशबू तैरने लगी है। पहाड़ के गांवों से लेकर दूरस्थ घाटियों तक, दूध उत्पादन में हो रही वृद्धि अब किसानों की आमदनी का नया जरिया बन रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने बीते दो वर्षों में प्रदेशभर में 222 ऑटोमैटिक मिल्क कुलेक्शन यूनिट स्थापित कर एक नई शुरुआत की है। इससे दुग्ध उत्पादकों को न केवल बेहतर मूल्य मिल रहा है, बल्कि उनकी मेहनत का सीधा लाभ बिना बिचौलियों के मिलना सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री आज यहां हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ लिमिटेड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि किन्नौर जिले के कड़छम या टापरी में एक नया दुग्ध प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र से सेना और स्थानीय उपभोक्ताओं दोनों को उच्च गुणवत्ता वाले हिमाचली दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध प्रसंस्करण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने के लिए सरकार चरणबद्ध तरीके से आधुनिक संयंत्रों का विस्तार कर रही है, ताकि दूध उत्पादकों को स्थायी और दीर्घकालिक लाभ मिल सके।

सुक्खू ने शिमला जिले के दत्तनगर स्थित दोनों दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों के संचालन में तेजी लाने के लिए उन्हें आउटसोर्स आधार पर संचालित करने की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मंडी जिले के दूध संयंत्र में नया मिल्क पाउडर प्लांट लगाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिससे हिमाचल के दुग्ध उत्पादों को राष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वित्त वर्ष में मिल्कफेड द्वारा दूध की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 29 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित किए गए हैं, जिससे संग्रहण और परिवहन की प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ हुई है।

### दुग्ध उत्पादकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार के बहुआयामी प्रयासों से दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की संख्या बढ़कर 716 हो गई है, जबकि मिल्कफेड को दूध विक्रय करने वाले किसानों की संख्या 40 हजार से अधिक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह हिमाचली किसानों के विश्वास, मेहनत और सरकार की नीतियों की पारदर्शिता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश का दुग्ध उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेगा।

# लुथान में 400 निराश्रित बच्चों, महिलाओं और वृद्धजनों को मिलेगा आश्रय : शांडिल

## सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री ने सुखाश्रय परिसर में निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**बोले, साढ़े आठ करोड़ की लागत से कामकाजी महिलाओं के सखी निवास भी हो रहे निर्मित**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**स्वास्थ्य** एवं सामाजिक कल्याण न्याय अधिकारिता मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि लुथान में 85 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सुखाश्रय परिसर में 400 के करीब निराश्रित महिलाओं, बच्चों तथा वृद्धजनों के रहने की सुविधा उपलब्ध होगी।

इसके साथ ही लुथान में सुखाश्रय परिसर में 8 करोड़ 50 लाख की राशि सखी निवास के निर्माण पर भी खर्च की जा रही है जिसमें 50 के करीब कामकाजी महिलाओं को रहने की सुविधा मिली है। शनिवार को लुथान में सुखाश्रय परिसर में निर्माण कार्यों का जायजा लेने के उपरांत मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को सुखाश्रय परिसर के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। प्रारंभिक चरण में निर्माण कार्यों पर 25 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर विधायक संजय रतन ने कहां की सुखासरे परिषद ज्वालामुखी विधानसभा के लिए एक ऐतिहासिक दिन वर्तमान सरकार की है। उन्होंने कहा कि वंचित वर्ग का उत्थान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए विशेष कानून बनाकर उनके सम्मानजनक जीवन, देखभाल और शिक्षा के अधिकार सुनिश्चित किए हैं। इसके उपरांत सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री ने शक्तिपीठ ज्वालामुखी में शीश नवाया तथा प्रदेश तथा समाज के कल्याण के लिए मंगलकामना की।


लुथान में सुखाश्रय परिसर में निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## पालमपुर अस्पताल में जल्द होगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर अस्पताल में जल्द विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सिविल अस्पताल पालमपुर में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यह आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कुछ विशेषज्ञ डॉक्टर अस्पताल से पीजी डिग्री के लिए उच्च संस्थानों में अध्ययनरत हंय, इस चिकित्सकों की विशेषज्ञ डिग्री पूरी होने पर इन्हें जल्द वापस अस्पताल में तैनात किया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिल सकेंगी। मंत्री ने अस्पताल में विभिन्न सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल भी उनके साथ उपस्थित रहे। उन्होंने मांग की कि अस्पताल में अतिरिक्त शिशु रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता है। इसके अलावा अस्पताल में विभिन्न रिक्त पद भरने की मांग भी विधायक ने मंत्री के समक्ष रखी। साथ ही अस्पताल में ओटीए की तैनाती की मांग की। मंत्री ने विधायक की मांगों पर सहानुभूति विचार करते हुए कहा कि भविष्य में पालमपुर अस्पताल में स्टाफ की कमी को पूरा करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मंत्री ने अस्पताल में निर्मित होने वाली पार्किंग निर्माण को भी समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए।

## रैत में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न



रैत स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर मौजूद स्वयंसेवी।

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रैत स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शनिवार को संपन्न हो गया, जिसका समापन प्राचार्य शमशेर भारती ने किया।

कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र एवं रीटा गल्होत्रा ने बताया कि स्वंयसेवियों की नित्य दिनचर्या में प्रात: प्रभात फेरी उसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष विभाग रैत के योग प्रशिक्षक उद्यालक एवम अनुराधा शर्मा द्वारा योग शिविर करवाया करवाना था।

शारीरिक व्यायाम के साथ योग क्रियाएं, आसन, प्राणायाम, नशे से दूर रहना पौधरोपण की जानकारी दी गई। इस शिविर पर डॉ. श्रीकांत लगवाल, डाक विभाग से प्रदीप, किसान समिति से किशोरी लाल, एसएस गुलेरिया, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## रैत में नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आज से

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन तथा भारत पावर लिफ्टिंग के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत मे 2 नवंबर से 5 नवंबर तक नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। पावर लिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट अजीत कुमार ने बताया कि 2 नवंबर को दोपहर बाद 2 बजे समारोह के मुखय अतिथि कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार चौधरी समारोह का आगाज करेंगे। समारोह की अध्यक्षता उपमुखय सचेतक तथा भारतीय पावर लिफ्टिंग के उपाधयक्ष केवल सिंह पठानिया करेंगे।

## बठरा में श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु हुए भावविभोर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव बठरा में सुनील शर्मा और सचिन शर्मा के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के पांचवें दिन कथा वाचक आचार्य प्रद्युमन दास ने भगवान श्रीकृष्ण के पारिवारिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को भयमुक्त कर परमात्मा के चरणों में स्थान दिलाता है तथा जीवन को नई दिशा और प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि जब भी अधर्म बढ़ता है, तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। कथा के दौरान भजनों 'नी में नाचना श्याम दे नाल', 'धन-धन भाग नी अज मेरे सतगुरु आय अज घर मेरे' जैसे मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर बबली शर्मा, नेहा शर्मा, प्रियंका शर्मा, वेद प्रकाश, सतपाल सत्ती, सुबोध शर्मा, रुपिंदर शर्मा, सतपाल शर्मा, अंजु शर्मा और कांता शर्मा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तलवाड़ में शराब ठेके के विरोध में महिलाओं का फूटा गुस्सा, ताला जड़कर की नारेबाजी

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा के तहत तलवाड़ पंचायत में शराब के ठेके के विरोध में शनिवार सुबह महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह 9 बजे महिलाओं ने आलमपुर-जयसिंहपुर मार्ग पर यातायात रोक दिया और ठेके पर ताला जड़कर नारेबाजी शुरू कर दी। महिलाओं का कहना था कि बहुतकनीकी संस्थान के पास शराब का ठेका खुलने से युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ने के साथ स्थानीय युवाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने मांग की कि इस ठेके को तुरंत बंद कर यहां से हटाया जाए। गौरतलब है कि सितंबर महीने में भी पंचायत प्रधान व महिला मंडल की महिलाओं ने उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। पुनः एक बार फिर एसडीएम से मिलकर ठेके को हटाने की मांग की थी। सूचना मिलते ही लंबागांव पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर हठ करती रहीं।

एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर और तहसीलदार अभिषेक भास्कर भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने महिलाओं से बातचीत की और 15 दिन के भीतर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद ही लगभग दो घंटे के उपरांत महिलाओं ने सड़क और ठेके पर लगाए गए ताले को हटाया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर निर्धारित समय में ठेका नहीं हटाया गया तो वह शीघ्र ही संघर्ष का रास्ता अख्तियार करेंगे।


महिलाओं ने सुबह 9 बजे आलमपुर-जयसिंहपुर मार्ग पर यातायात रोक दिया।

# केंद्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में पूर्व में गठित की गई महाविद्यालय की केंद्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी के सदस्यों को औपचारिक रूप से शपथ दिलवाई गई। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया।

मुख्यातिथि ने नवनिर्वाचित सदस्यों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलवाई। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने परिषद के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया। केंद्रीय छात्र संघ की समिति की समन्वयक प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। स्नातकोत्तर प्रथम सत्र जूलॉजी की हिमानी अध्यक्ष, बीए तृतीय वर्ष शारिक उपाध्यक्ष, बी कॉम प्रथम वर्ष की नेहा सचिव, शगुन राणा बीसीए प्रथम सत्र संयुक्त सचिव मनोनीत किए गए। 29 मनोनीत सदस्यों ने शपथ ग्रहण की।


शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज में केंद्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलवाई गई।

### एकल गीत प्रतियोगिता में कृतिका ने मारी बाजी

**अध्यक्ष** हिमानी ने कहा कि यह पद मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है, प्रबंधन और शिक्षकों के साथ मिलकर छात्र हित में काम करूंगी। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक 'आगाज' कार्यक्रम में एकल सेमी क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता, एकल गीत प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर के अंतर्गत पुरानी वस्तुओं एवं पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। एकल सेमी क्लासिकल नृत्य में प्रथम पायल, द्वितीय अदिति, तृतीय पल्लवी एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम कृतिका, द्वितीय अंशिता, तृतीय नित्यानंद कमलदेव समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम निशा एवं समूह, द्वितीय अंशिता पटियाल एवं समूह, तृतीय वंशिका एवं समूह जंक आर्ट में प्रथम हेमंत किशोर, द्वितीय जाह्नवी, तृतीय प्रकृति रही।

# द न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंस छतड़ी के स्टूडेंट्स ने जाने बाल अधिकार



चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा ने किया पोक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**चाइल्ड** हेल्पलाइन कांगड़ा ने द न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंस छतड़ी नजदीक शाहपुर में बाल अधिकारों जैसे पोक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के लाभ-हानियों एवं एक मुख्य विषय मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों के साथ अध्यापको, अनुशासन कमेटी, एंटी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी, स्कूल प्रबंधन कमेटी सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य सचिन पगरोत्रा ने की। चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक मनमोहन चौधरी ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को बाल अधिकारों के बारे मे जैसे -किशोर न्याय ( बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015, बाल यौन शोषण (पॉक्सो अधिनियम), बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, बाल भिक्षाबृति, घरेलु हिंसा, बाल दुर्व्यवहार, मानसिक प्रताडना व शारीरिक दंड बारे जागरूक किया । इसके साथ ही बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह मानसिक स्वास्थ्य हमारे भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण का एक अभिन्न अंग है। यह किसी व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है और जीवन के तनावों का सामना करने, सीखने और काम करने की हमारी क्षमता को निर्धारित करता है। बच्चों को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को पहचानना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर उत्पादकता और कल्याण में योगदान देता है।

# बल्लाह स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लाह में सात दिवसीय 1 से 7 नवंबर तक एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ रमेश चंद एसएमसी प्रधान ने किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या उर्वशी कटोच विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस बीच एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनिल अंगारिया व नीलम राणा ने एनएसएस विशेष शिविर के महत्व व कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर में 20 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। सभी स्वयंसेवक रात्रि प्रवास भी शिविर स्थल पर ही करेंगे।

प्रधानाचार्या महोदया ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें एनएसएस के मूल्यों से अवगत करवाया। उन्होंने शिविर के दौरान अनुशासन बनाए रखने की अपील की। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


एसएमसी प्रधान रमेश चंद ने किया सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ।

# स्प्रिंग डेल स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन


उपस्थित स्टूडेट्स व टीचर।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**स्प्रिंग** डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में सीबीएसई के निर्देशों द्वारा वीरेंद्र शर्मा तथा सीमा शर्मा को रिसोर्स पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया।

इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन को सीबीएसई के निर्देशों द्वारा खुशहाल कक्षा पर प्रकाश डालने के लिए कहा गया। इस प्रोग्राम में स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल जवाली के साथ-साथ अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के अध्यापकों ने भी प्रतिभाग लिया। रिसोर्स पर्सन सीमा शर्मा व वीरेंद्र शर्मा ने इस टॉपिक पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नई चीज सीखना खुशहाल जिंदगी का एक पहलू है। जब हम अपने काम में व्यस्त और रुचि रखते हैं, तो हम बेहतर महसूस करते हैं और बेहतर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन अगर काम पर्याप्त चुनौती पूर्ण नहीं है, तो हम उब जाते हैं और बहुत ज्यादा चुनौती पूर्ण होने पर हम अभिभूत हो जाते हैं। अपने छात्रों को उनकी वर्तमान क्षमता से थोड़ा आगे तक ले जाने के उसे मायावी गोल्डीलॉक्स स्वीट प्वॉइंट को पाने का लक्ष्य रखें, क्योंकि यही पर न्यूरोप्लास्टिसिटी अधिकतम होती है और सबसे ज्यादा सीख मिलती है। यह सारी चीजें उन्होंने गतिविधियों के जरिए समझाई। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने इस सेशन की सराहना करते हुए बताया कि खुशहाल कक्षा के लिए मुख्य विषय खुशहाल कक्षा कैसे बनाएं है, जिसके अंतर्गत छात्रों की सुरक्षा, मूल्य और सफलता सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा कक्षा में सकारात्मक और सहयोगी माहौल बनाने के लिए छात्रों की भावनाओं को समझना और उन्हें व्यक्त करने की अनुमति देना तथा खेल-खेल में सिखाने की विधियों का उपयोग करना भी महत्वपूर्ण है। प्रोग्राम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह तथा शॉल उपहार में दी गई।

# हिम ईरा शॉप्स महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की बन रही नई पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिला इन दिनों एक नयी सामाजिक-आर्थिक क्रांति का साक्षी बन रहा है। हिम ईरा शॉप्स ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त किया है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को नई पहचान भी दिलाई है। यह पहल वोकल फॉर लोकल की भावना को जमीनी स्तर पर साकार कर रही है, जहां हर महिला अपने हुनर से आत्मनिर्भर भारत की कहानी लिख रही है।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित हिम ईरा शॉप्स ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है। इन दुकानों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के लिए एक स्थायी और सम्मानजनक बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन ने हिम ईरा ब्रांड के अंतर्गत विशेष बिक्री केंद्र स्थापित किए हैं। इन केंद्रों पर स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद जैसे जैविक मसाले, हस्तशिल्प, ऊनी परिधान, बांस से बने उत्पाद, स्थानीय अचार, शहद, मिलेट्स आधारित खाद्य सामग्री और प्राकृतिक कॉस्मेटिक उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन दुकानों का उद्देश्य न केवल उत्पादों की बिक्री बढ़ाना है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक पंचायत या ब्लॉक स्तर पर सक्रिय स्वयं सहायता समूहों को हिम ईरा से जोड़ा जाए ताकि उनके उत्पादों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिल सके।

### धर्मशाला से हुई थी शुरुआत

**धर्मशाला** स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर में जिला कांगड़ा की पहली हिम ईरा शॉप की स्थापना की गई थी। इसके बाद चामुंडा और कांगड़ा में भी हिम ईरा शॉपस शुरू की गई हैं। इन दुकानों में न केवल स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं, बल्कि उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और गुणवत्ता सुधार के लिए प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

### अधिक आवाजाही वाले स्थानों में खोली जा रही हिम ईरा शॉप्स

**डीसी** हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा हिम ईरा शॉप्स की स्थापना उन स्थानों पर की जा रही है, जहां लोगों की आवाजाही अधिक होती है । इस पहल का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को एक स्थायी विपणन मंच उपलब्ध करवाना है, ताकि वे अपने उत्पादों की सीधी बिक्री कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें। अब तक डीसी ऑफिस धर्मशाला, एसडीएम ऑफिस कांगड़ा तथा चामुंडा मंदिर के समीप स्थित कॉम्प्लेक्स में हिम ईरा शॉप्स शुरू हो चुकी हैं।

## आयुर्वेद को स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम में जोड़ने का निर्णय सराहनीय : मनजीत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने भारत सरकार के निर्देशानुसार कक्षा 6 से कक्षा 8 तक की विज्ञान की किताबों में भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को स्कूलों में पढ़ाने का निर्णय लिया है । इस निर्णय का स्वागत करते हुए किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि आयुर्वेद की उत्पत्ति आज से लगभग 5000 वर्ष पूर्व हुई, इसका उल्लेख वेदों में मिलता है, अर्थवेद में आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों का उल्लेख मिलता है। इस तरह से आयुर्वेद भारतीय समाज तथा संस्कृति का एक अटूट हिस्सा रहा है। मनजीत डोगरा ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव तथा पाश्चात्य चिकित्सा पद्धतियों के प्रभाव के चलते भारतीय समृद्धि चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का वर्तमान दौर में भारतीय समाज व संस्कृति जीवन में प्रभाव कम हो रहा था, इसलिए यह आवश्यक हो जाता था कि भारतीय प्राचीन समृद्ध चिकित्सा पद्धति का ज्ञान हमारे सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन का हिसाब बना रहे। डोगरा ने आयुर्वेद को स्कूली पाठ्यक्रम में जोड़ने के निर्णय का स्वागत करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया।

**नाराजगी** संघर्ष समिति ने बुलंद की आवाज, हाईकोर्ट के आदेशों को ठंडे बस्ते में डालने का आरोप

# योल को अभी नहीं मिली पंचायत की मान्यता

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** ग्राम पंचायत निर्माण सुधार संघर्ष समिति योल ने एक बार फिर आवाज बुलंद करते हुए प्रदेश सरकार व प्रशासन से मांग की है कि प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए योल क्षेत्र में एक स्वतंत्र पंचायत का गठन किया जाए।

संघर्ष समिति के प्रधान ज्ञानचंद, सचिव कल्याणचंद शर्मा, उपप्रधान होशियार सिंह तथा सलाहकार कैप्टन एए खान ने बताया कि वर्ष 2008 में पंचायतीराज व्यवस्था को लेकर योल की जनता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, क्योंकि उस समय योल क्षेत्र छावनी बोर्ड के अधीन था और लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया था। लगभग 15 वर्ष चले इस कानूनी संघर्ष के बाद उच्च न्यायालय ने समिति के पक्ष में फैसला सुनाया। समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने उस समय ग्रामीणों से दस्तावेज लेकर यह वादा किया था कि योल में एक ही पंचायत बनाई जाएगी, लेकिन समिति को विश्वास में लिए बिना योल क्षेत्र को चार हिस्सों में बांटकर समीपवर्ती पंचायतों में जोड़ दिया गया।

### ढाई साल से विकास ठप, सुविधाएं शून्य

**संघर्ष** समिति का कहना है कि ढाई साल बीत जाने के बाद भी योल क्षेत्र को पंचायत का दर्जा नहीं मिला। यहां के लोगों को न तो किसी सरकारी सुविधा का लाभ मिला है और न ही किसी विकास योजना का लाभ। यहां तक कि परिवार रजिस्टर भी तैयार नहीं किया गया है।

### वार्डबंदी में अनियमितता का आरोप

**समिति** ने वार्डबंदी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि समीपवर्ती पंचायतों में वार्डबंदी दफ्तर में बैठकर की गई, न कि जमीनी स्तर पर। योल के ग्रामीणों को यह तक जानकारी नहीं है कि उनके वार्ड की सीमा कहां तक है।

### हाईकोर्ट जाने की दी चेतावनी

संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए योल क्षेत्र में स्वतंत्र पंचायत का गठन नहीं किया, तो समिति को मजबूरन पुनः हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

### पंचायतों की दूरी से परेशानी

**संघर्ष** समिति ने बताया कि योल के चारों ओर बसे गांवों को दूरदराज की पंचायतों में मिला दिया गया है, जिससे लोगों को मामूली कार्यों के लिए भी कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। गांव चतैड को पंचायत रक्कड़ में जोड़ा गया (दूरी लगभग 6 किमी)। लहेसर व बनरोडू को ग्राम पंचायत भागनी में शामिल किया गया (दूरी लगभग 5 किमी)। गांव बणी को ग्राम पंचायत खास तंगरोटी में मिला दिया गया, जहां पहुंचने के लिए सेना क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है, दूरी लगभग 6 किमी है। गांव नरवाना को कस्बा नरवाना पंचायत में जोड़ा गया (दूरी लगभग 3 किमी)। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी दूरी के कारण किसी भी प्रकार के प्रमाणपत्र या फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाने में भारी परेशानी होती है।

### सरकार और प्रशासन को भेजे पत्र, लेकिन कोई समाधान नहीं

**समिति** ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पत्र 13 मार्च 2023 के माध्यम से प्रदेश सरकार, पंचायतीराज विभाग और उपायुक्त धर्मशाला को अवगत करवाया था, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

**चुनाव की तारीख बढ़ी, उम्मीदें फिर टूटीं :** सूत्रों के अनुसार, दिसंबर 2025 में प्रस्तावित पंचायत चुनावों की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। समिति का कहना है कि जब तक चुनाव नहीं होंगे, तब तक योल क्षेत्र विकास और सुविधाओं से वंचित ही रहेगा।

# पर्यटन नगरी के बदहाल मार्ग के सुधरने की बढ़ी आस

## चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग ने किया संयुक्त निरीक्षण, होटल उद्यमियों व टैक्सी आपरेटर्स ने बताई समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पर्यटन** नगरी मैक्लोडगंज को जाने वाले बदहाल सड़क मार्ग के सुधरने की आस जगी है। शनिवार को चीफ इंजीनियर पीब्डल्यूडी और जल शक्ति विभाग ने संयुक्त रूप से बदहाल सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान होटल उद्यमियों, कारोबारियों व टैक्सी आपरेटर्स ने दोनों अधिकारियों को सड़क खराब होने के चलते पेश आ रही समस्याओं से अवगत करवाया।

पर्यटन उद्यमियों का कहना है कि बड़े वाहनों के लिए सड़क अनुकूल न होने के चलते पर्यटन कारोबार प्रभावित हो रहा है। होटल कारोबारी क्रिसमस और न्यू ईयर की तैयारियों में जुटे हुए हैं, लेकिन मैक्लोडगंज पहुंचने में पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वजह टूटे रास्ते हैं, जो कि अभी तक होटल व्यापारियों के लिए सर दर्द बने हुए हैं। उधर, होटल एसोसिएशन मैक्लोडगंज के अध्यक्ष राहुल धीमान ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में क्रिसमस आने वाला है साथ ही नव वर्ष के लिए भी होटल में बुकिंग शुरू हो गई है, लेकिन जब से बरसात हुई है तब से धर्मशाला को मैक्लोडगंज से जोड़ने वाले सड़क मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है जिनका कार्य अभी भी पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि मैक्लोडगंज में स्थानीय लोगों और पर्यटकों को आ रही दिक्कतों के बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के चीफ इंजीनियर को भी सड़कों को दुरुस्त करने वाले मांग पत्र सौंपा गया था। वर्तमान में मैकलोडगंज के रास्तों की खस्ता हालत है, जिस पर वहां से वाहन लें जाना बेहद मुश्किल हो रहा है और यही वजह है कि पर्यटक कम संख्या में ग्लोबल सिटी मैक्लोडगंज पहुंच रहा है, जिसका खामियाजा होटल व्यापारियों व अन्य कारोबारियों को भुगतना पड़ रहा है।



निरीक्षण र ते चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति।

### अधिकारियों ने मांगा 15 दिन का अतिरिक्त समय

**राहुल** धीमान ने कहा कि मैक्लोडगंज निरीक्षण के लिए पहुंचे जल शक्ति विभाग व पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर ने 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। अधिकारियों ने होटल व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि 10 से 15 दिनों के भीतर मैक्लोडगंज में सीवरेज की समस्या वह सडक़ों की खस्ता हालत को दुरुस्त कर दिया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पर्यटक मैक्लोडगंज पहुंच सके।

**वाहनों के न पहुंचने से मंदी की मार झेल रहे पर्यटन कारोबारी, पर्यटकों को करना पड़ रहा भारी दिक्कतों का सामना**

### बौद्ध मठ मार्ग को जल्द दुरुस्त करे विभाग

**राहुल** धीमान ने पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर को भी एक ओर सुझाव देते हुए कहा कि मैक्लोडगंज में धर्मगुरु दलाईलामा टेंपल रोड जिसे वन-वे के लिए चलाया जाता था, उसे भी पीडब्ल्यूडी विभाग जल्द से जल्द दुरुस्त करें, ताकि आने वाले त्योहार के लिए पर्यटकों को मैक्लोडगंज पहुंचने में किसी भी तरह का की समस्या का सामना न करना पड़े।

# कांगड़ा की वादियों में चिट्टे का जहर घोल रहे बाहरी तस्कर

## इस वर्ष पकड़े चिट्टे के मामलों में अधिकतर दूसरे राज्यों के, 86 मामलों में 148 पुरुष व 16 महिलाएं गिरफ्तार

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** कांगड़ा की शांत वादियों में बाहरी तस्कर चिट्टे का जहर घोल रहे हैं। पहले जहां आए दिन चरस के मामले सामने आते थे। वहीं, अब चिट्टे के मामले हर दिन सामने आ रहे हैं।

एक आकलन के अनुसार, इस वर्ष पकड़े गए नशा तस्करों में अधिकतर बाहरी राज्यों से संबधित हैं, जिनमें सबसे ज्यादा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और जेएंडके से हैं। इस वर्ष अब तक चिट्टे के जिला में 86 मामले पकड़े गए हैं, जिनमें 148 पुरुष व 16 महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है। इस वर्ष पिछले दस माह में एक किलो से अधिक चिट्टा जिले में बरामद किया जा चुका है। जिला पुलिस की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशा तस्करों की कमर तोड़ी जा रही है। गौरतलब है कि पहले नशा तस्कर युवाओं को इस धंधे में धकेल रहे थे, जबकि अब महिलाओं व युवतियों को भी नशे के धंधे में लाया जा रहा है, लेकिन तस्करों के ऐसे हथकंडों को पुलिस नाकाम करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे धकेल रही है। जिले में पकड़े गए चिट्टे के मामलों में गिरफ्तार बाहरी राज्यों के लोगों के लिंक्स को भी पुलिस खंगाल रही है, जिससे कि बाहरी राज्यों से कौन-कौन लोग इस नेटवर्क को चला रहे हैं तथा बाहरी राज्यों से आकर कांगड़ा में चिट्टा बेचने वालों ने किन लोगों को नेटवर्क में शामिल किया है। इसका भी पर्दाफाश किया जा सके। नशे के अधिकतर मामलों में पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की जाती है, जबकि कई ऐसे तस्कर हैं, जो कि लंबे समय से इस धंधे में संलिप्त हैं, उन्हें अपने राडार पर रखकर पुलिस समय आने पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़कर हवालात भेज रही है।

**दस माह में एक किलो से अधिक चिट्टा बरामद**

"**इस** वर्ष अब तक कांगड़ा जिले में 1 किलो 209 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। 86 मामले विभिन्न पुलिस थाना में दर्ज किए गए हैं तथा 148 पुरुषों व 16 महिलाओं को इन मामलों में गिरफ्तार किया गय है। गिरफ्तार आरोपियों में अधिकतर बाहरी राज्यों से हैं, जिनकी संख्या 48 से अधिक है।

**अदिति सिंह, एएसपी जिला कांगड़ा।**

# बंडी में विवाहिता की हत्या पर मचा बवाल

**अनंत ज्ञान, गगल।** बंडी में 23 वर्षीय विवाहिता तनूश की शुक्रवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। एसपी कांगड़ा अशोक रतन ने बताया कि महिला के ससुराल पक्ष ने दावा किया है कि महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने रात में ही विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक महिला का शव बिस्तर पर पड़ा था और उसके बाल बिखरे हुए थे। विवाहिता के पिता राजिंदर कुमार का कहना है कि उनकी बेटी को सुसराल वालों ने ही मारा है। उन्होंने अपने दामाद और ससुर पर बेटी को जान से मारने का आरोप लगाया और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच की। घटना के बाद मृतिका के परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद शव को ससुराल पक्ष को सौंप दिया गया। पुलिस ने महिला के पति तिलक और उसके ससुर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिया। महिला का अंतिम संस्कार पुलिस की निगरानी में शाम 6 बजे किया गया।

**पुलिस के पहरे में हुआ अंतिम संस्कार**

**ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप**

# समकड़ गांव के बीएसएफ जवान को नम आंखों से दी अंतिम विदाई



बीएसएफ जवान अनुज भारद्वाज को श्रद्धांजलि देते पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया।

**अनंत ज्ञान, रैहन**

उपमंडल फतेहपुर की पंचायत धमेटा के गांव समकड़ के बीएसएफ जवान अनुज भारद्वाज को उनके पैतृक गांव में सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

इस दौरान पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया भी मौजूद रहे। 52 वर्षीय अनुज पिछले एक माह से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका निधन बीते वीरवार को चंडीगढ़ के एक अस्पताल में हुआ। जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा, पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। मृतक बीएसएफ में कांस्टेबल पद पर तैनात थे। अनुज की अंतिम यात्रा में क्षेत्र के संकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आईजी जीवन किशोर गुप्ता, इंस्पेक्टर मोहिंदर सिंह, पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया और पूर्व आईएएस विकास लाबरू ने भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, बनोई से आए गार्ड ने जवान को सलामी दी। हालांकि, फतेहपुर प्रशासन के प्रतिनिधि अंतिम संस्कार में अनुपस्थित रहे, जिससे लोगों को खेद हुआ। थाना प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि उन्हें जवान के निधन की जानकारी नहीं मिली थी। वहीं, पंचायत प्रधान कबिता शर्मा ने कहा कि वह किसी कार्य में व्यस्त थीं, इसलिए प्रशासन को सूचित करना रह गया।

# लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता विनोद चौधरी सेवानिवृत्त



कनिष्ठ अभियंता विनोद चौधरी की सेवानिवृत्ति पर समारोह का आयोजन किया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग भवारना उपमंडल के अंतर्गत खैरा में तैनात कनिष्ठ अभियंता विनोद चौधरी निवासी पंतेहड़ अपने सेवाकाल के 33 साल का कार्यकाल पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। उनके घर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विनोद चौधरी एक समाजसेवक भी हैं। इनकी पत्नी संतोष कुमारी जिला परिषद सदस्य भी हैं। विनोद चौधरी वर्तमान में भवारना उपमंडल के अंतर्गत खैरा में कार्यरत थे और इससे पहले वह उपमंडल धीरा के अंतर्गत सुलह में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के जिला कांगड़ा के महामंत्री भी हैं। इस मौके पर उनके घर पर विदाई समारोह में इंटक के प्रदेश इंटक व जिला कांगड़ा से पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभाग के अधिकारियों ने सेवानिवृत्त अभियंता की कर्मठता और विभाग के प्रति योगदान को सराहा गया।

### खैरा स्कूल के कार्यालय अधीक्षक सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरा के कार्यालय अधीक्षक अशोक राणा अपनी 27 वर्ष की सेवा अवधि के बाद खैरा स्कूल से सेवानिवृत्त हो गए। समस्त विद्यालय परिवार एवं स्कूल प्रबंधन समिति ने उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

# राष्ट्रीय राजमार्ग से बेहतर परिवहन के साथ मिलेगी औद्योगिक विकास को दिशा: डॉ. भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडीएम शिल्पी बेक्टा, क्षेत्रीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कर्नल अजय सिंह, परियोजना निदेशक एनएच विकास सुरजेवाला, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंडी-पठानकोट और शिमला-मटौर राष्ट्रीय फोरलेन से संबंधित प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में मंडी-पठानकोट एवं शिमला-मटौर फोरलेन परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सांसद ने निर्माण की गति को बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी हो सकें। उन्होंने कहा कि ये दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग न केवल प्रदेश की परिवहन सुविधा को बेहतर बनाएंगे, बल्कि पर्यटन एवं औद्योगिक विकास को भी नई दिशा देंगे। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि भूस्खलन की घटनाओं को रोकने के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने विशेषज्ञ एजेंसियों से रिपोर्ट लेकर स्थायी रोकथाम उपाय जैसे रिटेनिंग वाल, ड्रेनेज सुधार और वनीकरण योजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग एवं एनएचएआई को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय बढ़ाते हुए विवादित मामलों को शीघ्र सुलझाया जाए, ताकि कार्य बाधित न हों। उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण कार्य के चलते जहां भी कूहलों में व्यवधान उत्पन्न हुआ है, वहां की मरम्मत का कार्य बिना किसी विलंब के पूरा करने के निर्देश भारद्वाज ने संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की सिंचाई व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। साथ ही उन्होंने फोरलेन निर्माण के दौरान जगह-जगह उचित डंपिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि पर्यावरण और स्थानीय लोगों को असुविधा न हो।

बैठक में जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सांसद डॉ. भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि प्रगति पर सतत निगरानी रखी जा सके। उन्होंने कहा कि फोरलेन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल कांगड़ा बल्कि पूरा हिमाचल प्रदेश बेहतर सड़क संपर्क, पर्यटन वृद्धि और आर्थिक गति के नए युग में प्रवेश करेगा। डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा, प्रदेश की सड़क परियोजनाएं जनता की जीवन रेखा हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल यातायात सुविधा में सुधार होगा बल्कि क्षेत्र में रोजगार, व्यापार और पर्यटन के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह



वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अवर** ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उप प्रधानाचार्य रविंदा कुमारी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर के आगे ज्योति प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता कैसे बनाए रखें और उसमें बच्चों एवं जनभागीदारी को कैसे बढ़ाया जाए इस विषय पर प्रेरणादायक भाषण हुए। साथ ही नारा लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में 'रन फॉर यूनिटी' (एकता के लिए दौड़) का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# कांगड़ा एयरपोर्ट के आसपास एयरोसिटी विकसित करने की तलाशी जा रही संभावनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**गगल** स्थित कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के बाद यहां एयरोसिटी विकसित करने की संभावनाओं का अध्ययन शुरू किया गया है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के तहत पर्यटन विभाग और शाहपुर प्रशासन ने अन्य अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया और एयरोसिटी के लिए संभावनाओं का अवलोकन किया। पर्यटन विभाग और शाहपुर प्रशासन मिलकर यह जांच कर रहे हैं कि एयरपोर्ट के आसपास ऐसा क्षेत्र कैसे विकसित किया जा सकता है, जिसमें हवाई सेवाओं के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने वाली अन्य सुविधाएं भी शामिल हों। इसका उद्देश्य एयरपोर्ट को केवल परिवहन केंद्र नहीं बल्कि पर्यटन और व्यापार के दृष्टिकोण से भी उपयोगी बनाना है। हालांकि, फिलहाल यह योजना केवल संभावनाओं तक सीमित है, लेकिन यदि इसे धरातल पर लागू किया जाता है, तो इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही जिला कांगड़ा को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में पहचान भी मिलेगी। पर्यटन विभाग, जिला कांगड़ा के अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशों के तहत फिलहाल एयरोसिटी से संबंधित संभावनाओं का अध्ययन किया जा रहा है। इसका लक्ष्य एयरपोर्ट विस्तार के बाद पर्यटन और अन्य संबंधित विकास को सुनिश्चित करना है। इस पहल से न केवल हवाई अड्डे का महत्व बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था के कई नए अवसर भी पैदा होंगे।

**सम्मेलन** कृषि मंत्री ने दिए किसानों के लिए खंड स्तर तक जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश

# किसानों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें विभाग: चंद्र

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** कृषि अवसंरचना कोष के तहत कृषि विभाग प्रदेश के किसानों को हरसंभव लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके तहत स्वीकृत होने वाली योजनाओं में 6 फीसदी की दर से किसानों को ऋण मिलता है, जोकि किसानों की आय और आजीविका सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

यह बात कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कृषि अवसंरचना कोष के तहत पालमपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में कही। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बैंकिंग संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें। किसानों को जागरूक करने के लिए खंड स्तर तक जागरूकता शिविर लगाएं। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित प्रगतिशील किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान 2 करोड़ रुपए तक का ऋण 7 साल तक के लिए 6 फीसदी ब्याज पर ले सकते हैं और अपनी आजीविका कृषि से सुनिश्चित कर सकता है। मंत्री ने कहा कि खेती देश का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है। हिमाचल प्रदेश में कृषि के लिए अलग जलवायु मौजूद है। जलवायु को ध्यान में रखते हुए अधिकारी नई नीतियों और योजनाओं को सिरे चढाएं। इस मौके पर उन्होंने प्रगतिशील किसानों के साथ संवाद भी किया। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। सचिव कृषि सी. पालरासु ने भी इस दौरान विभाग की योजनाओं और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बैंक से आए अधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों से बेहतर समन्वय से कार्य करने की भी अपील की। इस अवसर पर कृषि निदेशक डॉ. रविंद्र सिंह जसरोटिया ने मंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने अवगत करवाया कि प्रदेश में कृषि अधोसंरचना फंड के तहत 925 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। अब तक कुल 599 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 438 आवेदन सत्यापित किए जा चुके हैं। विभिन्न बैंकों द्वारा 324 आवेदन, जिनकी कीमत 221 करोड़ रुपए है, स्वीकृत किए गए हैं और 67 करोड़ रुपए लाभार्थियों को प्रदान किए जा चुके हैं। इस अवसर पर संजय चौहान अध्यक्ष राज्य ग्रामीण व अन्य लोग उपस्थित रहे।




कृषि अवसंरचना कोष के तहत पालमपुर में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया।

# विधायक कमलेश ने 34 लाभार्थियों को बांटे चेक

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने शनिवार को संयुक्त कार्यालय भवन देहरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत 34 लाभार्थियों को लगभग कुल 6 लाख 34 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए। यह राशि चिकित्सा सहायता, विवाह सहायता एवं अन्य आर्थिक कठिनाईयों के रूप में पात्र लाभार्थियों को प्रदान की गई। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी नागरिक आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रहे या बेटी की शादी में परेशान न हो। सहायता वितरण की प्रक्रिया में औपचारिकताएं अवश्य होती हैं, लेकिन प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसका अधिकार अवश्य मिलता है। विधायक ने कहा कि वह सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं और क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल सामाजिक न्याय एवं समान अवसर की भावना को सुदृढ़ करती है। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी विस्तारपूर्वक सुना और उनका मौके पर ही निराकरण किया।

**कहा-जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर**

# डॉ. राकेश शर्मा फिर बने एबीवीपी के प्रदेशाध्यक्ष



विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के 46वें प्रांत अधिवेशन में गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा की गुप्त गंगा की पावन भूमि पर आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के 46वें प्रांत अधिवेशन के दूसरे दिन का उद्घाटन सत्र उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में पद्मश्री डॉ. क्षमा मैत्रेय (निदेशक, कॉर्ड) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

डॉ. क्षमा मैत्रेय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रभक्ति और सामाजिक संवेदनशीलता के मूल्यों को केंद्र में रखकर छात्रों को दिशा देने का कार्य किया है। यह संगठन युवाओं में नेतृत्व और समाजसेवा की भावना को विकसित करता है। मुख्य अतिथि शांता कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद देश के युवाओं में राष्ट्रप्रेम और सेवा का जज्बा जगाने वाला अग्रणी संगठन है। परिषद ने समाज में अनुशासन, संगठन और समर्पण की जो परंपरा स्थापित की है, वह अद्वितीय है। अधिवेशन में आगामी सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री की घोषणा भी की गई। डॉ. राकेश शर्मा को पुन: प्रदेश अध्यक्ष और नैंसी अटल को प्रदेश मंत्री के रूप में चयनित किया गया।

# दुबई निर्यात होंगे एचपी शिवा के फल और फूल

## विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने उत्पादों में दिखाई गहरी रुचि, कहा- उत्पादों की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश की महत्वाकांक्षी उपोष्णकटिबंधीय बागवानी सिंचाई एवं मूल्यवर्धन परियोजना (एचपी शिवा) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित कर रही है। दुबई के प्रतिनिधिमंडल में शामिल अब्दुल्ला अल अली एवं सगीर खान ने 31 अक्तूबर को निदेशालय उद्यान विभाग, नवबहार, शिमला में परियोजना निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर तथा एचपी शिवा पीएमयू टीम के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।

बैठक का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत उत्पादित फलों (मीठे संतरे, अनार) एवं कट फ्लावर (गुलाब एवं कार्नेशन) के मध्य पूर्व देशों, विशेषकर दुबई को निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर ने परियोजना की प्रगति एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीशिवा के तहत प्रदेश के सात जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, ऊना, सोलन और सिरमौर में वैज्ञानिक दृष्टि से विकसित क्लस्टरों की स्थापना की गई है। इनमें उच्च उत्पादकता एवं निर्यातोन्मुख किस्मों की खेती की जा रही है, जो रंग, आकार, मिठास, ब्रिक्स स्तर और शेल्फ लाइफ के सभी अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरती हैं। डॉ. ठाकुर ने बताया कि किसानों को गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसेज , प्रिसीजन इरिगेशन, फर्टिगेशन, तथा एकीकृत कीट एवं पोषण प्रबंधन जैसी आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप परियोजना क्षेत्र में उत्पादन की गुणवत्ता और निरंतरता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि क्लस्टर-आधारित मॉडल से उत्पादों की ट्रेसबिलिटी, क्वालिटी स्थिरता और वॉल्यूम एग्रीगेशन संभव हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की प्राथमिक आवश्यकता है।

सहायक परियोजना निदेशक, डॉ. रमल अंगारिया ने कहा कि परियोजना हिमाचल के किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उन्हें वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने के लिए भी मार्ग प्रशस्त कर रही है। परियोजना के तहत किसानों की क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि वे गुणवत्ता, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और निर्यात मानकों को स्वयं समझकर आत्मनिर्भर बन सकें।

दुबई प्रतिनिधिमंडल ने एक नवंबर को जिले के करोट क्लस्टर का दौरा किया। यहां उन्होंने किसानों से संवाद किया और क्लस्टर में अपनाई जा रही आधुनिक हाइटेक ड्रिप इरिगेशन, एनिमल प्रूफ सोलर फेंसिंग और फर्टिगेशन सिस्टम, का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने एचपी शिवा परियोजना की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की जलवायु, प्राकृतिक संसाधन और वैज्ञानिक खेती की तकनीकें इसे विश्वस्तरीय फल एवं फूल उत्पादक राज्य बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि एचपी शिवा के उत्पाद इंटरनेशनल क्वालिटी स्टैंडर्ड्स के अनुरूप हैं, और वे जल्द ही दीर्घकालिक व्यापारिक सहयोग के लिए विस्तृत प्रस्ताव पर कार्य करेंगे।


बिलासपुर जिले के करोट क्लस्टर का दौरा करने पहुंचा दुबई से आया प्रतिनिधिमंडल व परियोजना के अधिकारी।

### दुबई में हिमाचली फलों-फूलों की मांग खुशी की बात

**डॉ.** जगदीश वर्मा, उपनिदेशक उद्यान, बिलासपुर ने प्रतिनिधिमंडल को क्लस्टर की कार्यप्रणाली और बागवानी तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि एचपी शिवा परियोजना के तहत बिलासपुर जिला अब निर्यात केंद्रित बागवानी उत्पादन में तेजी से उभर रहा है। हमारे किसान अब वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती कर रहे हैं, जिससे उनके उत्पाद गुणवत्ता, स्वाद और शेल्फ लाइफ के मामले में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुबई जैसे बाजारों में हिमाचली फलों और कट फ्लावर की मांग बढ़ना हमारे किसानों के लिए एक नई आर्थिक संभावना है। यह पहल किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर शहर के कुछ क्षेत्रों में आज पावर कट




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-2 रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 नवंबर को बिजली की लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते बिलासपुर शहर के साथ लगते कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि डियारा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र कॉलेज चौक, श्रीराम फाईनेंश, जल शक्ति उपमंडल कार्यालय तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। शटडाउन मौसम पर निर्भर रहेगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### एसपी ने बताए साइबर अपराधों से बचने के उपाय

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा शिविर में उपस्थित लगभग 60 छात्रों को अध्यापकों की उपस्थिति में संबोधित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया, जिसमें प्रतियागी परीक्षाओं पर चर्चा व पुलिस की कार्यप्रणाली, नशे पर जागरूकता व साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। साइबर जागरूकता प्रतियोगिता करवाने पर छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए टी शर्ट भी बांटे गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में साइबर सेल बिलासपुर के कर्मचारियों द्वारा भी छात्रों को जागरूक किया गया।

### संस्कृत श्लोकोच्चारण में गुलशना प्रथम

**अनंत ज्ञान, दधोल।** जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम-2025 का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में हुआ, जिसमें राजकीय उच्च पाठशाला भपराल की दो प्रतिभागियों ने भाग लिया संस्कृत श्लोक उच्चारण में गुलशना ने और भाषण में पूर्णिमा ठाकुर ने भाग लिया, संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में गुलशना ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस उपलक्ष्य में स्थानीय पाठशाला की मुख्य अध्यापिका इंदिरा रानी शर्मा ने बच्चों को बच्चों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं और साथ ही संस्कृत अध्यापक विकास शर्मा को तैयारी करने का श्रेय दिया। साथ ही मुख्य अध्यापिका ने कहा कि इस तरह प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और अब हमारी यह बच्ची राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सिरमौर में जाएगी उसकी भी शुभकामनाएं प्रदान की।

### कला उत्सव में छाए टकरेड़ा स्कूल के होनहार



**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** राजकीय उच्च पाठशाला टकरेड़ा के छात्र अजय कुमार पुत्र प्यार सिंह ने जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ और विद्यालय की तीन छात्राओं कुमारी बबिता, अदिति एवं कोमल ने जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सुगम संगीत एवं संस्कृत गीतिका श्लोक और चरण एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया तथा संस्कृत गीतिका में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। मुख्याध्यापिका मीना ठाकुर ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी। इस अवसर पर सुमन, सुनील, सोनिया, राजेश, शालिनी, राजेंद्र व श्याम लाल उपस्थित रहे।

### कोठीपुरा स्कूल में एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में शनिवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन स्कूल की प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने आकर्षक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्या ने स्वयंसेवियों से कहा कि सेवा भाव ही राष्ट्रीय सेवा योजना की आत्मा है, इसे जीवन में अपनाएं। समाज के लिए किया गया छोटा सा कार्य भी बड़ा बदलाव ला सकता है। आप सभी स्वयंसेवी विद्यालय का गौरव हैं, अनुशासन और समर्पण के साथ इस शिविर को सफल बनाएं। कार्यक्रम अधिकारी रुप लाल एवं आशा देवी ने आगामी सात दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर के दौरान जल स्रोतों की सफाई, आसपास के प्राथमिक विद्यालय में सफाई अभियान, शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि रट्ट गांव को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत गोद लिया गया है। शिविर अवधि में स्वयंसेवी गांव में जाकर विभिन्न जनहितैषी कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे।

### समतैहन मंदिर में बताया एकादशी का महत्व

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** ठाकुरद्वारा समतैहन मंदिर में चल रहे श्री भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य प्रमोद पुंज ने एकादशी महत्व को बताते हुए परम भागवत में एकादशी व्रत पारायण राजा रूक्मणगढ़ के चरित्र को सुनाया, जिन्होंने एकादशी व्रत में निष्ठा से ही भगवान को प्रसन्न कर दिया। इंद्र देव उनको विचलित करने के लिए मोहिनी नामक एक अप्सरा को भेजते हैं, जो राजा को अपनी सुंदरता से मोहित कर लेती है। राजा एक बार मोहिनी को अपनी शर्त मानने का वचन दे देते हैं और बाद में जब मोहिनी एकादशी के दिन व्रत तोड़ने के लिए कहती है, तो राजा इनकार कर देता है। इस पर मोहिनी कहती है कि राजा व्रत नहीं तोड़ेंगे, तो उन्हें अपने पुत्र का सिर काटकर उसे देना होगा। अंत में, भगवान विष्णु स्वयं प्रकट होते हैं और राजा की भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें और उनके परिवार को वैकुंठ ले जाते हैं।

# भाजपा में हमेशा संगठन ही सर्वोपरि : कटवाल

## विधायक बोले- पार्टी के लिए आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने के साथ ही उनकी समस्याएं जानने, विकास कार्यों की फीडबैक लेने और संगठन की मजबूती के लिए झंडूता भाजपा ने एक नई पहल की है। इसके तहत टिफिन बैठकें शुरू की गई हैं।

शनिवार को इसकी शुरुआत भाजपा के शाहतलाई मंडल से की गई। वन विभाग के घंडीर विश्राम गृह में मंडल अध्यक्ष डॉ. रामप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में भारत विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। इसमें देश के हर व्यक्ति, पार्टी के हर कार्यकर्ता और हर परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी के मद्देनजर मोदी सरकार ने 'घर-घर स्वदेशी, हर-घर स्वदेशी' अभियान शुरू किया है। हर घर में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बढ़ने से जहां देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, वहीं स्थानीय कारीगर, किसान और उद्यमी भी सशक्त होंगे। 'वोकल फॉर लोकल' का सही मायनों में अभिप्राय भी यही है। जीतराम कटवाल ने कहा कि किसी भी संगठन की ताकत उसके संगठित, समर्पित और संवेदनशील कार्यकर्ता होते हैं। भाजपा में चाहे बूथ अध्यक्ष या पन्ना प्रमुख हों, या कोई और, सभी संगठन के मजबूत स्तंभ हैं। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की एकजुटता, अनुशासन और कार्यशैली से आम लोगों तक पहुंचना है। टिफिन बैठक केवल सामूहिक भोजन करने नहीं, बल्कि संगठन के सामूहिक चिंतन और मनन का माध्यम भी है। भाजपा में हमेशा संगठन को सर्वोपरि माना जाता है। इसकी मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों में मंथन किया जाता है। टिफिन बैठक भी इसी का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे हर व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। टिफिन बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरदयाल सिंह चंदेल व पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गौतम के साथ ही मंडी कार्यकारिणी तथा मोर्चों व ग्राम केंद्र के अध्यक्षों ने भाग लिया। इससे पहले जीतराम कटवाल ने झंडूता बड़ी-बिल्लौर गांव निवासी सूरम सिंह चंदेल के घर पहुंचकर कुछ दिन पहले आग की भेंट चढ़े मवेशीखाने का मुआयना भी किया। उन्होंने इस पर दुख जताते हुए कहा कि मवेशियों और संपत्ति का नुकसान परिवार के लिए एक बड़ा आघात है। दुख की इस घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ हैं।



# गोशाला झबोला में गोपाष्टमी पर्व पर किया भजन-कीर्तन

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

गोशाला झबोला में गोपाष्टमी पर्व पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर न्यास अधिकारी एवं एसडीएम झंडूता आर्शिया शर्मा तथा श्रीश्री 1008 महंत राजेंद्र गिरी दियोटसिद्ध ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोनों विशिष्ट अतिथियों ने गोपूजन एवं हवन यज्ञ कर आहुति डाली।

गोशाला समिति ने एसडीएम झंडूता आर्शिया शर्मा एवं श्रीश्री 1008 महंत राजेंद्र गिरी जी को टोपी, शाल तथा बाबा बालक नाथ का फोटो भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि झबोला गोशाला वर्ष 2004 से कार्यरत है, जिसमें लगभग 150 गोवंश हैं, जिनकी देखरेख गोशाला समिति करती है। गोवंश के लिए चारा, तूड़ी और रहन-सहन का खर्च सरकार, प्रशासन तथा स्थानीय गोसेवकों के सहयोग से जाता है।

इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर पूरे पंडाल की रौनक बढ़ा दी। साथ ही, गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में गोकथा का भी आयोजन किया गया, जिसमें गोमाता के धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इस आयोजन में प्रधान यशपाल चंदेल, वरिष्ठ प्रधान हरीश भारद्वाज, उपप्रधान जगत राम, सचिव विशाल कुमार, ऑडिटर कृष्ण चंद, तथा अन्य सदस्य हेमराज धीमान, भजन लाल, कैप्टन कंचन और गांव के अन्य ग्रामीण लोग भी उपस्थित थे।

# भराड़ी पुलिस ने 16 .19 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़े दो आरोपी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

थाना भराड़ी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 16.19 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में धारा 21 व 29 एनडी एंड पीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस टीम ने यह नशीला पदार्थ अरुण कुमार पुत्र कश्मीर सिंह, निवासी गांव कुहदरा (लोहत), डाकघर लहरी सरेल, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर तथा नरेंद्र कुमार पुत्र रतन लाल, निवासी गांव बेहड़ा, डाकघर डोमेहर, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर के कब्जे से बरामद किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बिलासपुर पुलिस नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर सख्ती से अमल कर रही है और आम जनता से भी नशा मुक्ति अभियान में सहयोग की अपील की है।

# बिजली बोर्ड के लाइन स्टाफ को दें सेफ्टी टूल किट्स

## विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन ने बोर्ड के उच्च अधिकारियों के समक्ष रखी मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन की बिलासपुर इकाई ने लाइन स्टाफ को सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी टूल किट्स) उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है। शुक्रवार को यूनियन के प्रदेश मुख्य सलाहकार एवं जिला अध्यक्ष यशवंत चौहान 'बिट्टू' की अध्यक्षता में एसई गौरव शर्मा और एक्सईएन मनोज पुरी के साथ आयोजित बैठक में यह मांग प्रमुखता से रखी गई। यूनियन ने कहा कि लाइन स्टाफ को कार्य के दौरान जूते, बेल्ट, हेलमेट, ग्लव्स और रेनकोट जैसी सेफ्टी सामग्री प्रदान की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अनहोनी से बचाव हो सके। बैठक में कर्मचारियों की समयबद्ध पदोन्नति सुनिश्चित करने, सिविल कार्यों से जुड़े लंबित प्रोजेक्ट जल्द पूरे करने, तथा ऑफिसों और सेक्शनों में पर्याप्त फर्नीचर व वाटर कूलर की व्यवस्था करने की भी मांग की गई। साथ ही, कार्यालयों और सेक्शन की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी बल दिया गया।



बैठक में यूनियन के महामंत्री जोगेंद्र सिंह डोगरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल, उपाध्यक्ष विकास विशाल, बलजीत, मोनिका, विनोद, मोनू, हेमा, सहसचिव आदर्श, संयुक्त सचिव सुनील, संगठन सचिव रेणु, वित्त सचिव अनिल, लेखाकार सुधा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि कर्मचारियों की जायज मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन को आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ सकते हैं।

# बिलासपुर कॉलेज ने कैनोइंग-कयाकिंग में जीते तीन कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की महिला वर्ग की कैनोइंग और कयाकिंग प्रतियोगिता टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कैनोइंग और कयाकिंग प्रतियोगिता में तीन कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि हमारे महाविद्यालय बिलासपुर की महिला वर्ग की टीम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कैनोइंग और कयाकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय देहरी (कांगड़ा)गई थी और वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करके महिला वर्ग टीम ने महाविद्यालय का नाम रोशन कर हमें गौरवान्वित किया है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 अक्तूबर को देहरी (कांगड़ा) में हुआ, जिसमें लगभग 12 महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के तीन खिलाड़ी छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज की नैनाक्षी ने 200 मीटर में कांस्य, अंजलि शर्मा और नैनाक्षी ने 200 मीटर में कांस्य और निकिता और अंजलि शर्मा ने 1000 मीटर में कांस्य पदक जीता। कॉलेज को तीसरा स्थान मिला। प्रधानाचार्य डॉ. कटवाल ने कहा कि जहां शैक्षणिक क्षेत्र में बिलासपुर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वहीं खेल जगत में भी निरंतर लोहा मनवा रहे हैं।

### लड़कों के अंडर-18 खो-खो ट्रायल आज

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** बिलासपुर अंडर-18 ब्वॉयज खो-खो टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 2 नवंबर को जुखाला में होंगे। चयनित खिलाड़ी 8 व 9 नवंबर को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 4 जनवरी 2008 के बाद हुआ हो। साथ ही खिलाड़ियों को बजन, ऊंचाई तथा आयु के कुल निर्धारित इंडेक्स 250 को भी पूरा करना होगा। ट्रायल में भाग लेने वाले जिले के खिलाड़ी सुबह 9 बजे खेल प्रांगण में पहुंच जाएं।

# लढयाणी-बरोटा बाया लेहडी सरेल मार्ग 29 तक बंद

## झंडूता उपमंडल का जड्डू-बड़गांव रोड 30 नवंबर तक बंद करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि घुमारवीं उपमंडल के लढयाणी से बरोटा बाया लेहडी सरेल मार्ग के आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के यातायात के लिए आगामी 29 नवंबर तक बंद रहेगा। उन्होंने भराडी की ओर से आने वाले वाहनों को रोहल खड्ड से घुमारवीं तथा लेहरी सरेल से आने वाले वाहनों को मिहाडा-खिल-लौहट रोड़ से डायवर्ट करने के आदेश जारी किए है।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने झंडूता उपमंडल के जड्डू से बड़गांव रोड के मरम्मत कार्य के चलते आगामी 30 नवंबर तक बंद करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने जड्डू से बड़गांव रोड़ को सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद किया है तथा इस रूट के वाहनों को डोहक-ठठल जंगल रोड़ तथा गंगलोह-मलरांओ रोड़ और तलाई-धनी रोड़ का उपयोग करने के निर्देश जारी किए है। जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त ने बताया कि ये आदेश एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों के लिए लागू नहीं होंगे।

# शाहतलाई मंदिर के 2 .70 करोड़ के विकास कार्य मंजूर : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं मंदिर परिसर के विकास के लिए 2 करोड़ 70 लाख के विभिन्न विकासात्मक कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इन सभी निर्माण कार्यों को मार्च 2026 से पहले पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्नानागार, चेंजिंग रूम तथा महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, लगभग 75 लाख की लागत से मंदिर परिसर एवं घाट क्षेत्र का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर की सुंदरता एवं स्वच्छता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चढ़ावे के लिए क्यूआर कोड प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे भक्तगण डिजिटल माध्यम से भी आसानी से दान कर सकेंगे। साथ ही, बाबा बालक नाथ मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट भी तैयार की जा रही है, जिसके माध्यम से भी श्रद्धालु ऑनलाइन दर्शन का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। राहुल कुमार ने कहा कि मां श्री नयना देवी मंदिर की तर्ज पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दर्शन सुविधा भी उपलब्ध करवाने की योजना भी तैयार की जा रही है, ताकि अधिकाधिक श्रद्धालु बिना भीड़-भाड़ के दर्शन कर सकें।

**सुविधा** जिला स्तरीय उज्ज्वला योजना की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार ने दी जानकारी

# गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मिलेंगे मुफ्त गैस सिलेंडर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय उज्ज्वला योजना बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को योजना के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक का संचालन जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बिलासपुर ब्रिजेंद्र सिंह पठानिया ने किया। उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना-3 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला उज्ज्वला समिति का गठन कर लिया गया है। यह समिति उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्य करेगी तथा योजना से संबंधित सभी आवश्यक गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य जिला की गरीब परिवारों की महिला सदस्यों को निशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना है, ताकि महिलाओं को स्वच्छ ईंधन से खाना बनाने की सुविधा मिल सके। साथ महिलाओं का स्वास्थ्य रखने तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना भी है।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना वर्ष 2017 में प्रारंभ की गई थी। इस योजना का नया चरण उज्ज्वला 3.0 प्रारंभ किया गया है, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को दिया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला के गरीब परिवारों की वयस्क महिला सदस्य योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकती हैं।


प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना-3 के बारे में जानकारी देते डीसी राहुल कुमार।

### पात्रता की शर्तें

**डीसी** ने बताया कि योजना के अंतर्गत वही परिवार पात्र होंगे जिनके किसी भी सदस्य/ के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन दर्ज नहीं है। परिवार की संरचना की पुष्टि राशन कार्ड या अन्य मान्य दस्तावेजों के माध्यम से की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऐसे परिवार जिनके परिवार का कोई सदस्य 10 हजार रुपए प्रति माह से अधिक आय वाला हो, परिवार द्वारा प्रोफेशनल टैक्स या आयकर का भुगतान किया जा रहा हो, परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, परिवार के नाम गैरकृषि उद्यम सरकारी पंजीकृत हो, जिन परिवारों का किसान क्रेडिट कार्ड 75 हजार से अधिक सीमा वाला हो या जिनके पास 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि एवं 1 सिंचाई उपकरण हो, दो फसल सीजन हेतु 5 एकड़ या अधिक सिंचित भूमि हो, 7.5 एकड़ या अधिक भूमि के साथ एक सिंचाई उपकरण हो, 30 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का निजी मकान (सरकारी योजना से अलग) हो, मोटर चालित 3/4 पहिया वाहन या मछली पकड़ने वाली नाव हो, यांत्रिक कृषि उपकरण (3/4 पहिया) स्वामित्व में हो या पहले से एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध हो ऐसे किसी भी परिवार को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन के लिए अयोग्य माना जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सकुशल मिली 9 वर्षीय लापता बच्ची

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शनिवार सुबह 9 वर्षीय बच्ची सिमर, निवासी पक्का टाला, जो राजकीय उच्च विद्यालय पक्का टाला में छठी कक्षा की छात्रा है, स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची। परिवार ने सुबह 9:30 बजे चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दी और अपनी ओर से तलाश शुरू की। चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के जिला संयोजक कपिल शर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सदर थाना चंबा, सिटी थाना और बस स्टैंड को सूचित किया। सोशल मीडिया के माध्यम से भी बच्ची की खोज की गई। लगातार खोजबीन के बाद, लगभग 12:30 बजे बच्ची न्यू बस स्टैंड चंबा में सकुशल मिली और माता-पिता को सौंप दी गई। कपिल शर्मा ने बच्ची और परिवार से संवाद कर काउंसलिंग की। तत्परता और संवेदनशीलता के कारण मामला कुछ ही घंटों में सुलझ गया।

### नशामुक्ति, वृद्ध सम्मान पर दी जागरूकता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल की एनएसएस इकाई द्वारा शनिवार को एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने की, जबकि कार्यक्रम के संयोजक प्रो. संजीव कुमार रहे। शिविर के दौरान एनएसएस इकाई ने गांव स्यूण को गोद लिया और स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में गांव में जाकर नशा मुक्ति, वृद्ध सम्मान और स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने लोगों से नशे से दूर रहने, बुजुर्गों का आदर करने तथा स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की।ग्रामीणों के साथ संवाद के दौरान स्वयंसेवकों ने समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों के लिए जलपान का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### 65 दुकानदारों को फूड लाइसेंस किए जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल की अध्यक्षता में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 की प्रभावी अनुपालना को लेकर जिला सलाहकार समिति बैठक उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सहायक आयुक्त ने विद्यालयों के आसपास दुकानों में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण और आंगनबाड़ी केंद्रों के पंजीकरण पर विशेष जोर दिया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीपक आनंद ने बताया कि इस वित्त वर्ष अप्रैल से अब तक 65 दुकानदारों को फूड लाइसेंस जारी किए गए, 185 खाद्य सैंपल एकत्रित किए गए और 78 फूड बिजनेस ऑपरेटरों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मोबाइल फूड टेस्टिंग वाहन का उपयोग कर जागरूकता अभियान और मिंजं मेले में 250 खाद्य सैंपलों की जांच की जानकारी साझा की।

### पंडोल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंडोल में शनिवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाजसेवी सुरेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इस विशेष शिविर में एनएसएस के 25 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जो एनएसएस अधिकारियों सुरेश कटोच और अलका देवी के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों में भाग लेंगे। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।शुभारंभ अवसर पर पाठशाला के प्रधानाचार्य के.वी. अरुण, एसएमसी प्रधान, तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मुख्यातिथि सुरेश कुमार और प्रधानाचार्य अरुण ने सभी स्वयंसेवियों को शिविर के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं तथा समाजसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

### डॉ. आशा लकड़ा आज से चंबा प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदस्य राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग डॉ. आशा लकड़ा 2 से 4 नवंबर तक चंबा जिले के प्रवास पर रहेंगी। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. आशा लकड़ा 2 नवंबर को सायं चंबा पहुंचेंगी। डॉ. आशा लकड़ा 3 नवंबर को प्रातः 11 बजे परिधि गृह चंबा में अनुसूचित जनजातीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी। इसके पश्चात दोपहर बाद वह प्रशासनिक एवं जिला अधिकारियों के साथ आयोजित होने वाली बैठक की भी अध्यक्षता करेंगी। डॉ. आशा लकड़ा 4 नवंबर को प्रातः चंबा से काँगड़ा के लिए प्रस्थान करेंगी।

### छात्रों ने किया शानन पॉवर हाउस का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी में स्थित राजकीय महाविद्यालय मुल्थान द्वारा शानन पॉवर हाउस का भ्रमण डाक्टर संजय कुमार सहायक प्राचार्य व प्रोफेसर इकोनॉमिस की अगुवाई में किया गया। सहायक प्राचार्य संजय कुमार ने बताया कि इस दौरान छात्र छात्राओं ने भाग लिया। बरोट में स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड की शानन पावर हाउस के रेजरवायर का भ्रमण करते हुए बरोट में कार्यरत पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारी मेला राम और मनोज ने छात्र छात्राओं को पावर हाउस की विस्तृत जानकारी दी। इस भ्रमण के सफल आयोजन पर कार्यकारी प्राचार्य ने सभी को बधाई दी। इस अवसर पर डाक्टर अनमोल और डाक्टर अभिषेक सिंह छात्र छात्राओं के साथ मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रिक बसें भेजने के लिए भेजा रिमाइंडर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एचआरटीसी सरकाघाट व धाडता क्षेत्र के लिए बसों की कमी को दूर करने के लिए धाडता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता और सरकाघाट विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रमेश चन्द भारद्वाज के अनुरोध पर 3 सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उपमंडल अधिकारी (ना0) सरकाघाट के माध्यम से ज्ञापन भेज कर मांग की है, कि मुख्यमंत्री सरकाघाट डिपो तथा धाडता क्षेत्र के लिए बसों की कमी को दूर करने के लिए, इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के दौरान 50 बसे सरकाघाट डिपो के लिए खरीदें और भेजें। उन्होंने सुझाव दिया कि बसों की खरीद के दौरान जल्दी जल्दी खराब होने वाले कल पुर्जो को अलग से अतिरिक्त भेजें व दिव्यांगों की सीटों को प्रदर्शित करने के साथ सभी बसों में मोबाइल व लैपटॉप चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा सुनिश्चित करें। इस मौके पर हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरि दास प्रजापति, हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन, खंड सरकाघाट के महासचिव जगदीश नरयाल, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा, खंड सरकाघाट के कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह भारद्वाज आदि शामिल रहे।

### पहली पारी में 90 ओवर में बनाए 293 रन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी हैदराबाद व हिमाचल की टीम के बीच खेला जा रहा है। हिमाचल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी खेलते हुए हिमाचल की टीम ने पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 90 ओवर में 7 विकेट पर 293 रन बनाए। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम नादौन के प्रभारी संजय ठाकुर टिंका ने बताया कि हिमाचल के बल्लेबाज एपी वशिष्ठ ने शानदार पारी खेलते हुए नाबाद 114 रन बनाए। जबकि बल्लेबाज एस आर पुरोहित ने 37, एके बैंस ने 30 तथा पुखराज मान ने 30 रन बनाए। उन्होंने बताया कि हैदराबाद की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज रोहित रायडू ने 3 विकेट ली जबकि तनय ने दो और मिलिन्द व निशांत ने एक-एक विकेट ली।

### 'रन फॉर यूनिटी' में दौड़ते बच्चों को बांटा जूस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोरंज क्षेत्र में 31 अक्टूबर को आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के दौरान सीएसआर स्वेरा फाउंडेशन के संस्थापक एमके भारद्वाज ने सभी दौड़ में भाग लेने वाले बच्चों को रिफ्रेशमेंट के रूप में जूस वितरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने किया। इसमें स्कूली छात्र-छात्राएं, एनसीसी व एनएसएस वॉलंटियर्स, युवा शक्ति, महिला शक्ति और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एमके भारद्वाज ने बताया कि जय बाबा कमलाहिया आराधना संस्था पिछले 16 वर्षों से नशामुक्ति, सड़कों की सुरक्षा, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जल व कृषि संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि संस्था जल्द ही हमीरपुर में वृद्धाश्रम और बुजुर्ग केयर सेंटर स्थापित करने की योजना बना रही है और इसके लिए स्थानीय सहयोग की अपील की।

### शिक्षकों में बढ़ाई रचनात्मकता, शैक्षणिक दक्षता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** रंगस में आयोजित 'लर्निंग एंड एन्हांसमेंट कार्यक्रम' का उद्देश्य शिक्षकों में शैक्षणिक दक्षता, रचनात्मकता और व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ाना था। कार्यक्रम का अवलोकन उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर, कमल किशोर भारती ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, समूह गतिविधियों और विभिन्न विषयों पर आधारित वर्कशॉप्स के माध्यम से सीखने का अनुभव मिला। कमल किशोर भारती ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और सीखने की क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नोडल अधिकारी पुनीत कौशल ने सभी शिक्षकों और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का आश्वासन दिया, ताकि शिक्षा में गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।

# ट्रैफिक में फंसी मदद, जल गई उम्मीदें

## चंबा के सुल्तानपुर क्षेत्र में दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



चंबा के सुल्तानपुर क्षेत्र में दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख।

**चंबा।** चंबा के सुल्तानपुर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में करीब लाखों का सामान राख में बदल गया। दुकान में हल्दी के पैकेट, चिप्स, और अन्य किराना सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। दुकान के मालिक हितेश कुमार ने बताया कि उन्हें शाम 6:45 बजे किसी ने आग की सूचना दी। वे उस समय पास ही सामान लेने गए थे। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को कॉल किया, लेकिन जब तक मदद पहुंची, आग सब कुछ निगल चुकी थी।

हितेश कुमार ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'अगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ट्रैफिक में ही फंस जाएगी, तो फिर कॉल करने का क्या फायदा? मेरा नुकसान तो हो गया, लेकिन आगे किसी और के साथ ऐसा न हो इसके लिए फायर ब्रिगेड ऑफिस को मुख्य बाज़ार से बाहर शिफ्ट किया जाए, ताकि गाड़ियां बिना बाधा के निकल सकें। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना स्थल कॉलेज चंबा के पास है, जहां सड़कें तंग हैं और भीड़भाड़ हमेशा बनी रहती है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी को 10 मिनट से ज्यादा ट्रैफिक में फंसना पड़ा, जिससे आग और भड़क उठी। फायर ब्रिगेड चंबा स्टेशन के अनुसार, उन्हें शाम 6:51 बजे हितेश कुमार की ओर से कॉल प्राप्त हुई।

सिर्फ एक मिनट में गाड़ी रवाना कर दी गई, लेकिन भरमौर चौक तक जाम होने के कारण लगभग 2 मिनट की देरी देरी हो गई। टीम ने करीब 300 फीट लंबी पाइप लाइन बिछाकर किसी तरह पानी फेंका और 8:50 बजे तक आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती, तो नुकसान कम हो सकता था।

अब सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन इस चेतावनी से सबक लेगा और फायर स्टेशन को ऐसी जगह शिफ्ट करेगा, जहां से मदद समय पर पहुंच सके? स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और फायर ब्रिगेड स्टेशन को भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। हितेश कुमार के अनुसार, संभावना है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी हो, लेकिन अभी जांच जारी है। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी आग लगने का कारण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा है।

### बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग चंबा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोल में किशोरियों के लिए मासिक धर्म पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कुसुम मुख्यातिथि रही। सीडीपीओ महिला राजेश राय ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी बनाना और उनके सपनों को साकार करने की प्रेरणा देना है। उन्होंने 'अपराजिता मैं चंबा की' अभियान के तहत बालिकाओं के समान अवसर और सशक्तिकरण पर जोर दिया। जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ ने मासिक धर्म, स्वच्छता और संतुलित आहार पर जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन और वन स्टॉप सेंटर की टीम ने छात्राओं को सुरक्षा, सोशल मीडिया और बाल अधिकारों से अवगत कराया। करीब 120 छात्राओं और शिक्षक-कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया, महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वाभिमान और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश प्राप्त किया।

## चंबा कॉलेज में एनएसयूआई राज्य अध्यक्ष अभिनंदन का भव्य स्वागत



छात्रों की समस्याओं को प्रशासन और विश्वविद्यालय तक पहुंचाने का भरोसा दिया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एनएसयूआई के राज्य अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर का शनिवार को चंबा कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज एनएसयूआई यूनिट द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा और कॉलेज यूनिट अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज सहित एनएसयूआई के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएँ राज्य अध्यक्ष के समक्ष रखीं। इनमें मुख्य रूप से ट्रांसपोर्ट सुविधा की कमी, कॉलेज प्रशासन से संबंधित व्यवस्थाओं में सुधार और विद्यार्थियों की सुविधाओं से जुड़े अन्य मुद्दे शामिल रहे। कॉलेज यूनिट अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने विद्यार्थियों की ओर से सभी मुद्दे विस्तारपूर्वक रखे और कहा कि एनएसयूआई सदैव छात्रों की आवाज़ को मजबूती से उठाती रही है तथा आगे भी छात्रों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी।

राज्य अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि इन सभी मुद्दों को संबंधित प्रशासनिक और विश्वविद्यालय स्तर तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिला, कॉलेज एवं यूनिट स्तर के सभी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पहाड़ी दिवस पर स्कूल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कल

**अनंत ज्ञान, चबा।** जिला भाषा अधिकारी, तुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा पहाड़ी तथा हिन्दी भाषा के संरक्षण तथा प्रोत्साहन के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 'पहाड़ी दिवस' मनाया जाता है। इसी क्रम में 3 नवम्बर को जिला भाषा एवं संस्कृति कार्यालय, चम्बा द्वारा विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। ये प्रतियोगिताएं प्रात: 10 बजे से आरंभ होंगी। इस दौरान निबंध लेखन, लोकोक्तियां/मुहावरे लेखन तथा पहेली लेखन प्रतियोगिता बचत भवन, चम्बा में आयोजित की जाएगी, जबकि भाषण प्रतियोगिता जिला भाषा अधिकारी कार्यालय, चम्बा स्थित रंगमहल के सम्मेलन कक्ष में संपन्न होगी। इन प्रतियोगिताओं में जिला चम्बा के 14 शिक्षा खंडों के लगभग 25 से 30 विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पहाड़ी भाषा एवं स्थानीय संस्कृति के प्रति रुचि, गर्व और जागरूकता की भावना विकसित करना है, ताकि नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा और लोक परंपराओं से आत्मीय रूप से जुड़ सके।

### बालु में स्थापित होगा नया ट्रांसफार्मर: तेजू


**अनंत ज्ञान, चंबा।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चंबा नंबर-1 तेजू ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मारुति बालु में वोल्टेज क्षमता में वृद्धि करने के दृष्टिगत 2 नवंबर को 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 400 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है तथा इसके अलावा जरूरी मुरम्मत व रखरखाव का कार्य करना भी सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रातः 7:30 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक या कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्र मोहल्ला बालु, डिग्री कॉलेज के साथ लगते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने यह भी बताया कि रखरखाव व मरम्मत का कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग का आह्वान किया है।

### गुडविल मैच खेलने हमीरपुर जाएगी क्रिकेट टीम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन (सीनियर सिटिजन) की टीम इस बार भी गुडविल क्रिकेट मैच खेलने हमीरपुर के लिए रवाना होगी। टीम 7 नवंबर को चंबा से प्रस्थान करेगी और 9 नवंबर को मुकाबला खेलकर वापस लौटेगी। टीम के कप्तान मेजर एस. सी. नैय्यर (सेवानिवृत्त), जिन्होंने भारत जूनियर चयन समिति और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने बताया कि चंबा की परंपरा रही है कि वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी मंडी, कुल्लू, सुंदरनगर आदि स्थानों में सौहार्दपूर्ण मैच खेलते हैं। 2007 से यह टीम विभिन्न जिलों की वेटरन टीमों से मुकाबले जीत चुकी है। मेजर नैय्यर ने कहा कि यह मैच केवल खेल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वरिष्ठ खिलाड़ियों को शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय रखने और प्रदेश में गुडविल व खेल भावना का संदेश फैलाने का माध्यम भी हैं।

### शिक्षक युद्धवीर टंडन को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मौड़ा में कार्यरत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक युद्धवीर टंडन को 'अर्थ जस्ट' संस्था के 'सतत शिक्षक समुदाय' द्वारा 'प्रकृति की पाठशाला' परियोजना के सफल क्रियान्वयन



हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस परियोजना के माध्यम से बच्चों को 'प्रकृति के साथ, प्रकृति द्वारा, प्रकृति के लिए' शिक्षा प्रदान की गई, जिसमें भाषा, गणित, विज्ञान, पर्यावरण और नैतिक शिक्षा सीधे प्राकृतिक परिवेश में सिखाई गई। इसे प्रारंभिक रूप में मासिक और बाद में साप्ताहिक गतिविधियों में विकसित किया गया। परियोजना का उद्देश्य पर्यावरण-मित्र विद्यार्थियों का निर्माण करना और प्रकृति संरक्षण को नैतिक दायित्व के रूप में समझाना है। टंडन इससे पहले 'कम्पोस्टिंग प्रोजेक्ट' के लिए भी सम्मानित हो चुके हैं।

### डीसी ने रोजगार व पुनर्वास के लिए रिक्त पदों व वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय जल विद्युत निगम की चमेरा चरण तीन विद्युत परियोजना के अंतर्गत परियोजना प्रभावितों के राहत एवं पुनर्वास से संबंधित मामलों की समीक्षा को लेकर विशेष निगरानी समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया। उपायुक्त ने राहत एवं पुनर्वास नीति (आरएंडआर) के अंतर्गत परियोजना प्रभावित लोगों को संविदा आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रिक्त पदों की स्थिति में कामगार श्रेणी के तहत इच्छुक व्यक्तियों की सूची संबंधित ग्राम पंचायत प्रधानों से हासिल करने को कहा। उन्होंने उपमंडल अधिकारी नागरिक -चंबा को भूस्खलन प्रभावित मुचका गांव के लोगों के पुनर्वास के लिए वैकल्पिक व्यवस्था को सरकारी एवं सामुदायिक भवनों को चिन्हित करने को कहा। बैठक में राष्ट्रीय जल विद्युत निगम प्रबंधन द्वारा अवगत किया कि संविदा के आधार पर 38 परियोजना प्रभावित तथा 66 परियोजना प्रभावित क्षेत्र एवं परियोजना प्रभावित ज़ोन से संबंधित लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना प्रभावित 243 लोगों को रोजगार की एवज में 5 लाख प्रति परिवार की दर से राशि उपलब्ध करवाई गई है।

### तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

## शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण: नीरज नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते विधायक नीरज नैय्यर।

सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने जिला के ऐतिहासिक चौगान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-14 (छात्र वर्ग) खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेलों का जीवन में उतना ही महत्व है जितना शिक्षा का। खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

विधायक ने कहा कि प्रतियोगिता का सफल आयोजन सभी अधिकारियों, शिक्षकों और राज्य खेलकूद संघ के सामूहिक प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने हार-जीत को स्वाभाविक बताते हुए खिलाड़ियों को निराश न होने और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित रहने का संदेश दिया। नीरज नैय्यर ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी राशि 120 से बढ़ाकर 250 कर दी है, जिससे बेहतर पोषण और प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा को 11 हजार रुपये और सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को 1100-1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

राज्य स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग और कबड्डी शामिल थे। विजेताओं में कबड्डी: शिमला, वॉलीबॉल: शिमला, खो-खो: चंबा, बैडमिंटन: कांगड़ा, बॉक्सिंग: मंडी और मार्च पास्ट में सोलन विजेता रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विकास महाजन, उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता भाग सिंह, उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा बलवीर सिंह सहित हिमाचल प्रदेश खेल संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उच्च न्यायालय के फैसले को जल्द लागू करे प्रदेश सरकार

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ खंड बल्द्वाडा जिला मंडी के कर्मचारियों का पांचवा सम्मेलन होटल ग्रीन पार्क के सभागार में आयोजित किया गया ।इस सम्मेलन की अध्यक्षता एनएचएम कॉन्ट्रेक्ट इम्पलाईज यूनियन हिमाचल प्रदेश के क़ानूनी सलाहकार राकेश शर्मा के द्धारा की गयी ।इस सम्मेलन में यूनियन द्धारा वर्ष 2025 में किये गये कार्यों की विधिवत जानकारी सचिव विवेक शर्मा के द्वारा सभी सदस्यों को दी गई।

इस सम्मलेन के दौरान सभी सदस्यों की आम सहमति से स्वास्थ्य खंड बल्द्वाडा के अंतर्गत एनएचएम कॉन्ट्रेक्ट इम्पलाईज यूनियन का गठन किया गया ।जिसमें डॉ.विपुल शर्मा को अध्यक्ष, डॉ.विशाल कुमार सोनी को उपाध्यक्ष,विवेक शर्मा को महासचिव,नंदिता को सह-सचिव,अनिता कुमारी को सह-सचिव,पूनम को कोषाध्यक्ष,हेमंत कुमार को प्रेस सचिव और राकेश कुमार शर्मा को क़ानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ विपुल और सभी सदस्यों ने एकजुट होकर प्रदेश सरकार से मांग की है कि उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के द्वारा एनएचएम कॉन्ट्रेक्ट इम्पलाईज यूनियन के पक्ष में सुनाये गये निर्णय को जल्द से जल्द लागू किया जाये। ताकि वर्षों से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई नियुक्ति का लाभ देते हुए उन्हें सभी वित्तीय लाभ प्रदान किए जाए एनएचएम कर्मचारियों के लिए तैयार की गई नीति को मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाये और शीघ्र अति शीघ्र लागू भी किया जाए ताकि एनएचएम कर्मचारियों का शोषण बंद हो और उन्हें छठे वेतन आयोग का लाभ मिल सके। यूनियन ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि लाभों और ग्रेच्युटी जैसे लाभों की कमी कर्मचारियों के लिए बहुत निराशाजनक है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अथक परिश्रम किया।

### बालु में कैंपस इंटरव्यू 7 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रोजगार कार्यालय बालु, चंबा में 7 नवंबर को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें टेरियर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड बद्दी, बरोटिवाला की निजी कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और कंप्यूटर ऑपरेटर के कुल 58 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास और ऊंचाई 170 सेमी अनिवार्य है, जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए स्नातक तथा कंप्यूटर डिप्लोमा आवश्यक है। दोनों पदों के लिए आयु सीमा 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है जिसमें की पुरुष वर्ग के लिए ही इन पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति टाटा स्टील, कोहारा, लुधियाना (पंजाब) में की जाएगी। जिसमें कि चयनित उम्मीदवारों को सिक्योरिटी गार्ड प्रतिमाह कम्पनी द्वारा वहन की जाने वाली कुल लागत 18,236 रुपये दी जाएगी, जिसमें से नेट इन हैंड वेतन लगभग 14,300 रुपये प्रतिमाह तथा कंप्यूटर ऑपरेटर का मासिक वेतन सीटीसी 22,100 जिसमें से नेट इन हैंड वेतन लगभग 17,100 रूपये प्रतिमाह दिया जाएगा। उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए अपने शैक्षिणक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेज लेकर निर्धारित तिथि व स्थानों पर सुबह 11 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित बनाएं। अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899-222209 पर संपर्क कर सकते हैं।

## दिनेश सकलानी फिर बने एसोसिएशन के प्रधान, देशमित्र उपप्रधान पद पर चयनित



जिला न्यायालय मंडी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव संपन्न।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव-2025 बार एसोसिएशन कार्यालय में संपन्न हुए। इस वर्ष प्रधान और उप प्रधान पद के लिए ही वोटिंग हुई और सचिव तथा सह सचिव के पद पर अधिवक्ताओं का चयन निर्विरोध हुआ। चुनावों का संचालक निर्धारित मानदंडों के अनुसार चुनाव संयोजक लोकेश कपूर एवं खूब राम शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

जानकारी देते हुए चुनाव संयोजक खूब राम शर्मा ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 409 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें दिनेश सकलानी प्रधान और देशमित्र को उप प्रधान के पद पर लगातार दूसरी निर्वाचित घोषित किया गया है। चुनाव में प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवारों में दिनेश सकलानी ने अपने प्रतिद्वंद्वी भंवर भारद्वाज से 128 मतों अधिक मत हासिल कर जीत दर्ज की गई। उप प्रधान पद के लिए देश मित्र ने अपनी प्रतिद्वंद्वी योगिता चौहान को 31 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। सचिव पद पर लीला प्रकाश और सहसचिव गौरव राणा निर्विरोध चुने गए। लाइब्रेरियन पद पर कुमारी नितू चयनित हुई।

कुल 14 वोट अमान्य पाए गए। चुनाव कार्य में अधिवक्ता दिनेश शर्मा, टीआर पठानिया, विजय भंडारी, निरजा ठाकुर, यशू कश्यप, सुशीला, जौनिका, पोवेनदर, चंदन रस्तोगी और गुमित ने मुख्य भूमिका निभाई।

### डीएवी जोगिंद्रनगर में 'स्पोर्ट्स एंड फन फेयर' का भव्य आयोजन

## बच्चों ने खेल व मस्ती में बिताया 'खुशियों का दिन'

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्र नगर में शनिवार को 'स्पोर्ट्स एंड फन फेयर - ए डे ऑफ जॉय एंड प्ले' शीर्षक के तहत एक रंगारंग और उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में नर्सरी से लेकर चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, झंडियों और सजावटी सामग्री से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण बच्चों की हंसी और उल्लास से गूंज उठा। मेले में बच्चों के लिए मिकी माउस कॉर्नर, ट्रैम्पोलिन, टॉय ट्रेन, जंगली बाउंसी, बैलून शॉटगन जैसे कई आकर्षक खेल स्टेशनों की व्यवस्था की गई थी, जहाँ बच्चों ने खूब आनंद लिया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह झलक रहा था।इसके अतिरिक्त टीम बिल्डिंग गेम्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने एकजुटता, सहयोग और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



इन खेलों ने न केवल बच्चों का मनोरंजन किया, बल्कि उनमें एक-दूसरे के साथ काम करने की क्षमता को भी विकसित किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डी.जे. पार्टी रही, जिसमें बच्चों ने जोश और उमंग से भरपूर होकर संगीत की धुनों पर नाचते हुए खूब मस्ती की। इस मौके पर शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके साथ इस खुशनुमा माहौल का आनंद उठाया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल और मनोरंजक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों और आयोजन समिति के सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पूरे दिन विद्यालय का वातावरण उत्सवमय बना रहा। बच्चे उत्साह और आनंद से सराबोर होकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते रहे। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को टॉफियाँ और प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।डी.ए.वी. जोगिंद्रनगर का यह आयोजन नन्हे-मुन्नों के लिए एक ऐसा दिन साबित हुआ, जिसमें उन्होंने न केवल खेलों का आनंद लिया बल्कि सीख, हंसी और खुशी का अनोखा संगम भी महसूस किया।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं सलोचना देवी** (61वर्ष) पत्नी राय सिंह निवासी गांव मरहूं, डाकघर राजल , तहसील व जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सलोचना देवी से बदलकर सुलोचना देवी रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

जय उसी की होती है जो अपने को संकट में डालकर कार्य संपन्न करते हैं। जय कायरों की कभी नहीं होती।

–जवाहर लाल नेहरू

संपादकीय

## करनी होगी प्रकृति की रक्षा

हिमाचल को देवभूमि इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहां इंसान के हर कर्म पर देवता दृष्टि रखते हैं और जब कोई व्यक्ति या समाज गलत दिशा में बढ़ने लगता है तो देवता उसे चेतावनी भी देते हैं, लेकिन अफसोस आज इंसान इतना स्वार्थी और अंधाधुंध विकास के नशे में चूर हो गया है कि वह देवताओं की चेतावनियों को भी अनसुना कर रहा है। नतीजा यह है कि प्रकृति ने अब हिसाब बराबर करना शुरू कर दिया है।

पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल में जो प्राकृतिक आपदाएं आई हैं, उन्होंने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है। कभी बादल फटने की घटनाएं, कभी पहाड़ों का दरकना, तो कभी बाढ़ और भूस्खलन की तबाही–ऐसा लगता है मानो देवभूमि खुद अपने अस्तित्व के लिए पुकार रही हो। इस बार का मानसून सीजन तो किसी भयावह अध्याय से कम नहीं था। जगह–जगह सड़कों का बह जाना, घरों का ढह जाना, मंदिरों का टूटना और सैकड़ों लोगों की जान जाना–ये सब किसी सामान्य घटना का परिणाम नहीं, बल्कि प्रकृति और देवता दोनों की नाराजगी का संकेत हैं। इंसान सब समझ रहा है, फिर भी अनजान बनने का ढोंग कर रहा है।

कुल्लू जिले के नग्गर में हुई 'जगती' में देवी–देवताओं ने अपने गुरों के माध्यम से जो संदेश दिया, वह पूरे हिमाचल के लिए एक गंभीर चेतावनी है। देवताओं ने साफ कहा है कि देव स्थलों के साथ छेड़छाड़ बंद की जाए। उन्होंने इस बात पर कड़ी आपत्ति जताई है कि लोग अपने स्वार्थ और पर्यटन के लालच में पवित्र स्थानों को व्यावसायिक रूप देने पर आमादा हैं। बिजली महादेव के लिए बनने वाले रोपवे का देवताओं ने विरोध किया है क्योंकि यह परियोजना पर्यावरण की अनदेखी कर रही है। रोपवे, होटल, पार्किंग और रिसॉर्ट्स जैसे निर्माण देवभूमि की पवित्रता को खा रहे हैं। देवता प्रकृति के रक्षक हैं, वे इस विनाश को अपने सामने नहीं देख सकते।

मणिमहेश यात्रा का उदाहरण हमारे सामने है। वहां यात्रियों और श्रद्धालुओं ने इतनी गंदगी फैलाई कि भगवान भोलेनाथ खुद मानो रुष्ट हो गए। इसके बाद जो बाढ़ और तबाही वहां आई, उसने सब कुछ साफ कर दिया–जैसे भगवान ने खुद अपनी भूमि को शुद्ध किया हो लेकिन फिर भी लोग नहीं समझे। वही गलती हर साल दोहराई जा रही है। कोई नदी के किनारे होटल बना रहा है, कोई पहाड़ काटकर सड़क चौड़ी कर रहा है, कोई जंगलों में रिसॉर्ट्स खोल रहा है। इस सबके बीच देवभूमि का स्वरूप और संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

हिमाचल के लोगों के लिए यह गर्व की बात है कि वे इस पवित्र भूमि में जन्मे हैं, लेकिन इसके साथ ही उनका कर्तव्य भी है कि वे इसकी रक्षा करें। देवताओं का कहा मानना केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन का भी मूल मंत्र है। अगर हम इसी तरह अपने फायदे के लिए जंगल काटते रहे, तो हिमाचल और मैदानी इलाकों में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। यहां का सौंदर्य, शांति और ठंडा वातावरण खत्म हो जाएगा और हिमाचल की पहचान मिट जाएगी। पर्यटकों को भी समझना होगा कि वे देवभूमि में आ रहे हैं, किसी साधारण पर्यटन स्थल में नहीं। यहां का हर कंकड़, हर झरना पवित्र माना जाता है। जब वे यहां आते हैं, तो उन्हें नियमों का पालन करना चाहिए–नदियों में गंदगी न फैलाएं, पवित्र स्थलों में शराब या प्लास्टिक का उपयोग न करें और स्थानीय संस्कृति का सम्मान करें। पर्यटन के नाम पर जो अराजकता फैलती है, उससे हिमाचल को नुकसान ही होता है। देवभूमि के देवता न केवल प्राकृतिक, बल्कि नैतिक और सामाजिक आचरण पर भी ध्यान देते हैं। 'जगती' में देवताओं ने गोमाता के प्रति उपेक्षा पर जो नाराजगी जताई, वह समाज के लिए आंख खोलने वाली बात है। एक तरफ हम गौमाता को अपनी माता कहते हैं और दूसरी तरफ जब वह उपयोग में नहीं रहती तो उसे सड़कों पर लावारिस छोड़ देते हैं। यह दोहरा आचरण हमारी आस्था का अपमान है।

देवता इस पाखंड को बखूबी समझते हैं और इसलिए क्रोधित हैं। उनका क्रोध केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं, बल्कि नैतिक चेतावनी भी है कि समाज अपनी जड़ों से कटता जा रहा है। आज जरूरत इस बात की है कि हम देवताओं के संदेश को केवल धार्मिक आयोजन या परंपरा का हिस्सा न मानें, बल्कि उसे जीवनशैली में उतारें। सरकारों को भी विकास की योजनाओं में देवनीति और पर्यावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। सड़क, रोपवे और टनल आदि बनाने से पहले यह विचार जरूरी है कि इससे प्रकृति और स्थानीय देव संस्कृति पर क्या असर पड़ेगा? केवल आर्थिक दृष्टि से सोचने की बजाय आध्यात्मिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण अपनाना होगा। यह सत्य है कि देवभूमि के देवता हमारे शुभचिंतक हैं। वे हमें विनाश की राह से बचाना चाहते हैं, लेकिन अगर हम उनकी बातों को अनसुना करते रहे, तो आने वाला समय और भी कठोर हो सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

## भारतीय फिल्म संगीकार और गायक


अनवर सरदार मलिक भारतीय फिल्म संगीतकार और गायक हैं। वह हिंदी सिनेमा के मशहूर गायकों में से एक हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन और सुपरहिट गाने दिए हैं। अनु मलिक 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' और 'फिल्मफेयर पुरस्कार' विजेता संगीत निर्देशक हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी फिल्म उद्योग में काम करते हैं।



अनवर सरदार मलिक
जन्म : 2 नवंबर, 1960

सन 1990 के दशक में वह कई सफल फिल्मों के गाने संगीतबद्ध कर चुके हैं। संगीत निर्देशक के रूप में उन्होंने फिल्मों के विभिन्न शैलियों के लिए संगीत बनाया है। अनु मलिक का जन्म 2 नवंबर, 1960 को पंजाब में हुआ था। उनके पिता सर्द मालिक एक गीतकार और संगीत निर्देशक थे। सात साल की उम्र से ही अनु मलिक की संगीत में रुचि जागृत हुई और उन्होंने अपने पिता की सह में संगीत शुरू कर दिया। अनु मलिक का विवाह अंजू मालिक से हुआ। उनकी दो बेटियां हैं। उनकी एक बेटी अनमोल मलिक हिंदी सिनेमा में पार्श्वगायन करती हैं। अनु मलिक ने अपने करियर की शुरुआत साल 1977 में फिल्म 'हंटरवाली' से की थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी सिनेमा की कई सुपरहिट फिल्मों में संगीत दिया।

साल 1993 में अनु मलिक को हिंदी सिनेमा में पहचान फिल्म महेश भट्ट की फिल्म 'बाजीगर' से मिली। 'बाजीगर' का गाना 'ये काली काली आंखें' उस समय सबसे ज्यादा हिट साबित हुआ था। उसके बाद आने वाले समय में उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में अपनी आवाज दी और संगीत दिया जो सुपरहिट साबित हुआ। जिस कारण से वह हिंदी सिनेमा में रातों–रात स्टार बन गए। जैसे–जैसे अनु मलिक कामयाबी की सीढ़ी चढ़ते गए, वैसे ही विवादों में भी घिरने लगे। उन पर लोगों ने आरोप लगाया कि वह दूसरे की धुनें चुराते हैं, लेकिन अनु मलिक ने कभी भी इन सब चीजों का अपने काम पर असर नहीं पड़ने दिया और हिंदी सिनेमा को अच्छे–अच्छे गाने दिए। ■



कविता

## सर्वोपरि वतन है

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. कौमार्या मनोज

कुछ भी सोचो अपने हित में, पर सर्वोपरि वतन है।
मेरी तो बस यही भावना, स्वदेश ही असली रतन है।।
जिस मिट्टी में पले बढ़े हम, रमता अंत वहीं पर मन है।
उसकी सेवा में खप जाऊं, जो सबसे बड़ा जतन है।।
भजन, भक्ति, प्रेरणा, ईश्वर का, हम करते हैं तन मन से।
पर दीन हीन जरूरतमंद की, सेवा सर्वोत्तम मनन है।।
मैं राजा हूं अपने मन का, न सुनूं किसी की बात।
रह जाए सब जो भी कमाया, कुछ भी न जाए साथ।।
सब मेरा है सब कुछ मेरा, है यही सोच जंजाल।
भ्रम छोड़ो स्व अंदर झांको, छोड़ दो माया जाल।।

# आशा और निराशा के बीच झूलती सेब की बागवानी

देवभूमि हिमाचल प्रदेश को सेब भूमि के नाम से भी जाना जाता है। यह देश के उन चुनिंदा राज्यों में से है जो सेब उत्पादन में अग्रणी हैं। सेब राज्य की प्रमुख नकदी फसल है और यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बागवानों की आजीविका और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का एक अहम हिस्सा है।



अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सेब बागवानी को लोकप्रिय बनाने का श्रेय स्वर्गीय सत्यानंद स्टोक्स और हिमाचल के मेहनती बागवानों को जाता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों, सीमित तकनीकी सहायता और आर्थिक बाधाओं के बावजूद सेब की खेती अपनाकर हिमाचल के पहाड़ी जिलों में आर्थिक समृद्धि का आधार तैयार किया।

आर्थिक सर्वेक्षण 2024–25 के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में लगभग 2.37 लाख हेक्टेयर भूमि पर सेब की खेती होती है। यह राज्य की कुल बागवानी फसल क्षेत्र का लगभग 49% और बागवानी फसलों में 79% हिस्सेदारी रखता है। राज्य में सेब से जुड़ी अर्थव्यवस्था लगभग छह हजार करोड़ रुपए की है। सेब न केवल उत्पादकों की आजीविका का आधार है, बल्कि इससे जुड़े मालवाहक, कीटनाशक विक्रेता, आढ़ती और प्रसंस्करण उद्योग भी स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं। हालांकि, सेब की खेती ने आर्थिक समृद्धि लाई है, लेकिन इस क्षेत्र में कई गंभीर चुनौतियां भी हैं। वर्ष 2012 में तात्कालिक बागवानी मंत्री स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा ने चेतावनी दी थी कि यदि सेब की खेती में उत्पादकता और गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं किया गया, तो सेब की अर्थव्यवस्था संकट में पड़ सकती है।

उनके अनुसार उत्पादकता और गुणवत्ता सुधारने के लिए रूट स्टॉक की आयात नीति, सघन घनत्व बागवानी और आधुनिक तकनीक अपनाना आवश्यक था। उच्च घनत्व बागवानी तेजी से फसल देती है और बेहतर उपज सुनिश्चित करती है, लेकिन इसकी लागत आम बागवान की पहुंच से बाहर है। इसलिए नीति निर्धारकों का कर्तव्य है कि वे बागवानों को लागत–कुशल तरीके अपनाकर उच्च घनत्व और गुणवत्ता पूर्ण खेती की ओर मार्गदर्शन करें। ड्रॉप मोर क्रॉप और पानी प्रबंधन जैसी आधुनिक तकनीकों को जमीन पर लागू करना भी आवश्यक है।

सेब की दूसरी बड़ी चुनौती विपणन है। हिमाचल प्रदेश में सेब बाजार अक्सर सट्टा बाजार बन जाता है और यह



बिचौलियों के नियंत्रण में रहता है। स्थानीय मंडियों में व्यापार बढ़ा है, लेकिन बाहर से आने वाले व्यापारियों की धोखाधड़ी ने बागवानों की स्थिति कमजोर कर दी है। हजारों बागवानों के पैसे डूब चुके हैं। कृषि उपज मंडी समितियों को सेब व्यापार में वैधानिक नियंत्रण सख्ती से लागू करना होगा।

सेब की कोल्ड चेन और भंडारण व्यवस्था को मजबूत और बागवान हितैषी बनाना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान प्रसंस्करण और भंडारण केंद्र बड़े कंपनियों के हित में हैं, जबकि छोटे बागवानों को पर्याप्त लाभ नहीं मिलता। इसलिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के माध्यम से छोटे वातानुकूलित भंडारण इकाइयों की स्थापना और संचालन बागवानों के हित में होना चाहिए। इससे पूरे देश में सेब की आपूर्ति और मांग संतुलित होगी और बागवानों को उचित मूल्य मिलेगा। सेब सीजन और मानसून के समय ग्रामीण सड़कें प्रभावित होती हैं, जिससे सेब समय पर बाजार तक नहीं पहुंच पाता। पक्की और टिकाऊ सड़क नीति अपनाना आवश्यक है। साथ ही यूनिवर्सल कार्टन का प्रभावी और उचित कार्यान्वयन भी जरूरी है ताकि सेब सुरक्षित रूप से बाजार तक पहुंच सके। हाल ही में देखा गया कि एशिया के सबसे आधुनिक सेब प्रसंस्करण यूनिट के बावजूद हिमाचल के बागवानों की हजारों मीट्रिक टन सेब सड़क पर सड़ गई। इससे बागवानों का मनोबल प्रभावित हुआ और सेब की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा। यह स्पष्ट करता है कि केवल बड़े प्रसंस्करण और भंडारण केंद्र पर्याप्त नहीं हैं। छोटे और स्थानीय भंडारण इकाइयों का होना और उनका बागवान हितैषी होना आवश्यक है। सेब की खेती को केवल राजनीतिक मुद्दा न बनाकर इसे व्यावसायिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मजबूत करने की आवश्यकता है। उच्च गुणवत्ता वाली खेती, बेहतर विपणन व्यवस्था, प्रभावी भंडारण, सड़क सुविधा और नीति निर्धारकों की सर्ि, य भागीदारी ही इसे संकट से बचा सकती हैं।

साथ ही बागवानों को जागरूक करना, उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करना और आधुनिक बागवानी तकनीक अपनाना भी अनिवार्य है। इससे न केवल उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश के सेब की वैश्विक स्तर पर पहचान भी मजबूत होगी।

उच्च गुणवत्ता वाली खेती, उचित विपणन, ठोस भंडारण व्यवस्था, पक्की सड़क और नीति निर्माताओं की सक्रिय भागीदारी पर ज्यादा ध्यान देना होगा। लगभग तीन लाख लोगों को रोजगार देने वाले इस व्यवसाय को राजनीतिक शिकार नहीं बनाना चाहिए।

स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा के शब्दों में, सेब बागवानी को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए यह सही समय है। नीति निर्माण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण व बागवान हितैषी कदमों के साथ हिमाचल की सेब अर्थव्यवस्था फिर से स्थिर, समृद्ध और मजबूत बन सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आज का राष्ट्र निर्माता आखिर तनावग्रस्त जीवन जीने पर विवश क्यों ?

भूतकाल, वर्तमान और भविष्य–तीनों ही स्तरों पर प्रत्येक मनुष्य जीने की चाहत अपने दिल में संजोए रखता है। यदि वह भूतकाल में जीता है तो अपने अतीत की मधुर–कड़वी स्मृतियों के जाल में उलझकर आगे नहीं बढ़ पाता और दुखी रहता है। यदि भविष्य में जी रहा है, तो अधूरी आकांक्षाओं की बेचैनी से व्याकुल रहता है, परंतु जो व्यक्ति वर्तमान में जीना सीख लेता है, वही प्रसन्नचित्त और संतुष्ट रह सकता है।




वीरेन्द्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर, लोअर अरनियाला, ऊना

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह विचार हमारे राष्ट्र निर्माता अर्थात् अध्यापक वर्ग पर भी समान रूप से लागू होता है, परंतु अफसोस आज का राष्ट्र निर्माता आधुनिक युग में किस स्थिति में है, इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है। हमारे देश में शिक्षक हमेशा से समाज के पथप्रदर्शक रहे हैं। कुछ दशक पहले तक एक अध्यापक का जीवन सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों से ओतप्रोत होता था। उसका उद्देश्य धन अर्जन नहीं, बल्कि ज्ञान का प्रसार था। वह अपने विद्यार्थियों को स्कूल में ही नहीं, घर–घर जाकर भी पढ़ाता था। समाज में उसे अत्यधिक सम्मान प्राप्त था। गुरुकुल परंपरा में विदेशी विद्यार्थी भी भारत आकर शिक्षा ग्रहण करते थे। उस समय हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था विश्व में श्रेष्ठ मानी जाती थी, परंतु समय के साथ परिस्थितियां बदल गईं और शिक्षक का जीवन भी कठिन होता गया।

आज के युग में भले ही अध्यापकों की आमदनी पहले से अधिक हो गई हो, उनके पास आधुनिक सुविधाएं भी हों, परंतु उनके जीवन में शांति और संतोष का अभाव है। तनाव, दबाव और निराशा ने उन्हें जकड़ लिया है। प्रश्न उठता है कि जब राष्ट्र निर्माता ही तनावग्रस्त है तो वह भावी पीढ़ी को किस दिशा में ले जाएगा? यह सत्य है कि आज भी देश के अधिकांश अध्यापक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन कर रहे हैं। वे समय से अधिक विद्यालय में रुककर बच्चों को मुफ्त में कोचिंग दे रहे हैं।




सरकार भी वजीफे, मुफ्त पुस्तकें, टैबलेट और डिजिटल शिक्षा जैसे प्रयास कर रही है। ई–कनेक्ट, ई–जुसैट जैसी योजनाएं शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। कई अध्यापक इस मिशन को पूरा करने में दिन–रात लगे हुए हैं और 100 प्रतिशत परिणाम लाने वाले शिक्षकों का सम्मान भी आवश्यक है। फिर भी समस्या यह है कि कुछेक कामचोर कर्मचारियों की वजह से पूरे शिक्षावर्ग की छवि धूमिल होती जा रही है। ऐसे लोगों के प्रति सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि ईमानदार शिक्षकों का मनोबल न टूटे। यदि शिक्षक ही मानसिक रूप से अस्थिर और निराश होगा तो विद्यार्थियों का भविष्य भी प्रभावित होगा।

आज बच्चों में सहनशीलता की कमी है, छोटी–छोटी बातों पर झगड़े होते हैं और अभिभावक भी शिक्षा के प्रति पर्याप्त जिम्मेदारी नहीं निभा रहे।

शिक्षा विभाग की नीतियां भले ही कल्याणकारी हों, परंतु बार–बार नीतियों में बदलाव और अत्यधिक प्रशासनिक कार्य शिक्षक की शिक्षण क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। अध्यापक का अधिक समय डाक कार्य या कागजी कामों में व्यतीत होता है, जिससे शत–प्रतिशत परिणाम की अपेक्षा करना कठिन हो जाता है। विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि का अभाव, मोबाइल और सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव भी शिक्षा के स्तर को नीचे खींच रहा है। निरीक्षण अधिकारी विद्यालयों में जांच के लिए आएं तो अध्यापक के सहयोगी बनकर आएं, न कि डर का माहौल पैदा करें।

यह समय राष्ट्र निर्माता के मनोबल को सशक्त बनाने का है। यदि शिक्षक का तनाव कम होगा, तो वह और अधिक सृजनशील, कर्मठ और प्रेरणादायक बन सकेगा। राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब राष्ट्र निर्माता प्रसन्न, सम्मानित और आत्मविश्वासी होगा। समाज, सरकार और अभिभावकों को मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। आइए, हम सब संगठित होकर शिक्षक वर्ग के सम्मान और मानसिक शांति के लिए प्रयास करें, ताकि वही शिक्षक फिर से देश के उज्जवल भविष्य का निर्माता बन सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में डिजिटल भुगतान और डिजिटल करंसी : यूपीआई एवं सीबीडीसी

पिछले एक दशक में भारत में वित्तीय लेन–देन की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (PI) ने डिजिटल भुगतान को आम जनता तक पहुंचाकर लेन–देन को बेहद सरल बना दिया है, वहीं केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (CBDC) या डिजिटल करेंसी ने वित्तीय प्रणाली में एक नया युग शुरू किया है।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, राजनीतिक विज्ञान व समाजशास्त्र, सोलन

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

दोनों का उद्देश्य भुगतान प्रणाली को सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाना है, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली, संरचना और प्रभाव में स्पष्ट अंतर है। आज ये दोनों parallel रूप से काम कर रहे हैं और भविष्य में इनका समन्वय भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। UPI, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा 2016 में शुरू की गई रीयल–टाइम पेमेंट प्रणाली है। इसके माध्यम से मोबाइल ऐप के जरिए बैंक से बैंक में तुरंत पैसे भेजे जा सकते हैं। इसमें बैंक खाते को वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (PI ID) से जोड़ा जाता है और QR कोड स्कैन करके भी भुगतान संभव है। गूगल पे, फोनपे और पेटीम जैसे ऐप्स ने इसे देश के कोने–कोने तक पहुंचाया है।

इसके विपरीत, डिजिटल करंसी या CBDC भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी वैध मुद्रा है। इसे 2022 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया और इसे e□ (ई–रुपया) कहा जाता है। यह नकदी का डिजिटल रूप है और दो रूपों में उपलब्ध है: खुदरा (रीटेल CBDC) और थोक (होलसेल CBDC)। डिजिटल करंसी के लिए बैंक खाता आवश्यक नहीं, बल्कि आरबीआई द्वारा प्रदत्त डिजिटल वॉलेट में इसे रखा जा सकता है। यह पूरी तरह वैध मुद्रा है, यानी 10 e□ उतनी ही कानूनी मान्यता रखते हैं जितना 10 रुपये का नोट। UPI और डिजिटल करंसी के बीच कार्यप्रणाली में अंतर है। UPI में लेन–देन बैंक से बैंक के बीच होता है और NPCI इसका माध्यम बनता है। मुद्रा बैंक में रहती है और केवल



लेन–देन की सूचना डिजिटल रूप से जाती है। जबकि डिजिटल करंसी में मुद्रा सीधे केंद्रीय बैंक से जारी होती है और वॉलेट से वॉलेट में स्थानांतरित होती है। इसमें बैंक मध्यस्थ नहीं होते, जिससे बैंकिंग नेटवर्क पर निर्भरता घटती है और भविष्य में ऑफलाइन लेन–देन की सुविधा भी संभव हो सकती है। दोनों प्रणालियों के फायदे हैं। UPI ने भुगतान को तेज, सरल और सस्ता बना दिया है। मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति तुरंत भुगतान कर सकता है। QR कोड आधारित भुगतान ने छोटे दुकानदारों, ठेले वालों और टैक्सी चालकों को भी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। वहीं डिजिटल करंसी का लाभ यह है कि यह स्वयं मुद्रा है, नकली नोटों की समस्या नहीं है, सुरक्षा अधिक है और केंद्रीय बैंक को वित्तीय नीतियों में सीधे नियंत्रण मिलता है। हालांकि चुनौतियां भी हैं। UPI में सर्वर समस्याओं और साइबर धोखाधड़ी का खतरा है, वहीं डिजिटल करंसी में तकनीकी बुनियादी ढांचा, साइबर सुरक्षा, गोपनीयता और जागरूकता की चुनौती है।

डिजिटल करंसी का व्यापक उपयोग अभी सीमित है और इसे अपनाने में समय लगेगा।भारतीय परिप्रेक्ष्य में, UPI और डिजिटल करेंसी पूरक हैं। UPI ने डिजिटल लेन–देन की नींव रखी, जबकि डिजिटल करेंसी इसे अगले स्तर पर ले जाएगी। भविष्य में दुकानदार दोनों विकल्प स्वीकार कर सकते हैं, जैसे आज नकद और PI दोनों चलते हैं। विश्व स्तर पर डिजिटल करेंसी की दिशा में तेजी है। चीन डिजिटल युआन, यूरोप डिजिटल यूरो और 100 से अधिक देश CBDC पर काम कर रहे हैं। भारत भी अग्रणी है।

भविष्य में डिजिटल करंसी को PI से जोड़कर QR कोड से भुगतान की सुविधा विकसित की जा सकती है, साथ ही ऑफलाइन भुगतान की व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती है। इस प्रकार, UPI और डिजिटल करंसी भारतीय अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण में मील के पत्थर हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बिहार चुनाव में आधी आबादी टिकट से वंचित, अधूरी भागीदारी

बिहार में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। हर दल की सेना अपने–अपने सेनापतियों के नेतृत्व में रणभूमि में उतर चुकी है। छठ के बाद जैसे ही शंखनाद हुआ, चुनावी महासमर की शुरुआत हो गई। कांग्रेस के साथ सपा के सेनापति मैदान में आ चुके हैं, तो एनडीए के योद्धा भी नई रणनीतियों और गठबंधनों के साथ चक्रव्यूह रच रहे हैं। अब देखना यह है कि किस दल का अभिमन्यु इस चक्रव्यूह को भेदकर सिंहासन तक पहुंचेगा। इस राजनीतिक युद्ध में कई भीष्म पितामह और कर्ण भी गिरेंगे, पर कौन और कितना, यह नतीजे ही तय करेंगे।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बिहार की राजनीति का स्वरूप हमेशा जाति और गठबंधनों के समीकरणों पर टिका रहा है। इस बार भी वही परंपरा कायम है। हर दल अपनी जातीय गणित साधने में लगा है। आरजेडी यादव–मुसलमान समीकरण पर भरोसा कर रही है, कांग्रेस अल्पसंख्यकों को लुभा रही है, जबकि भाजपा और जेडीयू पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों पर नजर गड़ाए हैं। जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने राजनीति में नई शुरुआत कर यह संदेश देने की कोशिश की है कि बिहार को अब जाति से ऊपर उठकर सोचने की जरूरत है, परंतु सत्ता तक उनकी राह अभी लंबी है।

बिहार की जातीय बुनावट इतनी जटिल है कि बाहर के लोग इसे समझ ही नहीं पाते। यहां यादव राय भी हैं, भूमिहार शर्मा भी और राजपूत सिन्हा भी। जाति की यह गुत्थी दशकों से बिहार की राजनीति का सबसे मजबूत स्तंभ रही है। मंडल आयोग और लालू–नीतीश के नेतृत्व ने पिछड़ी जातियों को सत्ता के केंद्र में लाकर एक स्थायी समीकरण बनाया, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागीदारी। यही कारण है कि अगड़ी जातियां अब हाशिए पर दिख रही हैं।

इस बार टिकट वितरण में लगभग सभी दलों ने 2022 की जाति जनगणना को आधार बनाया है। बिहार की 74 प्रतिशत आबादी पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग की है, जबकि



अगड़ी जातियां मात्र 15 प्रतिशत। यही कारण है कि चुनावी रणभूमि में पिछड़ा–दलित–अल्पसंख्यक केंद्र में हैं और ब्राह्मण–राजपूत जैसे वर्ग सीमित सीटों पर सिमट गए हैं। भाजपा, जो कभी अगड़ों की पार्टी मानी जाती थी, अब खुद को समाज के सभी वर्गों की पार्टी बताने लगी है। यही वजह है कि उसने भी इस बार टिकटों में जातीय संतुलन साधा है। वहीं महिला उम्मीदवारों की स्थिति आज भी निराशाजनक है। पैंतालीस प्रतिशत महिला मतदाता होने के बावजूद किसी भी दल ने बीस प्रतिशत से अधिक टिकट महिलाओं को नहीं दिए। हर पार्टी आधी आबादी की बात करती है, पर सत्ता की साझेदारी में महिलाएं अब भी उपेक्षित हैं। महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाने के बावजूद इसका प्रभाव अभी जमीनी स्तर पर नहीं दिखता।

युवाओं को साधने के लिए भी हर दल अपने–अपने तरीके से सपने दिखा रहा है। प्रशांत किशोर का रुको बिहार में, यहीं काम करो वाला नारा युवाओं को आकर्षित कर रहा है। तेजस्वी यादव भी बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाकर युवाओं के नए बिहार का सपना दिखा रहे हैं। वहीं भाजपा समृद्धि और सुशासन के बीस साल का दावा करते हुए मोदी के नाम पर वोट मांग रही है, लेकिन इस चुनाव में कई गैर–राजनीतिक पहलू भी उभर कर सामने आए हैं। बिना नंबर प्लेट की पुलिस गाड़ियां, बूथ प्रबंधन पर सवाल और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। विपक्ष का आरोप है कि प्रशासनिक तंत्र पर सत्ताधारी दल का दबाव है। दूसरी ओर, ओवैसी की पार्टी भी 28 सीटों पर उतरकर महागठबंधन को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे भाजपा को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ड्योड में फिर धंसी जमीन, ग्रामीणों में हड़कंप

## गड्ढा पड़ने से घरों में आईं दरारें; मकान करवाए खाली, स्कूल व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा की चिंता

**बालक राम, अनंत ज्ञान**



ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजा और सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की

- फोरलेन निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों व कंपनी में विवाद
- हाथापाई और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस ने संभाला हाल

**पंडोह।** जिला मंडी की दरंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हटोण के ड्योड गांव में शनिवार तड़के लगभग 3 बजे जोरदार धमाके जैसी आवाज के साथ एक विशालकाय गड्ढा पड़ गया। यह घटना हरदेव शर्मा की मलकियत भूमि में हुई, जो उनके घर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर स्थित थी। गड्ढे के पड़ने से उनके घर की दीवारों में बड़ी दरारें आ गईं और सुरक्षा को देखते हुए घर खाली कर दिया गया।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह तीसरी बार है जब इसी क्षेत्र में भूमि धंसने की घटना हुई है। इससे पहले हुए दो गड्ढे हटोण सड़क के पास बने थे, जिन्हें एनएचएआई और फोरलेन निर्माणाधीन कंपनी ने भर दिया था। इस बार गड्ढा सड़क से लगभग 60 मीटर नीचे पड़ने के कारण भरना कठिन बताया जा रहा है। प्रभावित व्यक्ति हरदेव शर्मा का कहना है कि फोरलेन सुरंग निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही उनके घर और जमीन को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने प्रशासन और निर्माण कंपनी से कई बार शिकायतें कीं, लेकिन अब तक उन्हें कोई मुआवज़ा नहीं मिला। इस घटना के बाद आसपास के घरों में भी दरारें आने लगीं। सुशील शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, पुष्पराज और नूपे राम के घरों में भी क्षति हुई। राजकीय पाठशाला ड्योड भवन में भी दरारें आई हैं, जिससे स्कूल चलाना खतरनाक हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रतिनिधि प्रधान रौशनी, उपप्रधान नोक सिंह और पूर्व प्रधान दलीप ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों के घर खाली कराए और प्रशासन तथा पुलिस को सूचित किया। ग्रामीणों ने मांग की कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए और उचित मुआवज़ा प्रदान किया जाए ताकि वे अपना जीवन सामान्य रूप से बिता सकें। स्थानीय लोग फोर-लेन ड्योड टनल निर्माण कार्य का समस्या समाधान तक रोकने की मांग कर रहे हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों और निर्माण कंपनी के कर्मचारियों में बहस और हाथापाई भी हुई, जिसे पुलिस ने काबू में किया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द कदम नहीं उठाता, तो गंभीर हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से फौरन राहत और सुरक्षा उपाय करने की अपील की है। पुलिस मौके पर तैनात है और निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। यह लगातार तीसरी घटना साबित करती है कि इलाके में भूमि कटाव गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसे जल्द समाधान की आवश्यकता है।

## अंजन ने किया बेहतरीन प्रदर्शन, राष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा के लिए हुआ क्वालिफाई

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** देहरादून के उत्तराखंड देहरादून में आयोजित 44वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में हिमालयन शूटिंग एकेडमी, बैजनाथ के छात्र व दुर्गम छोटाभंगाल घाटी की कोठी कोहड़ गांव के पिता शांता कुमार व माता लाडो देवी के घर जन्मे अंजन ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कुल 400 अंकों में से 377 अंक हासिल किए। इस बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अंजन ठाकुर की इस उपलब्धि में उनके कोच राहुल कुमार का मुख्य योगदान रहा है। जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से अंजन ठाकुर ने यह सफलता प्राप्त की। अंजन ठाकुर की इस उपलब्धि से उनके कोच, माता पिता परिवार के अन्य परिजन, रिश्तेदार और हिमालयन शूटिंग एकेडमी बैजनाथ सहित समूची छोटा भंगाल घाटी में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब इन सभी की निगाहें इसी वर्ष दिसंबर माह में भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अंजन ठाकुर के प्रदर्शन पर टिकी हैं। उन्होंने अंजन ठाकुर पर पूर्ण विश्वास जताते हुए दावा किया है कि इस राष्ट्रीय चैम्पियन प्रतियोगिता में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे व अपने मुकाम तक पहुंच जाएंगे।



## चरस मामले में दोषी को 8 साल का कारावास व 80 हजार रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- जुर्माना न भरने पर 2 साल अतिरिक्त कारावास का भी सुनाया फैसला

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा स्पेशल जज सुंदरनगर ने चरस तस्करी के एक महत्वपूर्ण मामले में शनिवार को दोषी को 8 वर्ष के कठोर कारावास और 80 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषी कन्हैया लाल पुत्र दुर्गा राम निवासी गांव टिक्कर डाकघर पौड़ाकोठी तहसील निहरी जिला मंडी का निवासी है। जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी विनय वर्मा ने बताया कि वर्ष 2017 में पुलिस थाना सुंदरनगर के एएसआई राम प्रकाश पुलिस टीम के साथ सुंदरनगर के मलोह कैंची मोड़ चौक पर नाकाबंदी और गश्त पर मौजूद थे।

इसी दौरान मलोह की ओर से एक व्यक्ति दाहिने कंधे पर लाल रंग का बैग लेकर आया तथा पुलिसकर्मियों को देखकर घबरा गया। पुलिस द्वारा शक के आधार पर व्यक्ति से जांच अमल में लाई गई। इसमें व्यक्ति ने अपनी पहचान कन्हैया लाल पुत्र दुर्गा राम गांव टिक्कर डाकघर पौड़ाकोठी तहसील निहरी जिला मंडी बताई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आगामी कार्रवाई को अमल में लाते हुए व्यक्ति के बैग की चेकिंग में एक पॉलिथीन पारदर्शी लिफाफे से 922 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच पूरी करने के बाद एएसआई राम प्रकाश ने चालान दोषी के खिलाफ न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विनय वर्मा ने बताया कि न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 10 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद शनिवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा स्पेशल जज ने दोषी कन्हैया लाल को 8 वर्ष का कठोर कारावास और 80 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### नबाही स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नबाही में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एनएसएसके पूर्व राज्य समन्वयक एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिलीप ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में, जबकि एनएसएसके पूर्व राज्य सहायक समन्वयक एवं सेवानिवत्त प्रधानाचार्य कृष्ण चंद ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया, कार्यक्रम अधिकारी अमिता शर्मा एवं राजेंद्र वर्मा सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सेवा, अनुशासन व राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। मुख्यातिथि ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है, जो उनमें अनुशासन, सेवा-भावना एवं नेतृत्व कौशल का विकास करती है।

### गुटकर, रानीबाईं में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विद्युत उपमंडल मंडी-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में 3 नवंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव के कारण यह निर्णय लिया गया है। विद्युत उप-विभाग मंडल-2 मंडी के सहायक अभियन्ता ई. सुनील शर्मा ने बताया कि इस कारण गुटकर, रानीबाईं, बैहना, रोपा ब्राधिवीर, मलोरी, कैहनवाल, टिल्ली, मनयाना, दुदर, चछोल, सब्जीमंडी, चढ़यारा, सौलीखड्ड, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1, 2 एवं 3, नेला, लांगनी, शिल्लाकीपड़, बिन्द्रावनी, ईसीएचएस, भारत पेट्रोल पंप, आरटीओ कार्यालय, रिवर डेल कॉलोनी, कवारी, पड्डल, एचआरटीसी बस स्टैंड, मझवार, सायरी, कोर्टमोर्स, चाम्बी, लड्डुखर, पुखर, शरणधार, मब, चंदेह, किप्पड, बड़ोग, निहालग, बंगालीबस्ती, भीमाकाली मंदिर, भ्यूली, कांगनीधार, मोतीपुर, संस्कृति सदन, लोअर एवं अप्पर पड्डल, जल शक्ति विभाग पंप हाउस पड्डल, गुरुद्वारा मोहल्ला, बस स्टैंड, पुलिस लाइन, डिग्री कॉलेज, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोअर एवं अप्पर भ्यूली, पुरानी मंडी पोस्ट ऑफिस, फारेस्ट ऑफिस, आई.जी. ऑफिस, जागृति हॉस्पिटल, पुरानी मंडी, रन्धाड़ा, लोहारडी, बैहल, पैड़ी, अलाथू, मंडलोग, रत्तीपुल, पक्का पहरू, गजनोहा, बनायट, तांदी गलू, तांदी, पतरौण, सिरम, चेहर, बटाहण, रखेर, खीलगलू, कोठीगैहरी, तल्याहड़, देवधार, ननावां, मराथू, गड़ल, पधियूं, जोला, कठलग व आस-पास के क्षेत्रों में 3 नंबवर को सुबह 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पौड़ाकोठी स्कूल का एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पौड़ाकोठी संबंधी सात दिवसीय एनएसएस शिविर यहां विधिवत रूप से संपन्न हो गया। इस अवसर की मुख्यातिथि राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय पौड़ाकोठी की केंद्रीय मुख्य शिक्षिका सुनीता शर्मा रही, वहीं विशेष अतिथि के रुप में पौड़ाकोठी पंचायत के वार्ड सदस्य मनोज कुमार सहित विद्युत विभाग के सेवामुक्त कर्मी भूपराज शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी राजेश भारती व अध्यापक कपिल शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इसी बीच उमा देवी, वंदना, अतुल, मांगलु राम, अरविंद शर्मा, प्रेम ठाकुर, अंशुल, कमलजीत, संजय शास्त्री व रुपलाल आदि भी उपस्थित थे।

### वित्तीय कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बल्ह उपमंडल के गुटकर स्थित न्यू पैराडाइज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पंजाब नेशनल बैंक के समन्वय से एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंक के परामर्शदाता हरि सिंह कौंडल ने विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को वित्तीय कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और बताया कि ईमानदार लेन-देन, समय पर बचत, डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग और भ्रष्टाचार से दूर रहना आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। कक्षा 11 और 12 के छात्रों के साथ विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें वित्तीय अनुशासन, डिजिटल लेन-देन और बैंकिंग पारदर्शिता पर चर्चा हुई। छात्रों की सक्रिय भागीदारी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

### छात्राओं ने तंबाकू त्यागने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशों के तहत 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' के अंतर्गत तंबाकू विरोधी जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली में छात्राओं ने 'तंबाकू छोड़ो-जीवन अपनाओ, 'स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत' और 'नो टोबैको-यस लाइफ' जैसे नारे लगाकर नगरवासियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। यह रैली नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर तंबाकू त्यागने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने विद्यार्थियों से कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य और समाज दोनों के लिए हानिकारक है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और स्थानीय लोगों को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया।

### सफेद मोतिया के सामने आए 29 मामले

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** मंडी में सोसायटी फोर रुरल डेवेल्पमेंट एंड एक्शन (एसआरडीए) थल्टूखोड़ द्वारा अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण निदेशालय, हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सिल्लाघराट व घघरोता में आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में चंबा क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों के लगभग 112 लोगों ने भाग लिया। नेत्र जांच अधिकारी शिवम कुमार द्वारा जांच में सफेद मोतिया के 29 मामले सामने आए, जो कुल उपस्थितों का 27 प्रतिशत रहा। सूची संबंधित विभाग को आगामी कार्यवाही हेतु भेज दी गई। इस कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने सक्रिय सहयोग किया। संस्था ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## नवभारत जनविकास फाउंडेशन जल्द मुहैया करवाएगी सस्ता राशन

# 35 सस्ते राशन डिपो खोलने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नवभारत जनविकास फाउंडेशन की शनिवार को धनोटू स्थित कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष पूर्ण चंद की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष पूर्ण चंद ने बताया कि फाउंडेशन नाचन क्षेत्र से सस्ते राशन डिपो योजना की शुरुआत कर रही है। इस योजना का उद्देश्य आम जनता को रियायती दरों पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना है।

उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य डिपू संचालकों, हेड जॉन संचालकों तथा फाउंडेशन सदस्यों के साथ डिपो खोलने से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करना रहा। प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने बताया कि फाउंडेशन प्रारंभिक चरण में 35 सस्ते राशन डिपो स्थापित करेगी।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नवभारत जनविकास फाउंडेशन के पदाधिकारी।

इन डिपुओं में 41 प्रकार की खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं आम जनता को सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन कई कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रही है, जिन्हें क्रमवार धरातल पर उतारा जाएगा। इन योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचेगा। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सदस्यता विस्तार पर भी जोर दिया। बैठक में कोऑर्डिनेटर सिधु राम भारद्वाज, मीरा कुमारी, मीडिया प्रभारी बुद्धि सिंह बबलू, डेटा ऑपरेटर विशाल ठाकुर, देवमणी, श्याम चंद, हेत राम, जय सिंह, कमला देवी, लीलावती, धनेश्वरी देवी, प्रेम सिंह, लक्ष्य कुमार, तरुण कुमार, तिलक राज, गुलाब सिंह, धनी राम, अमित कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएवी मंडी के पूर्व छात्र इंदरजीत ने 'आई पॉप स्टार' में मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सोशल मीडिया पर अपने गीत 'ख्याल न आया' से लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले मंडी के प्रतिभाशाली युवा इंदरजीत ने एक बार फिर अपनी आवाज का जादू बिखेरा है।

इस बार उन्होंने अमेजन पर प्रसारित हो रहे रियलिटी शो 'आई पॉप स्टार' के थर्ड राउंड फ्लेक्स एंड फेल राउंड में शानदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। इंदरजीत वर्तमान में शो में टीम कैप्टन परमीश वर्मा के अंतर्गत अपनी गायन प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के पूर्व विद्यार्थी रहे इंदरजीत ने विद्यालय में कक्षा बारहवीं तक शिक्षा प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इंदरजीत हमारे विद्यालय का होनहार विद्यार्थी रहा है। उसे प्रारंभ से ही संगीत में गहरी रुचि रही है। उसने 'वॉइस ऑफ हिमाचल', 'वॉइस ऑफ मंडी', 'जी टीवी सारेगामापा' और 'वॉइस ऑफ हिमालय' जैसे मंचों पर अपनी प्रतिभा से अनेक पुरस्कार जीते हैं। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि इंदरजीत विद्यालय के संगीत अध्यापक तरुण पंडित के शिष्य रहे हैं। तरुण पंडित ने कहा कि इंदरजीत बचपन से ही संगीत का अभ्यास मेरे निर्देशन में करता रहा है। आज भी जब वह मंडी आता है, तो सबसे पहले आशीर्वाद लेने मेरे पास अवश्य आता है। अभी भी इस शो के दौरान प्रायः इंदरजीत फोन पर अपने गुरु तरुण पंडितजी से संगीत के विषय में चर्चा करता रहता है। इंदरजीत की यह उपलब्धि न केवल मंडी, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।



इंदरजीत को सम्मानित करते हुए। फाइल फोटो।

## गुरुकुल पाठशाला में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में गैलंट्री सदन ने मारी बाजी



गुरुकुल पाठशाला में समान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल पाठशाला में आज सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन गैलंट्री, हार्मनी, लिबर्टी और ग्लोरी के विद्यार्थियों ने भाग लिया।कक्षा तीसरी से पाँचवीं वर्ग के लिए आयोजित प्रतियोगिता में गैलंट्री सदन से वनीषा और क्रिस्टी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हार्मनी सदन के आदित्य और अर्शिया द्वितीय स्थान पर रहे।छठी से आठवीं कक्षा वर्ग में गैलंट्री सदन की कोमल और अक्षत की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं लिबर्टी सदन की कनिका और शगुन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की श्रेणी में ग्लोरी सदन की तपस्या और श्वेता की टीम प्रथम रही, जबकि हार्मनी सदन की अवंतिका और योगेंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय में इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन एवं जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता का समापन प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित रूप से अखबार और सामान्य ज्ञान की पुस्तकों का अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## जाछ में सरकारी दफ्तर के सामने पड़ी बीयर की खाली बोतलें

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** मंडी जिला के धनोटू–करसोग मार्ग पर जाछ स्थित एक सरकारी दफ्तर के सामने बीयर और अन्य नशे से जुड़ी बोतलें पड़ी हैं, जो प्रशासनिक लापरवाही और स्वच्छता व्यवस्था की अनदेखी को दर्शाता है। सार्वजनिक स्थल पर इस तरह का कूड़ा न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज में नशे की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा देता है।

स्थानीय बुद्धिजीवियों ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन को नियमित गश्त बढ़ाकर ऐसे लोगों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जो सार्वजनिक स्थलों को इस तरह गंदा कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह न केवल सामाजिक बुराई का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी बढ़ा रहा है।

लोगों ने डीसी मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही ऐसे सार्वजनिक स्थानों और मार्गों पर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तथा बीयर व अन्य नशे की बोतलें फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और नशामुक्त समाज की दिशा में यह कदम अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों ने स्वयं भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और प्रशासन को सहयोग देने का संकल्प दोहराया।

## एसपीयू मंडी में सरदार पटेल पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# लौहपुरुष की 150वीं जयंती पर '150 वर्षों की प्रेरणा, संस्मरण व श्रद्धांजलि' पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरित होकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराने का लिया संकल्प

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्र निर्माता सरदार पटेल: प्रशासन, एकता और विकसित भारत–2047 विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर विधायक धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र एवं विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने की।

मुख्यातिथि चंद्रशेखर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के लौहपुरुष, राष्ट्र निर्माण और एकता के वास्तविक शिल्पी थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन अनुशासन, संगठन और सेवा का आदर्श उदाहरण है। कार्यक्रम के बीज वक्ता के रूप में आचार्य सुरेंद्र डी. सोनी, सेवानिवृत्त आचार्य, चुरू राजस्थान ने अपने विस्तृत विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरदार पटेल की राजनीतिक सूझबूझ, संगठन क्षमता और निर्णय शक्ति के कारण ही भारत आज एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण व संगोष्ठी संयोजक डॉ. राकेश कुमार शर्मा विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग ने कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार शर्मा द्वारा सम्पादित लौहपुरुष सरदार पटेल : 150 वर्षों की प्रेरणा, संस्मरण एवं श्रद्धांजलि शीर्षक से प्रकाशित एक विशेष पुस्तक का विमोचन भी मुख्य अतिथि एवं कुलगुरु द्वारा किया गया। इस पुस्तक में देशभर के विद्वानों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लेख, संस्मरण और श्रद्धांजलियां संकलित की गई हैं। मंच संचालन वेद प्रकाश द्वारा अत्यंत कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कर्ण गुप्ता अधिष्ठाता अकादमिक मामले, डॉ. लखवीर सिंह अधिष्ठाता शोध, डॉ. पवन चांद, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. चेतन चौहान, डॉ.रामपाल, विकेश कुमार, राजेश कुमार, सहित शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे जिन्होंने सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेने और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराने का संकल्प लिया।

## पहाड़ी दिवस | भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से जिलास्तरीय पहाड़ी कवि गोष्ठी आयोजित

# नई पीढ़ी में डालें पहाड़ी के संस्कार: केआर पंछी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पहाड़ी को अगर भाषा का स्वरूप प्रदान करना है तो आंचलिक बोलियों के बीच समन्वय स्थापित करना होगा। भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी की ओर से जिला स्तरीय पहाड़ी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहाड़ी के मशहूर गीतकार एवं कवि के.आर. पंछी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। जबकि पहाड़ी कवि एवं टांकरी के विद्वान जगदीश कपूर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि विभाग की ओर से हर वर्ष पहली से सात नवंबर तक पहाड़ी सप्ताह को आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को पहाड़ी कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जबकि आगामी तीन नवंबर को स्कूली बच्चों की मंडयाली में भाषण, पहेलियां, लोकोक्तियां व महावरे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मंडी जिला के विभिन्न स्कूलों के छात्र शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि किव



जिलास्तरीय पहाड़ी दिवस के अवसर पर मुख्यातिथि केआर पंछी का संबोधन।

गोष्ठी में करीब तीस कवियों ने शिरकत कर पहाड़ी की बोली मंडयाली में अपनी कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के.आर. पंछी ने कहा कि नई पीढ़ी में पहाड़ी भाषा के संस्कार डालने से पहाड़ी का भविष्य उज्जवल होगा।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी के उत्थान में पूर्व मंत्री स्व. लालचंद प्रार्थी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों को पहाड़ी बोली के आधार पर ही हिमाचल में शामिल किया गया था। पंछी ने बताया कि उन्हें भी पहाड़ी में लिखने के लिए स्व. लाल चंद प्रार्थी ने ही प्रेरित किया था।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी भाषा को अगर वजूद में आना है तो आंचलिक बोलियों के बीच तालमेल बिठाना आवश्यकता है। जिसके लिए हर जिला में कार्यशालाएं लगाकर युवाओं को इसके लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। वहीं पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगदीश कपूर ने कहा कि पहाड़ी को घर से ही महत्व दिया जाना चाहिए। अगर मातायें घर पर अपने बच्चों से मंडयाली में बात करेगी तो उन्हें अपनी मां बोली के बारे जानकारी मिलेगी।

इस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी में कवियों ने बहुत ही बेहतरीन रचनाओं का पाठ किया। जिसमें रूपेश्वरी शर्मा, हरिप्रिया शर्मा, मुरारी शर्मा, निर्मला चंदेल, सुरेंद्र मिश्रा, यशिस्वनी जमवाल, बबली कुमारी, धर्मचंद वर्मा, लतेश कुमार राजेंद्र सिंह ठाकुर, उत्तम चंद शर्मा, सीता राम वर्मा, पूर्णेश गौतम, चंपा देवी, हरपिंद्र कौर, उमेश शर्मा, भारत शर्मा, भगत सिंह गुलेरिया, कृष्णा ठाकुर, जितेंद्र, भारत शर्मा, ललिता ठाकुर, जगदीश कपूर, राघव आदि ने अपनी कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने अपनी सुरीली आवाज में लोकगीत भ्यागड़ा–दुधा छोलने री बेला ओ गुजरिये उठ चक बे मधाणियां लाया अड़िये और कृष्णा ठाकुर ने लोकगीत भौरू सुनाया। वहीं पर मुख्यअतिथि के.आर. पंछी ने भी अपना लिखा हुआ गीत सुनाया।

## बाल विवाह निषेध कानून की दी जानकारी

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बाल विकास परियोजना सदर मंडी के वृत सलवाहन की ग्राम पंचायत ब्रिखमणी के आंगनबाड़ी केन्द्र बटेहड़ा-2में पर्यवेक्षक संदीप चौहान की अध्यक्षता में समुदाय आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया देवी ने ग्रामीण महिलाओं को ए.डब्लू.सी में प्री-स्कूल शिक्षा के लिए बच्चों के अभिभावकों को बताया और गतिविधियों की शुरुआत की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर एएलमएसी सदस्य डिंपल कुमारी ने भी विचार रखें। संदीप चौहान ने महिला में बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सुखा आश्रय योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना की जानकारी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को विवाह निषेध कानून की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सभी को शपथ दिलाई। इस मौके पर वंदना, यमुना, छमा, तजेंद्रा, ललिता, गिरिजा और तुला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बंती सहायिका विमला, गोदावरी आदि उपस्थित रहे।

## निविदा आमंत्रण बारे

विकास खण्ड बालीचौकी की ग्राम पंचायत झीडी में PWMU (Plastic waste management unit) स्थापित है के संचालन के लिए कोई भी विशेषज्ञ PWMU के संचालन एवं रख रखाव हेतु विकास खण्ड कार्यालय बालीचौकी में दिनाक 11/11/2025 दोपहर 4 बजे तक अपनी निविदा जमा कर सकते है। PWMU के संचालन व रख रखाव के लिए अन्य औपचारिक्ताएं विकास खण्ड कार्यालय बालीचौकी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विकास खण्ड बालीचौकी।**

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक बबलू कल सुनेंगे जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, जोल।** उपतहसील जोल के तहत पंचायत खरयालता (तलमेहड़ा) के सामुदायिक भवन में 3 अक्तूबर सोमवार को सुबह 11 बजे चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू द्वारा लोकमित्र केंद्र का उद्घाटन करेंगे और लोगों की जनसमस्या को भी सुनेंगे। कार्यक्रम में पीएमकेएसवाई 2.0 योजना के तहत टोका मशीन, सिलाई मशीन, कृषि उपकरण एवं बीपीएल परिवारों को स्प्रे पंप मुफ्त में दिए जाएंगे। इस मौके पर उनके साथ सभी विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी विधायक महोदय के सलाहकार राजकुमार गौतम द्वारा दी गई।

### अम्बेहड़ा स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अम्बेहड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न हो गया। समापन समारोह में पंचायत उपप्रधान सतीश कुमार (सोनू) ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों को जीवन में नशा न करने व वातावरण को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अमन देव गर्ग ने स्वयंसेवियों के साथ अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संजीव कुमार ने सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों का ब्योरा दिया। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को उनके कार्य के लिए मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### बाबा खाटू श्याम जी का जन्मदिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट बाजार में श्री खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम गोराया की धर्मशाला और पंजाब नेशनल बैंक के पास आयोजित हुआ, जिसका आयोजन विशाल ट्रक यूनियन के निदेशक विनय गर्ग और दीपक बग्गा के नेतृत्व में किया गया। युवा कल्याण बोर्ड के निदेशक देवीलाल मुख्य अतिथि रहे, जिन्हें कमेटी ने बाबा का पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम कलयुग के देवता हैं और उनके स्मरण से सभी दुख दूर होते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, तत्पश्चात केक काटा गया और भंडारे का आयोजन हुआ। भक्तों ने भजन गाकर

### एटीएल इंस्ट्रक्टर के लिए साक्षात्कार 14 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सलोह में एटीएल प्रशिक्षक (इंस्ट्रक्टर) पूर्णतः अंशकालीन/अस्थायी अनुबंध आधार पर एटीएल प्रशिक्षक (इंस्ट्रक्टर) का पैनल तैयार करने के लिए 14 नवंबर को सुबह 11 बजे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्या नीलम गुलेरिया ने बताया कि एटीएल इंस्ट्रक्टर पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, पारिश्रमिक सहित अन्य आवश्यक जानकारी विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सब जूनियर थ्रो बॉल टीम के खिलाड़ियों का चयन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आगामी 33वीं सब-जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक बनारस (उत्तर प्रदेश) में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश टीम के खिलाड़ियों का चयन शनिवार को बंगाणा में किया गया। इस चयन प्रक्रिया में ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयनित खिलाड़ियों में दिया शर्मा, प्रियांशी, निधि, आरुषि, प्रियांशी धीमान और सेजल शामिल हैं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। इस अवसर पर हमीरपुर थ्रो बॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुशील धीमान, ऊना जिला थ्रो बॉल एसोसिएशन की सीमा शर्मा, नरेश कुमार कांगड़ा जिला से बृजेश कुमार तथा खेल प्रशिक्षक यशवीर, दीक्षित और सुमित विशेष रूप से उपस्थित रहे। खेल विशेषज्ञों ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि ऐसे आयोजन से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है।

# लोनिवि बंगाणा मंडल में ठेकेदार और अधिकारी के बीच झड़प

## माहौल तनावपूर्ण: कर्मचारियों ने दो घंटे रखा पैन डाउन, पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा के लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) मंडल बंगाणा में शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब विभाग के एक अधिकारी और एक ठेकेदार के बीच कहासुनी हाथापाई में बदल गई।

बताया जा रहा है कि किसी कार्य को लेकर दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि ठेकेदार ने अधिकारी के साथ सरकारी कार्यालय में ही अभद्रता करते हुए गले से पकड़कर मारपीट की। इस दौरान मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को संभाला। घटना के तुरंत बाद पीड़ित अधिकारी ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी और इसके पश्चात स्वयं बंगाणा थाना को सूचना दी। पुलिस ने घटना पर जाकर जायजा भी लिया। वहीं, पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। अधिकारी ने आरोप लगाया है कि संबंधित ठेकेदार ने न केवल उनसे मारपीट की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी है। अधिकारी का कहना है कि ठेकेदार पिछले कुछ समय से विभागीय कार्यों में दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था और शुक्रवार को विवाद इसी मुद्दे को लेकर हुआ। शिकायत मिलने के बाद बंगाणा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित चौधरी ने बताया कि

### अधिकारी वर्ग ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**अधिकारी** वर्ग ने ठेकेदार के व्यवहार की निंदा करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच स्वयं उनके नेतृत्व में की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि घटना की सच्चाई सामने लाई जा सके। पुलिस के अनुसार, अब तक आरोपी ठेकेदार की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन उसकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा घटनास्थल का भी निरीक्षण किया गया है। वहीं, पीड़ित अधिकारी का बयान धारा के तहत दर्ज कर लिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह झड़प किसी निर्माण कार्य के भुगतान और गुणवत्ता को लेकर उत्पन्न मतभेद से जुड़ी बताई जा रही है। विभाग के अन्य कर्मचारियों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के बीच इस तरह की तकरार हुई हो। घटना के बाद विभाग में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

## बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पादों का खुदरा व्यापार करने पर होगा 1 लाख तक जुर्माना

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**हिमाचल** प्रदेश में अब सिगरेट, बीड़ी व अन्य तंबाकू उत्पादों का खुदरा व्यापार बिना लाइसेंस नहीं हो सकेगा। बिना लाइसेंस के खुदरा तंबाकू उत्पाद बेचने पर एक लाख रुपए तक जुर्माना और एक साल की कैद तक हो सकती है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर ने तंबाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों से संबंधित ग्राम पंचायत या नगर पंचायत से तंबाकू बिक्री संबंधी लाइसेंस बनवा लेने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यापारी बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचता पकड़ा गया तो कोई अपील व दलील नहीं सुनी जाएगी। खंड चिकित्सा अधिकारी पंकज पराशर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में अब तंबाकू उत्पादों का खुदरा व्यापार बिना लाइसेंस के पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है। तंबाकू उत्पादों का खुदरा व्यापार विनिमय अधिनियम 2016 के तहत खुली सिगरेट, बीड़ी या अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने पर पंद्रह हजार रुपए तक जुर्माना और बिना लाइसेंस इन उत्पादों को बेचने पर एक लाख रुपए तक जुर्माना और एक साल की कैद तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादों से होने वाली खतरनाक बीमारियों व तंबाकू पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारी संबंधित ग्राम पंचायत या नगर पंचायत से तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। अब बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचना प्रदेश में अपराध की श्रेणी में होगा। शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण करेंगी और बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं में सेवा, अनुशासन की भावना जगाने का सशक्त माध्यम एनएसएस: किशोरी

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

**उपमंडल** बंगाणा के पीएम श्री मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंधला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हो गया। कार्यक्रम में शहरी विकास विभाग से सेवानिवृत्त मदन लाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उनके आगमन पर प्रधानाचार्य किशोरी लाल, कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार, सह-कार्यक्रम अधिकारी रीता और स्वयंसेवकों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने श्रमदान, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, नशामुक्ति, जल संरक्षण, दहेज प्रथा उन्मूलन, कन्या भ्रूण हत्या और स्वरोजगार जैसी सामाजिक विषयों पर कार्य किया। साथ ही सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रमों में भाग लेकर सामाजिक चेतना का संदेश दिया। प्रधानाचार्य किशोरी लाल ने कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि मदन लाल शर्मा ने विद्यार्थियों की सराहना की



शिविर के समापन पर मुख्यातिथि मदन लाल व स्कूल स्टाफ के साथ स्वयंसेवक।

# विद्यार्थियों को ऑर्गेनिक खेती किचन गार्डन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

सेउपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर के तीसरे दिन रिटायर्ड प्रधानाचार्य पवन देव शर्मा रीवाड़ के सान्निध्य में एक शिक्षाप्रद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यार्थियों को ऑर्गेनिक खेती, किचन गार्डन और पॉलीहाउस की उपयोगिता पर जानकारी दी।

पवन देव शर्मा ने कहा कि रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता घट रही है और मानव स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। जैविक खेती ही ऐसा विकल्प है जो धरती की गुणवत्ता बनाए रखता है और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादन देता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि घरों में किचन गार्डन बनाकर बिना रासायनिक खाद के सब्जियां उगाई जा सकती हैं। पॉलीहाउस तकनीक सीमित भूमि में अधिक उत्पादन लेने और फसलों को मौसम के प्रभावों से बचाने में सहायक है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पॉलीहाउस पर दी जा रही सब्सिडी की जानकारी भी दी। एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक उनसे प्रश्न पूछे और प्रेरणा प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल सरोही, एनएसएस प्रभारी सुशील शर्मा, सह-प्रभारी मीनू और प्रवक्ता अनीता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पवन देव शर्मा ने स्वयंसेवकों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।



रिटायर्ड प्रधानाचार्य पवन देव शर्मा के साथ एनएसएस स्वयंसेवक।

## विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**बड़ूही ( ऊना )।** उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने समाजसेवा और स्वच्छता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर के तहत विद्यार्थियों ने स्थानीय बाजार की सफाई अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में डॉ. भारत भूषण (एएमओ) आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर चूरूडू ने विद्यार्थियों को दिल से संबंधित बीमारियों, उनकी रोकथाम के उपायों और सीपीआर की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात कृष्ण कुमार लदाखी ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़कर ही जीवन में सच्ची सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## विधायक सत्ती ने की पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ऊना** जिला में पंजाब सीमा से सटे क्षेत्रों में वीरवार देर रात हुई गैस लीक की घटना ने पूरे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल पैदा कर दिया। इस घटना के कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी एवं दुर्व्यवहार पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने गहरा रोष व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि सच्चाई को उजागर करने के लिए मैदान में उतरे पत्रकारों को न केवल कवरेज से रोका गया, बल्कि उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास भी किया गया। सतपाल सत्ती ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका चौथे स्तंभ के रूप में बेहद अहम है और ऐसे में पत्रकारों के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि यह प्रदेश सरकार की प्रशासनिक असफलता का भी प्रमाण है।

सतपाल सत्ती ने कहा कि यह

### कहा- सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं अवैध धंधे

चिंताजनक स्थिति है कि सत्ता के संरक्षण में अवैध कारोबार फल-फूल रहे हैं और अब ये लोग आम जनता की सुरक्षा के साथ-साथ पत्रकारों की स्वतंत्रता पर भी चोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति मीडिया कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने का साहस न कर सके। सत्ती ने कहा कि वह इस पूरे मामले की शिकायत राज्य के मुख्यमंत्री से करेंगे और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग करेंगे। पंजाब सीमा से सटे ऊना जिले के पांच गांव सनौली, मजारा, मलूकपुर, बीनेवाल और पूना इस गैस लीक की घटना से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं स्वास्थ्य सेवाएं तत्काल प्रभाव से उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व है।

## विद्यार्थियों ने लिया 'नशा मुक्त भारत' का संकल्प

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में 'युवा जागरूकता कार्यक्रम 3.0' के तहत तंबाकू मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रो. किरण कुमारी ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हेल्थ सुपरवाइजर सुरेश कुमार परदेसी (सिविल अस्पताल, बंगाणा) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे और तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा-मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रो. किरण कुमारी, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी तथा एंटी-ड्रग सेल के नोडल ऑफिसर डॉ. कुलदीप, अंजना कुमारी सामुदायिक अधिकारी, कांता देवी, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, वीणा कुमारी आशा फैसिलिटेटर सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशा-मुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने 'तंबाकू और नशा मुक्त भारत' का संकल्प भी लिया।




बंगाणा कॉलेज में 'युवा जागरूकता कार्यक्रम 3.0' के तहत तंबाकू मुक्त अभियान का आयोजन किया।

## अंबोटा स्कूल बना गगरेट खंड का पहला सीबीएसई संबद्धता प्राप्त करने वाला विद्यालय

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**प्रदेश** सरकार द्वारा कई स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा की संबद्धता सीबीएसई के साथ हो गई है। इसके चलते नए शैक्षणिक सत्र से इस स्कूल में सीबीएसई पैटर्न से पढ़ाई करवाने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा विधानसभा क्षेत्र गगरेट का ऐसा पहला और जिला ऊना का चौथा स्कूल बना है, जिसकी संबद्धता सीबीएसई के साथ हुई है। इसे लेकर न सिर्फ स्कूल प्रबंधन उत्साहित है, बल्कि गांववासियों में भी खुशी की लहर दौड़ गई है।

प्रदेश में अब तक सरकारी स्कूल हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के साथ संबद्ध थे। इसके विपरीत अधिकांश निजी स्कूल सीबीएसई के साथ संबद्ध हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षण गतिविधियों में आमूलचूल बदलाव के लिए बजट सत्र के दौरान प्रदेश के सौ स्कूलों को प्रथम चरण में सीबीएसई के साथ संबद्ध करवाने का ऐलान किया था। इसके चलते शिक्षा विभाग द्वारा जारी पहली लिस्ट में जिला ऊना के सात स्कूल लिए गए थे। इससे पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ऊना, हरोली व दुलैहड़ की संबद्धता सीबीएसई के साथ हो चुकी है, जबकि अब अंबोटा स्कूल को भी सीबीएसई द्वारा संबद्धता नंबर जारी कर दिया गया है। स्कूल में पर्याप्त क्लासरूम होने के साथ मार्डन लैब्स, लाइब्रेरी होने के साथ-साथ विशाल खेल मैदान भी है। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्वेता ठाकुर, स्कूल की कार्यकारी प्रिंसीपल पूजा शर्मा व अधीक्षक रविंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह गौरव की बात है कि क्षेत्र के सबसे पुराने स्कूल की संबद्धता अब सीबीएसई के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि अब वे विद्यार्थी भी सीबीएसई पैटर्न में पढ़ाई कर सकेंगे, जो निजी स्कूलों की मंहगी फीस अदा नहीं कर सकते। निश्चित तौर पर यह स्कूल अब निजी स्कूलों को भी मात देगा। बेशक प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न में पढ़ाई करवाने का निर्णय तो ले लिया, लेकिन अभी भी कई मुद्दे ऐसे हैं, जिन्हें लेकर संशय बरकरार ही है। सीबीएसई में शिक्षकों के लिए सी-टेट की परीक्षा पास करना अनिवार्य है जबकि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नौकरी पाने के लिए एचपी-टेट की परीक्षा पास करनी होती है। ऐसे में क्या यहां शिक्षा देने वाले शिक्षकों को क्या सी टेट की परीक्षा पास करनी होगी।

**स्पर्धा** वशिष्ट पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन, पहली से दसवीं कक्षा के बच्चों ने लिया भाग

# 'स्क्रैबल प्रतियोगिता' में सोलमेट टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**वशिष्ट** पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों के ज्ञान, भाषा कौशल और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए 'स्क्रैबल प्रतियोगिता' तथा कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए ' क्वीज ऑन एनवायरनमेंट एंड साइंस' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना था।

'स्क्रैबल प्रतियोगिता' का उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी शब्दों की पकड़, शब्दावली और सोचने की क्षमता को विकसित करना था। स्ट्रॉबेरी ग्रुप 'सोलमेट टीम' से गीतांशी शर्मा, वियान चौधरी, अभिधा रावल, वान्या, जसलीन कौर, नित्या धीमान तथा वेदिका राजपूत प्रथम स्थान पर रहे। 'वॉकी टॉकीज टीम' से रियांश सहजपाल,



वशिष्ट पब्लिक स्कूल में स्क्रैबल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

लवदीप सिंह, विराट कौशल, इकनूर कौर, शिवांगी, लक्षिता शर्मा तथा रियांश कौशल द्वितीय स्थान पर रहे। 'कैच मी इफ यू कैन टीम' से शिवांशी राणा, मन्नत ठाकुर, रोहन सिम्हा गॉड, वृंदा,जोबंदीप सिंह, नायरा तथा हरशिव शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप 'ग्रुप 2' से दिव्यांश सहोर, रूही रेहल, काशवी भारद्वाज, शिवन्या धीमान तथा विदंत शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। 'ग्रुप 3' से काशवी ठाकुर, परीक्षित जसवाल, नवराज सिंह, मालती तथा रचित शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। 'ग्रुप 5' से कृषिका खन्ना, अक्षिता, मनकीरत अटवाल, विवान ठाकुर व त्रिजल चब्बा तृतीय स्थान पर रहे।'

**क्वीज ऑन एनवायरनमेंट एंड साइंस'** : ऑरेंज ग्रुप में 'टीम एस रामानुजन' से आयुष सिंह, दिविशा पराशर, माही, धृति तथा जपजीत प्रथम स्थान पर रहे। 'टीम होमी जहांगीर भाभा ' से अरमान, अरिंदम, अर्षिता शर्मा, अनिरुद्ध कुमार तथा समरप्रीत सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। 'टीम सीवी रमन ' से सानवीं नकई, देवांशी, कनिष्का, अवनीत सिंह, तथा हरगुनप्रीत तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप में 'क्वांटम क्विजर्स टीम 'से पारस डामले, यशिका, अंकिता राणा, गौरी शर्मा प्रथम स्थान पर रहे।

'आइंस्टीन क्रू टीम' से इश्मीत सिंह छोकर, गौरांगी, अर्नव जसवाल तथा समरप्रीत सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। 'द एलिमेंट्स टीम 'से अश्मीत सिंह, जशनदीप सिंह, विनायक तथा सानवीं और 'दी एटॉमिक टीम' से विहान, इशिका राणा, रितिश तथा अक्षमा तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप मेलन में 'ग्रेविटी गैंग टीम' से अभिनव चंदेल, जैस्मिन धीमान, आस्था शर्मा तथा सहजदीप सिंह प्रथम स्थान पर रहे। 'एलिमेंट एक्सप्लोरर्स टीम' से धैर्य शर्मा, रिद्धि राणा, दक्ष भारद्वाज तथा शिवान द्वितीय स्थान पर रहे।' एंजाइम नेविगेटर टीम' से प्रागुण कौशल, तमन्ना साहू, जागृत तथा श्रेयास तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों को सीखने, नेतृत्व और टीमवर्क का अवसर प्रदान करती हैं, जो जीवन में सफलता की आधारशिला बनती हैं।

स्क्रैबल केवल एक खेल नहीं, बल्कि मस्तिष्क, धैर्य और भाषा कौशल का उत्कृष्ट संयोजन है। पर्यावरण एवं विज्ञान क्विज विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और विज्ञान के प्रति रुचि को भी बढ़ाता है। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करती हैं।

## माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन 3 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 3, 4 और 6 नवंबर को अंब कॉलेज में कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। ऑडिशन 3 नवंबर को महाराणा प्रताप राजकीय कॉलेज अंब के सभागार में प्रात: 11 बजे से आरंभ होंगे। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऑडिशन के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी ऊना की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला भाषा अधिकारी ऊना, अंब कॉलेज की म्यूजिकल वोकल की सहायक प्रोफेसर तथा तहसीलदार अंब को सदस्य बनाया गया है। ये समिति सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन का जिम्मा देखेगी। नामी कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कलाकार एसडीएम कार्यालय अंब में आवेदन कर सकते हैं। ईमेल पते माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी आवेदन भेजे जा सकते हैं। बता दें, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### विद्यार्थियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विद्यार्थियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करना और देश में एकता, सद्भावना तथा जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना रहा। प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने सभी को सत्यनिष्ठा अपनाने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने और राष्ट्र की एकता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. सगुन डोगरा व प्रो. नवीन शर्मा सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

**निविदा आमंत्रण बारे**

विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मण्डी (हि.प्र.) में पंचायत समिति मद के अंतर्गत 17 वाटर कूलर क्रय किए जाने हैं। इस संबंध में योग्य फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएं सरकारी दरो पर आमंत्रित की जानी हैं। जो इच्छुक फर्में अपनी निविदाएं दिनांक 15.11.2025 तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बालीचौकी में प्रस्तुत करें। विलंब से प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी, बालीचौकी से संपर्क किया जा सकता है।

**खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड बालीचौकी**
**जिला मण्डी मण्डी (हि.प्र.)**

# शिंकुला पास में हिमालय कंपनी के खिलाफ मजदूरों का धरना-प्रदर्शन



तीन महीने से वेतन न मिलने पर हिमालय कंपनी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए मजदूर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला में स्थित 16560 फीट की ऊंचाई पर विश्व की सबसे ऊंचाई पर बनने जा रही शिंकुला पास टनल प्रोजेक्ट परियोजना में पिछले कई महीनों से 300 मजदूरों को वेतन न मिलने पर मजदूरों ने परियोजना प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करके कार्य बंद कर दिया है। हिमालय कंपनी के मज़दूर माइनस 35 डिग्री सेल्सियस में यहां पर कार्य कर रहे हैं बड़ी विडंबना की बात यह है कि मजदूरों को पिछले 3 महीने से वेतन ही नहीं मिल रहा है। जिसके चलते न ही मजदूर दशहरा मना पाए और ना ही दीपावली मजदूरों ने कंपनी के कार्य को बंद करके रखा था। उसके बाद 30 अक्तूबर तक कंपनी के आश्वासन मिलने पर फिर से कार्य शुरू किया गया मगर तीस अक्टूबर खत्म होने के बाद भी कंपनी ने मजदूरों को वेतन भुगतान नहीं किया जिसके चलते मजदूर फिर से हड़ताल पर चले गए है और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी और हड़ताल शुरू कर दी है। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी के अधिकारियों द्वारा सभी मजदूरों को घर जाने को कहा जा रहा है जिसके चलते मजदूरों में भारी रोष व्याप्त हो गया है कार्य कर रही हिमालय कंपनी का उन्होंने कार्य बंद कर दिया है।

# देव संसद के निर्णयों के समर्थन में आए विक्रमादित्य

## लोक निर्माण मंत्री ने देव स्थलों पर निर्माण कार्यों सहित बिजली महादेव रोपवे का किया विरोध

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर कुल्लू के नग्गर में आयोजित हुई देव संसद (जगती) के सभी निर्णयों का समर्थन किया है।

हिमाचल की जनता के मुद्दों को लेकर हमेशा ही सोशल मीडिया में अपने विचार रखने के साथ साथ जनता की प्रतिक्रिया लेने वाले सुखविंद्र सिंह सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने देव संसद में देवी देवताओं के द्वारा जो भी निर्णय और बातें कहीं हैं उनको सही मानते हुए उसका समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर 'हिमाचल प्रदेश के प्रिय नागरिकों के नाम हमारा संदेश' में लिखा है कि देवभूमि हिमाचल की संस्कृति और पहचान हमारे पवित्र मंदिरों, देवस्थलों और यहां बसे देवपरंपरा में निहित है।

हाल ही में कुल्लू में 350 से अधिक देवताओं की विशाल सभा ने यह स्पष्ट किया है कि हमारे धर्म, संस्कृति और प्रकृति का सम्मान करना हिमाचल के भविष्य के लिए अनिवार्य है। हम एक सच्चे आस्थावान और आपके जनप्रतिनिधि के रूप में यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि धार्मिक स्थलों, देव नीति और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण को राज्य की प्राथमिकता बनाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। उन्होंने लिखा है कि सच्ची भक्ति तब ही साकार होती है जब हमारे विचार और कार्य पर्यावरण तथा प्रकृति के अनुकूल हों। हर विकास कार्य चाहे वह सड़क, पर्यटन या शहरीकरण राज्य की पवित्र स्थल और देव संस्कृति को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। सतत विकास के रास्ते पर हम तभी सफल होंगे जब हिमाचल की संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की पवित्रता अक्षुण्ण रहे। सरकार और प्रशासन के स्तर पर हम यह जिम्मेदारी सुनिश्चित करेंगे कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं में हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण व मंदिर रक्षा को सर्वोपरि रखा जाए। हम कुल्लू में संपन्न हुई देवताओं की दिव्य सभा का पूर्ण समर्थन करते हैं। देव समाज और आम नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे सजग रहकर मंदिरों, धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सुंदरता की रक्षा में सहयोग करें। हिमाचल ग्रीन डेवलपमेंट फंड, क्लाइमेट स्मार्ट बिल्डिंग कोड और पारंपरिक ज्ञान को नीतिगत स्तर पर शामिल कर राज्य के सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को हम सब मिलकर सुनिश्चित करेंगे।

आस्था, संस्कृति और प्रकृति इन तीनों के संरक्षण से ही हिमाचल का भविष्य सुरक्षित रहेगा। आने वाली पीढ़ियों के लिए हिमाचल की आध्यात्मिक और प्राकृतिक धरोहर को बचाए रखने का संकल्प ही देवभूमि के सच्चे भक्त और नागरिक का कर्तव्य है। लिहाजा, सोशल मीडिया पर हमेशा सक्रिय रहने वाले लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जनता को यह संदेश दिया है कि देवी देवताओं की आज्ञा सर्वोपरि है।

### लोगों ने कमेंट कर की मंत्री की सराहना

**अक्सर** लोनिवि मंत्री वेबाकी से सोशल मीडिया में सड़कों की समस्याओं सहित जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सुझाव मांगते रहते हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जगती पट्ट में आयोजित देव संसद में हुए निर्णयों पर अपने विचार रखते हुए सभी निर्णयों की पालना करने की बात कही है। वहीं, इससे पूर्व भी मंत्री ने बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर आम जनमानस से उनकी राय मांगी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था 'कुल्लू के बिजली महादेव रोपवे पर आपके क्या विचार हैं'। कुल्लू सहित प्रदेशभर के हजारों लोगों ने उस समय भी उस पोस्ट पर अपने विचार रखे थे। वहीं, इस बार भी विक्रमादित्य सिंह की तरफ से सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने भर की देर थी कि कुल्लू जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश भर से फेसबुक यूजर्स ने कमेंट किये और उनकी सराहना की।






## न्यूज ब्रीफ

### सैंज, गुशैणी और पार्वती नदियों में मत्स्य विभाग ने डाला महाशीर का दस हजार बीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग ने नदीय मत्स्य बीज संग्रहण कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिनों तक महाशीर प्रजाति मछली के बीज का जिला कुल्लू की सैंज नदी, जिभी के गुशैनी में तीर्थन नदी में 8000 और पार्वती नदी में 2000 महाशीर बीज का संग्रहण किया गया। यह संग्रहण स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला कुल्लू के एंगलिंग एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत एनएफडीबी के सहयोग से किया गया। इस मत्स्य संग्रहण का उद्देश्य देश में स्थानीय प्रजाति की मछलियों के सरंक्षण और उत्पादन को बढ़ावा देना है ताकि प्रदेश में कार्यशील मछुआरों की आजीविका और सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम के दौरान विभाग ने सभी स्थानीय लोगों से आग्रह कियागया कि स्थानीय नदी नालों में मत्स्य सरंक्षण को प्राथमिकता के आधार पर करने में विभाग का सहयोग करें ताकि मत्स्य उत्पादन प्रदेश में अग्रणी राज्य बने।

### पतलीकूहल में 4 व 6 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** विद्युत उपमंडल, कटराईं के तहत आने वाले कुछ इलाकों में 4 व 6 नवंबर को विद्युत आपूर्तिप बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल, कटराईं जितेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत उपमंडल कटराईं के 33/11 केवी सब स्टेशन नग्गर के अन्तर्गत आने वाले 11 केवी रायसन फीडर की आवश्यक मरम्मत और रख रखाव के चलते इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पतलीकूहल, कटराईं बशकोला, बाड़ी, जौंगा, छानी, ढुआडा व आसपास के इलाकों में 4 नवंबर मंगलवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक इस फीडर के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 6 नवंबर वीरवार को 11 केवी बड़ाग्रां फीडर की आवश्यक रख रखाव के चलते इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों 14 मील से 18 मील, रामपुर, कशेरी, बरान, रियाडा, शांगचर, जैंडी, बड़ाग्रां, पनगां, हलान-2 व आसपास के इलाकों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक इस फीडर के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि विपरीत मौसम या बारिश के कारण यह कार्य अगले दिन किया जा सकता है। उन्होंने उपरोक्त क्षेत्रों के सभी उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग करने की अपील की।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण II में 27 अक्तूबर से 2 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शनिवार को नगवाईं कार्यालय परिसर में सतर्कता जागरूकता का संदेश देने हेतु एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनारसा के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस कार्यक्रमों में परियोजना के महाप्रबंधक (सिविल) राजीव अनुज शर्मा, साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक, परियोजना सतर्कता अधिकारी रवि कुमार तथा अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

### बलदेव सिंह बने पहाड़ी समाज के महासचिव

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सेवादल के संयोजक रहे बलदेव सिंह ठाकुर को पहाड़ी समाज का महासचिव मनोनीत किया गया है। सर्व समाज समिति के चेयरमैन प्रद्युम्न नारायण सिंह ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि हमें पूर्ण विश्वास है कि बलदेव सिंह ठाकुर को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर वह खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि आपकी समाजसेवा में निरंतर रुचि को देखते हुए यह पद आपको सौंपा जाता है। वहीं बलदेव सिंह ठाकुर ने चेयरमैन प्रद्युम्न नारायण सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरने की भरसक कोशिश होगी।

### छात्रों ने दी मातृभाषा को संजोने की सीख

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में शनिवार को मातृभाषा परिषद द्वारा पहाड़ी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र पॉल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मातृभाषा परिषद के अध्यक्ष प्रो. निर्मल सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया कि पहाड़ी दिवस 1 नवंबर 1966 को विशाल हिमाचल के गठन की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, भाषाई विविधता और लोक परंपराओं को संरक्षित व प्रोत्साहित करना है। संगोष्ठी में छात्रों ने पहाड़ी बोली एवं लोक साहित्य के संरक्षण पर अपने विचार साझा किए। भूमिका धीमान, साक्षी वर्मा, प्रिया शर्मा और साक्षी शर्मा ने पहाड़ी भाषा में स्वरचित कविताओं का पाठ कर मातृभाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. नरेंद्र पॉल ने मातृभाषा परिषद को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि पहाड़ी संस्कृति का संरक्षण और संवर्द्धन हर हिमाचली का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी विविधतापूर्ण संस्कृति ही हिमाचल की पहचान है। इस अवसर पर परिषद के सभी सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### धाराबेहड़ में भरा जाएगा सहायिका का पद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर धनीराम ने कहा है कि धाराबेहड़ आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सहायिका का पद रिक्त चल रहा है। उन्होंने बताया कि बाल विकास परियोजना नगर के अंतर्गत धाराबेहड आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त चल रहे पद को भरने हेतु पात्र उम्मीदवारों से सादे कागज़ पर आवेदन मांगे गए है। पात्र उम्मीदवार इस पद के लिए निर्धारित दस्तावेजों के साथ 18 नवंबर 2024 तक बाल विकास परियोजना कार्यालय में आवेदन कर सकते है। साक्षात्कार उपमंडलाधिकारी नागरिक कार्यालय में 19 नवम्बर को आयोजित किए जाएंगे। अधिक जानकारी हेतु 01902241343 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# विंटर गेम्स एंड एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष बने नोरबू पांस



विंटर गेम्स एंड एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाहौल-स्पीति की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

नोरबू पांस को विंटर गेम्स एंड एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाहौल-स्पीति का अध्यक्ष बनाया गया है। अमरजीत को सचिव की कमान सौंपी गई है। मोहित ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जगदीश, राजेश, मनोज, विशाल, प्रशांत, सुनील, नितिन, रंजीत, बुद्धि सिंह, जीत राम, सुरेश, पदम, अर्जुन, अनिल, वरुण, नवांग, गयालचेन, वीरेन्द्र, अशोक, रमेश, रोशन, रवि, यौनतेन, जयकिशन, अनिल, भीमसेन, मान चंद एवं दिनेश को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। आईजी प्रेम सिंह को संघ का सलाहकार नियुक्त किया गए है।

जिला के आठ स्पोर्ट्स क्लबों सिस्सु स्की एंड स्नो बोर्ड, स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर क्लब कोकसर, स्की एंड विंटर स्पोर्ट्स क्लब किशोरी, स्की एंड विंटर स्पोर्ट्स क्लब हिंसा, तिनन एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब गोंदला, ग्रेट हिमालयन रेस्क्यू एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन सुमनम, स्पीति स्की क्लब काजा व लायुल माउंटनरिंग स्की एंड स्नो बोर्डिंग एसोसिएशन केलंग ने चुनाव में भाग लिया। अध्यक्ष नोरबू ने शीत कालीन खेलों को बढ़ावा देने की बात कहीं।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से एसोसिएशन को दी मजबूत जाएगी। आने वाले समय में एसोसिएशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ साथ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल विंटर गेम्स एसोसिएशन के साथ मिलकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बारालाचा, रोहतांग, यौनम, कोकसर, सिस्सु में सफाई अभियान भी चलाए जाएंगे।

# एनएसयूआई ने इंदिरा गांधी और वल्लभभाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राजकीय महाविद्यालय बंजार में शनिवार को एनएसयूआई इकाई की ओर से भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी तथा देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में उपस्थित विकास, विशाल चौहान सुरेश, युवराज, संगीता, वंशिका, रंजना, ब्रिज मोहन तथा अन्य सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर दोनों महान नेताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक भारत की नींव रखी। एनएसयूआई के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि आज के युवाओं को इन महान नेताओं के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में संधोल कॉलेज व एलएमएसएम सुंदरनगर ने बारी बाजी

**अनंत ज्ञान, मनाली**



एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने विजेता टीमों को सम्मानित किया।

जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली में सरदार पटेल विश्वविद्यालय की प्रथम वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शेफाली ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योति बाला ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 16 और महिला वर्ग की 11 टीमों ने भाग लिया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

पुरुष वर्ग में संधोल महाविद्यालय ने प्रथम, बल्लभ महाविद्यालय ने द्वितीय तथा जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में एलएमएसएम सुंदरनगर ने प्रथम, बल्लभ महाविद्यालय मंडी ने द्वितीय और महाविद्यालय कुल्लू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडीएम अश्वनी कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान करते हुए कहा कि खेल न केवल स्वस्थ जीवन का आधार हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हैं। उन्होंने महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शेफाली और पूरी टीम को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में प्रो. ज्योति बाला ने विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक डॉ. ओम प्रकाश, तकनीकी अधिकारी नवल और अन्य सभी सहयोगियों, टीम इंचार्जों, महाविद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

# बंजार में गूंजी 'एकता की आवाज'

## सांसद कंगना ने युवाओं को नशामुक्ति और स्वदेशी अपनाने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, बंजार**



बंजार में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान सांसद कंगना रनौत और अन्य गणमान्य लोग।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बंजार में आयोजित जिला स्तरीय 'रन फ़ॉर यूनिटी - एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम में मण्डी की लोकसभा सांसद कंगना रनौत ने मुख्य रूप से भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नाटी देखकर अपने बचपन की यादें साझा कीं और बताया कि बचपन में वह भी नाटी में भाग लिया करती थीं। इस दौरान उन्होंने एक किस्सा साझा किया, जब एक बार नाटी का कार्यक्रम तैयार था लेकिन मुख्य अतिथि की देरी के कारण वह इसे प्रस्तुत नहीं कर पाईं।

सांसद कंगना रनौत ने युवाओं को बताया कि वे खुशनसीब हैं कि उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों, विशेषकर सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उनके योगदान की जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि पहले पाठ्यक्रम में केवल उनके नाम का उल्लेख होता था और उनके देश की अखंडता के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी नहीं मिलती थी। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सरदार पटेल के योगदान को समझें और देश के निर्माण में उनकी भूमिका को याद रखें।

कार्यक्रम के दौरान सांसद कंगना ने युवाओं से नशामुक्त जीवन और स्वदेशी उत्पाद अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत एक सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी और पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह ठाकुर समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। विधायक शौरी ने कहा कि हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। सभी ने पदयात्रा में भाग लेकर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आनी का सिराज उत्सव लवी मेला आज, सात देवता करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान आनी**

जिला कुल्लू के बाह्य सिराज क्षेत्र के तहत आनी कस्बे में पिछले 20 सालों से मनाए जा रहे आनी सिराज उत्सव लवी मेला में इस वर्ष सात देवताओं के आगमन से खासी रौनक रहेगी। मेला इस वर्ष 2 से 4 नबम्बर तक आयोजित होगा। पत्रकार वार्ता में मेला कमेटी के अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि

मेले के शुभारंभ स्थानीय विधायक लोकेन्द्र कुमार बतौर मुख्यातिथि के रूप में करेंगे जबकि 3 नवम्बर की सांस्कृतिक संध्या को प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह परिवार सहित मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।वहीं 4 नवंबर को मेले के अंतिम दिन हिम फैड के चेयरमैन महेश्वर सिंह मुख्यातिथि होंगे। मेला कमेटी के अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा कि इस वर्ष मेले में सात देवी देवता शिरकत करेंगे। जिनमें शमशरी महादेव,पनेऊई नाग, कुलक्षेत्र महादेव, बिननी महादेव,शगागी नाग, जोगेश्वर महादेव और देवता वेद व्यास कुंइरी महादेव शामिल हैं। मेला कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि उपमंडल मुख्यालय आनी में मनाए जाने वाले मेलों के इतिहास में सिराज उत्सव लवी मेला में पहली मर्तबा सात देवता शोभायमान होंगे। उन्होंने बताया कि मेले में इस बार चार नवम्बर को उतरी भारत स्तर की दंगल/कुश्ती प्रतियोगिता दो माली सीनियर और जूनियर वर्ग में आयोजित होगी।जिसमें प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों से नामी पहलवान भाग लेंगे । दंगल के विजेता व उप विजेता को आकर्षक ईनाम दिए जायेंगे। मेले में युवाओं का ध्यान नशे से जैसी बुराईयों से हटाकर सृजनात्मकता की तरह मोड़ने के लिए पहली बार मिस्टर और मिस आउटर सिराज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

इसके अलावा पिछले साल की तर्ज पर वॉयस ऑफ आउटर सिराज प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। इस वर्ष मेले की तीन स्टार नाइट में इंडियन आईडल फेम अंकुश भारद्वाज के अलावा प्रदेश के नाटी किंग कुलदीप शर्मा, स्टार गायक रमेश ठाकुर और डॉ0 संतोष तोशी व बीरबल मुसाफिर धमाल मचाएंगे। मेले के स्पेशल ईवेंट का ग्रैंड फिनाले ईंडियन आईडल फेम अंकुश भारद्वाज की उपस्थिति आयोजित होगा। मेला कमेटी अध्यक्ष यूपेन्द्र कांत मिश्रा ने बताया कि सिराज उत्सव आनी लवी मेला के स्तर को इस वर्ष जिला स्तरीय बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा. उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मेले के सफल आयोजन के लिए भरपूर सहयोग की आशा जताई है।

# भुंतर में खुलेगा पर्यटक-सह-यातायात पुलिस स्टेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला कुल्लू द्वारा भुंतर में पर्यटक-सह-यातायात पुलिस स्टेशन खोला जाएगा। पर्यटक-सह-यातायात पुलिस स्टेशन, कुल्लू, भुंतर के लिए भुंतर, जिला कुल्लू के आसपास के क्षेत्र में निजी आवास/भवन को किराये पर लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की है। निविदा युक्त सीलबंद लिफाफा 'पुलिस अधीक्षक, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश' के पते पर भेजा जाना चाहिए और लिफाफे के ऊपर 'भुंतर स्थित कुल्लू के पर्यटक-सह-यातायात पुलिस स्टेशन के लिए निजी भवन/आवास किराए पर लेने हेतु निविदा' लिखा होना चाहिए। लिफाफे के पीछे बोली लगाने वाले का नाम लिखा होना चाहिए। निविदा पुलिस अधीक्षक, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश के कार्यालय में 10.11.2025 को शाम 5:00 बजे तक, दस्ती या डाक द्वारा पहुँच जानी चाहिए। पूर्ण विवरण सहित सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज पुलिस मुख्यालय शिमला की वेबसाइट से भी डाउनलोड/देखे जा सकते हैं।

**स्वाद** कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में बिलासपुर ढाबा में मिट्टी के चूल्हे पर पक रही सरसों व कोदरे की रोटी

# मक्की व कोदरा की रोटी और साग के लग रहे चटकारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में बिलासपुरी ढाबे में मक्की व कोदरे की रोटी बनाती ढाबा संचालक राधा व उनके साथ अन्य सहयोगी एवं परिजन।

कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में जहां लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं वहीं, पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद चखना भी नहीं भूल रहे हैं। एक ओर जहां प्रदर्शनी मैदान में पहाड़ी सहित अन्य व्यंजनों के स्टाल लगे हुए हैं वहीं, रथ मैदान में भी इस बार सरस मेले में पहाड़ी व्यंजनों के स्टॉल लगे हुए हैं। इसके अलावा खेल मैदान में भी अधिकतर खाद्य पदार्थों के स्टॉल हैं जिनमें कचौरी, फास्ट फूड, दाल चावल सहित सरसों का साग व मक्की- कोदरे की रोटी खूब बिक रही है। यहीं पर एक स्टॉल लगा है बिलासपुरी ढाबा का जहां पर रोजाना लोगों की खूब भीड़ लगी रहती है।

इस ढाबे पर मक्की व कोदरे की रोटी के साथ सरसों का साग लोगों को परोसा जा रहा है। इस खाने की खासियत यह है कि यह मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी और कोयलों पर पक रहा है और गर्मागम लोगों को परोसा जा रहा है। 1991 से दशहरा उत्सव में मक्की की रोटी व सरसों के साग का स्टाल लगाने वाली बिलासपुर की राधा के हाथों से चुल्हे पर तैयार की जा रही मक्की व कोदरे की रोटी व साग लोग काफी पसंद कर रहे हैं। राधा कुमारी व उनके पति सोहन ने बताया कि वह 1991 से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में मक्की की रोटी व साग का स्टॉल लगा रहे हैं । पहले जहां वह मक्की की रोटी और सरसों का साग बनाते थे वहीं, कुछ सालों से लोगों की डिमांड पर कोदरे की रोटी भी बना रही हैं जोकि लोगों को खूब भा रही है। उन्होंने बताया कि कुल्लू के अलावा चंबा, रामपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी वह मेलों में अपना स्टॉल लगाते हैं और हर जगह लोग मक्की की रोटी और साग व कोदरे की रोटी को बहुत पसंद करते हैं और खूब चटकारे लगाते हैं ।

बिलासपुरी ढाबे में खाना खाने पहुंचे पतलीकूहल के ओम, मनाली के मोहन, सागर व कमला सहित कुल्लू के राम प्रसाद, राजेश, रीना कुमारी व अन्य लोगों ने बताया कि आज के समय में घरों में मक्की व कोदरे की रोटी और साग कम ही बनता है। इसका बड़ा कारण यह है कि आज की युवा पीढ़ी दाल चावल और फास्ट फूड अधिक पसंद करती है। दूसरा अब घरों में खासकर शहरों में लकड़ी वाले चूल्हे नहीं हैं, और सिलेंडर वाले गैस चूल्हे पर यदि मक्की की रोटी या साग बनाया भी जाए तो उसमें वह स्वाद नहीं मिलता।

उन्होंने बताया कि वह पिछले कुछ सालों से दशहरा उत्सव में जब भी आते हैं तो बिलासपुरी ढाबा में मक्की व कोदरे की रोटी साग के साथ खाना नहीं भूलते और साथ में पैक करवा कर भी ले जाते हैं। मेले में सिड्डू, मोमो, चौमिन, कचौरी सहित अन्य चीजें मिलती हैं जोकि आसानी से कहीं भी उपलब्ध होती हैं और घरों में भी बनती है लेकिन मक्की व कोदरे की रोटी और साग वो भी लकड़ी के चूल्हे पर तैयार किया हुआ कभी कभार ही मिलता है। उन्होंने बताया कि मक्की व कोदरे की रोटी के साथ साग का स्वाद ही अलग है। लिहाजा, कुल्लू में व्यापारिक मेले की खूब धूम मची हुई है। लोग खरीदारी में खूब मशगूल हैं और खरीदारी के साथ ही बिलासपुर की राधा के स्टाल में चुल्हे पर पकाई मक्की व कोदरे की रोटी,सरसों के साग के चटकारे भी लोग खूब ले रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक : एसपी



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन पुलिस द्वारा जनसाधारण की सहभागिता एवं सहयोग से इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए रुस्तम योजना का आरम्भ किया गया है। इस योजना के तहत सोलन पुलिस के युवा साथी 'रुस्तम वॉलंटियर्स' स्कूलों, कालेजों, कॉलेज, मेला त्योहारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों में लगातार नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इनके साथ लगातार अन्य युवा भी वॉलंटियर्स की तरह जुड़ रहे हैं। एसपी सोलन गौरव सिंह के मुताबिक अभी तक रुस्तम योजना के तहत रुस्तम वॉलंटियर्स द्वारा स्किटों के माध्यम से लगभग 10000 लोगों/छात्रों को नशाखोरी के प्रचलन/प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया है। जिला पुलिस सोलन द्वारा नशे के खिलाफ कार्रवाई में स्कूली छात्रों की महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला पुलिस सोलन के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा एक एक स्कूल को अडॉप्ट किया गया है, जिसमें जिला पुलिस के राजपत्रित द्वारा समय-समय पर गोद लिए गए स्कूलों में लगातार संवाद किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को नशे के खिलाफ दृढ़ संकल्पित बनाना तथा उनको इस सामाजिक बुराई से बचाना है।

### नवगांव स्कूल के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (हैंडबॉल) में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नवगांव के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के पांच खिलाड़ियों का चयन अब राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में कार्तिक (अंडर-14), शुभम (अंडर-14), पायल (अंडर-19), रेखा (अंडर-17) और अंशुल (अंडर-19) शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त और आकर्षक कार्यक्रम में इन छात्र खिलाड़ियों का सम्मान एवं स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### ओल्ड कोर्ट रोड की पार्किंग 27 लाख में हुई नीलाम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन की ओल्ड कोर्ट रोड स्थित पार्किंग इस बार रिकॉर्ड बोली के साथ सुर्खियों में रही। एपीआर मेगा स्टोर बारथी बिलासपुर के मालिक पंकज राणा ने इस पार्किंग का ठेका 27 लाख रुपए में लिया है, जो अब तक की सबसे ऊंची बोली मानी जा रही है। यह पार्किंग शूलिनी माता मंदिर के समीप स्थित है। हर दिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता शूलिनी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जिससे यह पार्किंग हमेशा भरी रहती है। इसी कारण इस पार्किंग की बोली अन्य सभी के मुकाबले काफी अधिक रही। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इस बार की बोली प्रक्रिया से निगम की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पार्किंग की यह ऊंची बोली न केवल निगम की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि शहर में पार्किंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम साबित होगी।

### स्किल ट्रेनर नवीनीकरण प्रमाणन विषय पर दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, सोलन।** यूको आरसेटी सोलन द्वारा गत दिवस डोमेन स्किल ट्रेनर नवीनीकरण प्रमाणन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य नियंत्रक, आरसेटी (मूल्यांकन एवं गुणवत्ता आश्वासन) डॉ. अंबिका साहू ने की। डॉ. अंबिका साहू ने कहा कि कार्यक्रम में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, कृषि उद्यमी तथा रेशम पालन (सेरीकल्चर) का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कृषकों को कृषि क्षेत्र में नवाचारी विचारों एवं व्यावहारिक ज्ञान के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने प्रशिक्षकों को उनके संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम अद्यतन के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में 31 प्रशिक्षकों ने भाग लिया । एचपीएसआरएलएम शिमला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओम प्रकाश, नाबार्ड सोलन के जिला विकास प्रबंधक अशोक चौहान, यूको आरसेटी सोलन की निदेशक मीनू बारिया इस अवसर पर उपस्थित थे।

### 712 ग्राम चरस समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने नशे के कारोबारियों पर कड़ा प्रहार करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अपनी कार्रवाई को तेज करते हुए दो युवकों को 712 ग्राम चरस के साथ रंगे हाथों दबोचा है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसआईयू की टीम को मिली सटीक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने गांव मिल्ला दोराहा के पास घेराबंदी की। यहाँ तलाशी के लिए रोके गए दो युवकों के कब्जे से चरस की यह बड़ी खेप बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान, शिलाई निवासी अनिल कुमार (37) और अच्छोटी निवासी आशु वर्मा उर्फ अंकू (21) के रूप में हुई है। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने इस संबंध में बताया कि दोनों आरोपियों को ह्ष्ठ|क्क्स एक्ट के तहत तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि दोनों को आज माननीय अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस गहन पूछताछ शुरू कर रही है। पुलिस का मुख्य लक्ष्य अब इस अवैध कारोबार की जड़ों तक पहुंचना और मादक पदार्थों की पूरी सप्लाई चेन का भंडाफोड़ करना है। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई को क्षेत्र में पनपते नशे के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है।

### कल्होग की दो छात्राएं राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कल्होग की छात्राएं डिंपल शर्मा और पूनम का चयन स्कूली बच्चों की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयन के बाद विद्यालय में प्रधानाचार्य राधा कश्यप की अध्यक्षता में स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूनम ने कबड्डी में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि डिंपल शर्मा भी शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रहीं। प्रधानाचार्य ने दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह, ट्रैक सूट और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सतत शिक्षा और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की चार सदस्यीय टीम ने विद्यालय का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली को संतोषजनक बताया और चयनित छात्राओं को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।

### चायल स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल चायल में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन स्कूल प्रधानाचार्य ब्रह्म दत्त शर्मा ने किया। एनएसएस अधिकारी संजय कुमार और महिला अधिकारी पूनम ठाकुर ने शिविर में सात दिनों तक आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी इससे सेवा और अनुशासन को सीखते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी विद्यार्थीयों को शिक्षा के साथ स्कूल की खेल और एनएसएस जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ एसएनसी प्रधान प्रधान असमा ठाकुर व अन्य सदस्य विशेष तौर से उपस्थित रहे।

### डिग्री कॉलेज राजगढ़ में एकता दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता, एकता दौड़, योग और नशा मुक्त भारत इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए । पुलिस विभाग राजगढ़ द्वारा 'एकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलजे के एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ के एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह दौड़ सुबह 8 बजे पुलिस थाना राजगढ़ से प्रारंभ हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने लगभग 2.5 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौड़ का उद्देश्य देश में एकता और अखंडता का संदेश फैलाना था। महाविद्यालय परिसर में सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष्य में योग शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसका संचालन योग प्रशिक्षिका अंजलि द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ भी ग्रहण की।

### अर्की स्कूल में तंबाकू सेवन के बताए दुष्प्रभाव

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (ब्वॉयज) अर्की में तंबाकू उन्मूलन और नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर, एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सेवाएं, सिविल अस्पताल अर्की ने छात्रों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशा मुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य राज कुमार गौतम ने कहा कि तंबाकू जैसी आदतें न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। डॉ. शांडिल ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारियां होती हैं। कार्यक्रम में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सपना ठाकुर ने 90 छात्रों का टीकाकरण किया। यह 60 दिवसीय अभियान क्षेत्र के सभी विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा ताकि अर्की को पूर्णतः तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाया जा सके।

# सोलन नगर निगम के परिसीमन से बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

## 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन में 8 वार्डों में आंशिक बदलाव

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** सोलन नगर निगम में हाल ही में हुए परिसीमन की वजह से 17 में से आठ वार्डों की जनसंख्या में मामूली बदलाव हुआ है। इससे आने वाले निकाय चुनाव में राजनैतिक समीकरण बदलने की संभावना है। इसको लेकर कांग्रेस समर्थित स्थानीय नेताओं के एक वर्ग ने आपत्ति जताई है। नगर निगम चुनावों से पहले अनिवार्य इस प्रक्रिया ने संभावित पार्षदों के बीच चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता है कि इसका उनकी चुनावी संभावनाओं पर क्या असर पड़ेगा।

परिसीमन के मुताबिक शहर के तीन वार्डों कथेड़, ठोडो ग्राउंड और शिल्ली रोड में जनसंख्या में कमी आई है, जहां कुछ क्षेत्रों को आसपास के वार्डों में पुनः आवंटित किया गया है। इसके विपरीत, पांच वार्डों में आस-पास के इलाकों को जोड़ने के कारण जनसंख्या में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें चंबाघाट सलोगड़ा, लोअर बाजार, जवाहर पार्क, चौरीघाटी और मधुबन कॉलोनी शामिल हैं। शेष 9 वार्डों देऊघाट, सपरून, रेलवे स्टेशन, डिग्री कॉलेज, सनी साइड, कलीन, हाउसिंग बोर्ड, तहसील पातरार, रबौन, आंजी और बसाल पट्टी कथेड़ की जनसंख्या के आंकड़ों में कोई बदलाव नहीं देखा गया है।



नगर निगम सोलन कार्यालय।

### क्या कहते हैं एसडीएम सोलन

सोलन के एसडीएम डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि साल 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन किया गया है, क्योंकि तब से कोई नई जनगणना नहीं हुई है। हालांकि, यह वर्तमान जनसांख्यिकीय परिदृश्य को नहीं दर्शाता है, लेकिन अधिकारियों को उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर ही निर्भर रहना पड़ा। परिसीमन का मसौदा 28 मई को प्रकाशित किया गया था और जनता से इसके प्रकाशन के सात दिनों के भीतर आपत्तियां दर्ज करने को कहा गया है। अपने मतदाता आधार के प्रभावित होने की चिंता में कई राजनीतिक नेताओं ने पहले ही आपत्तियां दर्ज कराना शुरू कर दिया है।

यह पुनर्गठन 2020 में शुरू किए गए परिवर्तनों का ही एक हिस्सा है, जब आठ पंचायतों को सोलन एमसी में मिलाकर इसे नगर निगम में अपग्रेड किया गया था। युक्तिकरण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, अधिकारियों ने कुछ ब्लॉकों के हिस्सों को पड़ोसी वार्डों में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे जनसंख्या के आंकड़ों में तदनुसार बदलाव किया गया है।

परिसीमन के बाद, सनी साइड वार्ड की जनसंख्या अब सबसे कम 2,512 है, जबकि लोअर बाजार की जनसंख्या सबसे अधिक 3,068 है। जनवरी 2026 में अगले नगर निकाय चुनाव होने हैं, इसलिए इस फेरबदल ने स्थानीय राजनीतिक उम्मीदवारों के बीच चिंता पैदा कर दी है, जिनमें से कुछ कथित तौर पर संशोधित सीमाओं और मतदाता गतिशीलता को लेकर रातों की नींद हराम कर रहे हैं।

# हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : अवस्थी

## दी अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण



नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते विधायक संजय अवस्थी।

अनंत ज्ञान, सोलन/ अर्की

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने और हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी शनिवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र के दाड़लाघाट में दी अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा राज्य को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' के रूप में विकसित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा से परिपूर्ण हिमाचल न केवल देश के लिए आदर्श स्थापित करेगा, बल्कि वैकल्पिक आय स्त्रोतों के साथ हिमाचल की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। प्रदेश सरकार द्वारा प्राइवेट बस, ट्रक ऑपरेटरों को ई-बस तथा ई-ट्रक क्रय करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे जहां युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वहीं, हिमाचल प्रदेश हरित राज्य के रूप में विकसित होगा।

विधायक ने सभा के सुदृढ़ीकरण और इसे अधिक संगठित करने पर बल दिया, ताकि ट्रक ऑपरेटरों के हितों को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा ट्रक ऑपरेटरों की माल-भाड़ा दर में वृद्धि की मांग के बारे में स्वयं मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की है। शीघ्र ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। संजय अवस्थी ने मुख्यमंत्री के दाड़लाघाट के प्रवास को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

अम्बुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित दाड़लाघाट के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और सभा की गतिविधियों से अवगत करवाया। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और इनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुकेश सक्सेना (सीएमओ नॉर्थ अदानी सीमेंट लिमिटेड) ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। इसके अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे।

# राजगढ़ में मवेशियों के लिए घास कटाई में जुटीं ग्रामीण महिलाएं



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सर्दियों के लिए मवेशियों का चारा जुटाने में इन दिनों राजगढ़ क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं दिन-रात व्यस्त हैं। वे बर्फबारी के मौसम से पहले घास एकत्रित कर गोमट में संग्रहित कर रही हैं, ताकि पशुओं को ठंड के महीनों में पर्याप्त चारा मिल सके। पूर्व प्रधान कुशल तोमर और सुरेश चौहान ने बताया कि अक्तूबर-नवंबर में किसान घास कटाई के साथ मक्की व दलहन की फसलें भी एकत्रित करते हैं। पहले महिलाएं सामूहिक रूप से दराती से घास काटती थीं, जिसे स्थानीय भाषा में गसाई या नलाई कहा जाता है, पर अब कई लोग ग्रास कटिंग मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीण महिलाएं आज भी मेहनती और सशक्त हैं, वे दो मन तक का बोझ पीठ पर कई किलोमीटर ढोकर घर लाती हैं।

# सलोगड़ा में स्कूल बस की ब्रेक हुई फेल, बड़ा हादसा टला

## 50 के करीब स्कूली छात्र से सवार

अनंत ज्ञान, सोलन



दुर्घटनाग्रस्त हुई स्कूल बस।

नेशनल हाईवे-5 के साथ लगते सलोगड़ा-हेरिटेज नेशनल पार्क सड़क पार्क पर शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया जब एक स्कूली बस अनियंत्रित होकर खाई की ओर जा रुकी।

जानकारी के अनुसार नंद लाल विद्या मंदिर अम्बाला स्कूल की बस में करीब 50 छात्राएं और स्कूल स्टाफ शामिल थे। बताया जा रहा है कि बस मोड़ पर अचानक ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई और खाई के किनारे आकर रुक गई। यदि बस खाई में गिर जाती तो बड़ा हो सकता है। बस चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। बस में सवार सभी विद्यार्थी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जिन्हे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# रेणुका मेले में सीएम सुक्खू का न आना जनता के साथ धोखा : रावत



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मेला श्री रेणुकाजी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का न आना सिरमौर की जनता के साथ धोखा है। रावत ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मेला श्री रेणुकाजी की सदियों से परंपरा रही है कि मेले का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री करते हैं और समापन महामहिम राज्यपाल करते हैं। यह पहला मौका है जब अंतरराष्ट्रीय मेले का शुभारंभ मंत्री कर रहा है। उन्होंने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू को पता है कि मेरे पास सिरमौर की जनता के लिए देने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए मेले में जाकर मैंने क्या करना है। कांग्रेस सरकार के पास पंचायत चुनाव कराने के लिए भी पैसे नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मेले रेणुका में तो रेणु मंच से घोषणाएं करनी पड़ती हैं, पिछली बार भी मुख्यमंत्री ने रेणु मंच से कोई भी घोषणा नहीं की, जबकि इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने रेणु मंच से जिला सिरमौर के लिए दर्जनों घोषणा की थी जिसको उन्होंने समय रहते हुए पूरा भी किया था। रावत ने बताया कि जो मुख्यमंत्री रेणुका मेले में नहीं आता वह कभी भी दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन सकता।

# कालाअंब-पांवटा नेशनल हाईवे खस्ताहाल में, केंद्र सरकार से बजट का इंतजार

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** जानलेवा और जोखिम पुर्ण बन चुका देहरादून-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे के कालाअंब के खस्ताहाल हिस्से पर अभी पेच वर्क भी लगने की उम्मीद नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार पेच वर्क के लिए मात्र 59 लाख रुपए के बजट की दरकार है।

नेशनल हाइवे नाहन डिविजन के अनुसार पेच वर्क का अभी केंद्र बजट की स्वीकृति नहीं मिली है। डीपीअआर लंबित है। उधर नेशनल हाइवे के रखरखाव को लेकर कांग्रेस- भाजपा के स्थानीय नेताओं की बीच घमासान हो रहा है।

उधर, आरोप है कि कालाअंब से 6 किलोमीटर नाहन टौऔकी तरफ हाइवे की मेंटनस करने वाले ठेकेदार भी अभी नहीं पहुंचे, ऐसे में हाइवे डिविजन को नोटिस जारी करने पड़े। अधिकारियों के अनुसार हाईवे पर धौलाकुआं के तरफ पेच वर्क शुरू हुआ है।

नेशनल हाइवे के इसी हिस्से पर 6 किलोमीटर तक नाहन की तरफ टारिंग के लिए सवा तीन करोड़ की डीपीआर केंद्र के पास अटकी हुई है। केंद्र द्वारा बजट व स्वीकृति देने के मामले हो रही को देख कर लगता है कि अभी इस हाइवे से रोजाना निकलने वाले सैकड़ों वाहन चालकों को आने वाले कई महीने खड्डों में धक्के खाने पड़ेंगे।

भाजपा के नेता कांग्रेस सरकार पर यह कह कर निशाना साध रहे हैं कि स्टेट गुजरने वाले डबल लेन हाइवे के रखरखाव व टारिंग के बजट केंद्र सीधे राज्य को देता है, जबकि कांग्रेस के नेताओं का आरोप है कि यह सब मिथ्या है नेशनल हाइवे का सारा बजट केंद्र के अधीन ही रहता है। और प्रत्येक योजना की डीपीआर स्वीकृति मिलने के बाद बजट आता है ।

नेशनल हाईवे डिवीजन के अधिशाषी अभियंता सतीश खंडूजा ने बताया कि नेशनल हाइवे के कालाअंब क्षेत्र के खराब हिस्से पर पेच वर्क करने के लिए 59 लाख रुपये के बजट की डीपीआर केंद्रीय भूतल मंत्रालय के पास लंबित है। स्वीकृति मिलने के बाद ही टेंडर होगा। हाईवे पर 6 किलोमीटर नाहन की तरफ टारिंग की डीपीआर भी भेजी गई है। उन्होंने ने बताया कि सेनवाला के किया गया है।

खंडूजा ने साफ किया कि हाइवे के लिए सभी तरह का बजट केंद्र के भूतल परिवहन मंत्रालय से डीपीआई स्वीकृत होने बाद ही जारी किया जाता है। राज्य सरकार की इसको लेकर कोई भूमिका नहीं रहती है।

# सिरमौर पुलिस ने नशा तस्करों और अवैध खनन पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने नशा तस्करी, अवैध खनन और मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। इस दौरान 25 टिप्पर जब्त किए गए, 42 चालान किए गए और एक व्यक्ति से 360 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक सिरमौर के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रमाकांत ठाकुर की अगुवाई में क्विक रिएक्शन टीम का गठन किया गया। टीम ने 29 और 30 अक्तूबर की रात पांवटा साहिब क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक चले इस ऑपरेशन में 24 टिप्परों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, जिनमें से 23 टिप्पर पुलिस ने जब्त किए। पुलिस थाना काला अंब ने एक चालान और पुरुवाला थाना ने 16 चालान खनन अधिनियम के अंतर्गत किए। इस दौरान एक वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। कुल-मिलाकर पिछले 48 घंटों में सिरमौर पुलिस ने ओवरलोड और अवैध खनन के तहत 42 चालान किए और 25 टिप्परों को जब्त किया। इसी क्रम में 29 अक्तूबर को राजगढ़ थाना पुलिस ने गश्त के दौरान नशा तस्करी के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। शाम करीब 6 बजे शलामू गांव के पास पुलिस को देखकर एक व्यक्ति ने सड़क से छलांग लगाई, जिसके पास से जांच में 360 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान राम गोपाल पुत्र टिकम राम निवासी गांव ब्राईला, तहसील राजगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अदालत से आरोपी का पुलिस रिमांड लिया जाएगा, ताकि नेटवर्क और स्त्रोतों की गहन जांच की जा सके।

# रिकांगपिओ में बिकेंगे जाइका वानिकी परियोजना के ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स



मंत्री जगत सिंह नेगी जाइका वानिकी परियोजना के मल्टीपर्पज आउटलेट का शुभारंभ करते हुए।

## मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया मल्टीपर्पज आउटलेट का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में ग्रामीण आर्थिकी और महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। शनिवार को राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जाइका वानिकी परियोजना के मल्टीपर्पज मार्केटिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। मंत्री ने परियोजना के माध्यम से चल रहे वानिकी व आजीविका सुधार कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल स्थानीय उत्पादों को नई पहचान देगी और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी।

अब जाइका परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के ऑर्गेनिक उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध होंगे। हिम ट्रेडिशन ब्रांड के तहत किन्नौरी राजमाह, पारंपरिक वस्त्र, चुल्ली का तेल, अखरोट, काला मटर, काला जीरा, कोदे व फाफरे का आटा जैसे उत्पाद सस्ती दरों पर मिलेंगे। परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद शर्मा ने बताया कि जाइका परियोजना का उद्देश्य रसायनमुक्त, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देना है। प्रदेश के 22 वन मंडलों में ऐसे आउटलेट स्थापित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर स्थानीय स्वयं सहायता समूहों जागृति स्वयं सहायता समूह बरी, लक्ष्मी समूह चौरा, विष्णु समूह कंडार और सिरखुंग समूह चांगो की महिलाओं ने अपने-अपने उत्पाद प्रदर्शित किए।

## गौरव | 1925 से 2025 तक की अनुशासन, परंपरा और देशसेवा की अमर यात्रा

# मिलिट्री स्कूल चायल के शताब्दी समारोह में गूंजा जॉर्जियन जोश

अनंत ज्ञान, सोलन



वॉलीबाल खेल का आनंद लेते जॉर्जियन।

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल (1925-2025) का शताब्दी समारोह उत्साह और गर्वमयी माहौल में हुआ मिलिट्री स्कूल चायल की सौ वर्षों की गौरवशाली विरासत को नमन करते हुए विद्यालय परिवार पूर्व छात्र (जॉर्जियन) शिक्षक, कैडेट्स व अतिथियों ने ऐतिहासिक सेंचुरी प्राइड वॉक में भाग लिया।

इस कार्यक्रम में देश सहित दुनिया के कई देशों में सेवारत करीब 500 से अधिक जॉर्जियन भाग लेने के लिए चायल पहुंचे हैं। यह आयोजन न केवल स्कूल की परंपरा और अनुशासन का प्रतीक है, बल्कि एकता और गौरव की भावना से ओतप्रोत जनसमूह का साक्षी भी बना। सूर्य की किरणें चायल की हरियाली पर बिखरीं, तब विद्यालय के मुख्यद्वार से निकले सैकड़ों जॉर्जियनों की टोलियों ने एक इतिहास रच दिया। एक बार जॉर्जियन बार-बार जॉर्जियन के नारे गूंजते हुए जब वॉक आगे बढ़ी तो चायल की मनोरम वादियां और स्थानीय बाज़ार गर्व और अपनत्व की भावना से भर उठा। जॉर्जियनों ने पूरे अनुशासन के साथ कदमताल करते हुए स्कूल गेट से बाजार तक की दूरी तय की। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों के बीच मिठाइयां बांटी जोकि स्कूल और चायल नगर के बीच दशकों पुराने स्नेह और संबंध का जीवंत प्रतीक थी।

पूर्व छात्रों के चेहरों पर अपने पुराने संस्थान की यादों की चमक थी, वहीं वर्तमान कैडेट्स के चेहरों पर भविष्य की ऊंचाइयों को छूने का उत्साह झलक रहा था। यह वॉक केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाला सेतु साबित हुई, जिसने इस बात को पुनः रेखांकित किया कि चैल केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि अनुशासन, परंपरा और देशसेवा की भावना का जीवंत केंद्र है। प्राइड वॉक के बाद विद्यालय परिसर में आयोजित रस्सा कशी प्रतियोगिता ने माहौल को रोमांच से भर दिया। पुराने जॉर्जियनों और वर्तमान कैडेट्स के बीच हुए इस मित्रता पूर्ण मुकाबले ने दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ा दी।

हंसी, जोश और प्रतिस्पर्धा के बीच यह मुकाबला एक अनोखा मिलन साबित हुआ, जहां उम्र के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा ने मिलकर खेल भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके बाद आयोजित मैत्री मैच और म्यूजकिल चेयर्स जैसे मनोरंजक खेलों ने भी मेहमानों और कैडेट्स दोनों को आनंदित कर दिया।

स्कूल प्रिंसिपल ने इस अवसर पर सभी पूर्व छात्रों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह शताब्दी केवल वर्षों की गिनती नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों का सम्मान है, जिन्होंने इस संस्था को महान बनाया। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल ने ब देश को अनेक योग्य अधिकारी, सैनिक और नागरिक दिए हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र का नाम रोशन किया है। जैसे-जैसे शाम का सूरज चायल की पहाड़ियों के पीछे ढलता गया, विद्यालय प्रांगण में एक अद्भुत भावनात्मक वातावरण बन गया। हर चेहरा संतोष, गर्व और अपनत्व से ले दमक रहा था। सेंचुरी प्राइड वॉक ने यह सिद्ध कर दिया कि समय भले बदल जाए पर जॉर्जियन भावना सदैव अडिग रहती है।

# किन्नौर में विशाल विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** जन-जागृति, जनकल्याण और न्याय तक आम जन की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनजातीय जिला किन्नौर के मिनी स्टेडियम रिकांगपिओ में विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायाधीश एवं सदस्य सचिव, हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रणजीत सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह शिविर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता के अधिकारों से अवगत करवाना, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखना, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना, आपदा पीड़ितों के पुनर्वास तथा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि निशुल्क कानूनी सहायता लोगों का संवैधानिक अधिकार है और हर नागरिक को इस सुविधा की जानकारी होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हर व्यक्ति का कर्तव्य है और इसी उद्देश्य से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जुलाई माह से अब तक 11 हजार से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर जितेंद्र कुमार सैनी ने युवाओं से नशे से दूर रहने का संकल्प लिया और लोगों को टोल फ्री नंबर 15100 पर निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी। सहायक आयुक्त एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. ओम प्रकाश यादव ने मुख्यातिथि रणजीत सिंह को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंबाला में शांति सम्मेलन में एकत्रित हुए हजारों लोग

**अनंत ज्ञान, अंबाला** मिशन अस्पताल, अंबाला में कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज द्वारा आयोजित एक शांति सम्मेलन में आराधना और एकता की भावना का संचार हुआ, जहां हज़ारों विश्वासी शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना करने के लिए एकत्रित हुए। इस बैठक का नेतृत्व पादरी कंचन मित्तल और डॉ. सुनील सादिक ने किया, जिन्होंने प्रार्थनाओं का नेतृत्व किया और मंडली को विश्वास और प्रेम में एकजुट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सभा में शक्तिशाली आराधना, एक प्रेरक प्रवचन और परिवारों, शहर और राष्ट्र के लिए एकजुट प्रार्थनाएं शामिल थीं। पादरी कंचन ने उपस्थित जनसमूह को याद दिलाया कि 'सच्ची शांति संघर्ष का अभाव नहीं, बल्कि हमारे हृदय में ईश्वर की उपस्थिति है। ' सम्मेलन का समापन सामूहिक आशीर्वाद और सहभोज के साथ हुआ, जो समुदाय के भीतर प्रेम और एकजुटता का प्रतीक है।

### श्रीराम सुपर गेहूं के बीजों ने बढ़ाई उपज

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** हरियाणा में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5-एस आर-05 और श्रीराम सुपर 272 बीजों ने किसानों के बीच क्रांतिकारी बदलाव लाया है।



इन किस्मों की उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन ने इन्हें किसानों की पहली पसंद बना दिया है। कुरुक्षेत्र के किसान पवन सैनी ने बताया कि 'श्रीराम सुपर 5-एस आर-05' में मजबूत तना और 85-90 दानों वाली लंबी बालियाँ हैं, जिससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वहीं, हिसार के किसान प्रमोद ने कहा कि 'श्रीराम सुपर 272' की फसल गिरती नहीं और उपज गुणवत्ता सहित शानदार रहती है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स, 135 वर्ष पुरानी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का हिस्सा है, जो बीज, फसल पोषण और संरक्षण के क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से भारतीय कृषि को नई दिशा दे रहा है।

### सूचना आयुक्त को पंजाब विवि ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में सूचना आयुक्त के पद पर सेवारत अमरजीत सिंह को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की वाइस चांसलर रेनू विग ने आज छठी ग्लोवल अल्मुनायी मीट में ' डिस्टिंग्सड अलुमनस सम्मान से समानित किया। अमरजीत सिंह 27 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग के निदेशक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव और हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है। उन्हें हरियाणा सरकार और रेडक्रॉस सोसाइटी से अनेक प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए हैं।

### सरकारी अस्पतालों में ओपीडी पर्चियों पर डॉक्टर करें हस्ताक्षर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सरकारी अस्पतालों में सेवारत सभी डॉक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे ओपीडी पर्चियों, लैब रिपोर्टों और उनके द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं के प्रिस्क्रिप्शन पर अपने हस्ताक्षर करें। उन्होंने सभी प्रिस्क्रिप्शन में दवाइयों के जेनेरिक नाम बड़े और स्पष्ट अक्षरों में लिखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इस व्यवस्था का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एक पत्र सभी जिलों के सिविल सर्जनों को भी भेजा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आम तौर पर यह पाया गया कि कई डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन में दवाइयों के जेनेरिक नाम नहीं लिख रहे हैं और ओपीडी पर्चियों व लैब रिपोर्टों पर डॉक्टरों की मुहर और नाम अंकित नहीं किए जा रहे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रिस्क्रिप्शन में दवाइयों के जेनेरिक नाम बड़े और स्पष्ट अक्षरों में लिखे जाएं। इसके अलावा ,प्रिस्क्रिप्शन पर डॉक्टर की मुहर एवं हस्ताक्षर, साथ ही नाम, पद और पंजीकरण संख्या अंकित होना अनिवार्य होगा। मरीजों को दी जाने वाली लैब रिपोर्टों पर भी डॉक्टर का नाम, पद व रजिस्ट्रेशन नंबर होना अनिवार्य होगा। आरती सिंह राव ने कहा कि इन निर्देशों का तुरंत प्रभाव से पालन किया जाए। ये निर्देश राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता बढ़ाने और मरीजों के हित में जारी किए गए हैं।

# हरियाणा ने रोजगार, पारदर्शिता और विकास में रचा नया अध्याय : सैनी

## 3 लाख युवाओं को रोजगार, दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने 11 वर्षों में 3 लाख युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया से सरकारी सेवाओं में नियुक्त किया है। इनमें 1.80 लाख युवाओं को नियमित पदों पर और 1.20 लाख को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया निरंतर जारी है, जिससे युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

मुख्यमंत्री हरियाणा दिवस पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त के तहत 5.22 लाख महिलाओं के खातों में 109 करोड़ रुपए स्थानांतरित किए और पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार हरियाणा को नवाचार, इंफ्रास्ट्रक्चर और समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ा रही है। सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 217 में से 48 वादे पूरे कर दिए हैं, जबकि 158 पर कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 12 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों का पंजीकरण हुआ है, जिससे 28,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश संभव हुआ है। साथ ही 9,500 स्टार्टअप्स और 19 यूनिकॉर्न कंपनियां हरियाणा को समृद्धि की नई परिभाषा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर हो रही है और किसानों को 48 घंटे में भुगतान मिल रहा है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 'हर घर हर गृहिणी' और 'नमो ड्रोन दीदी' जैसी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।

# पेपरलेस रजिस्ट्री से भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर लगेगा अंकुश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को एक और सौगात दी है। राज्य सरकार ने हरियाणा को डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम की ओर अग्रसर करते हुए मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली लागू की है।

> नई प्रणाली से दशकों पुरानी जटिल रजिस्ट्री प्रक्रिया से लोगों को मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री ने हरियाणा निवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान बटन दबाकर इस प्रणाली को लागू किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 29 सितंबर को कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा तहसील से इस पहल की शुरुआत की थी, जिसे अब पूरे राज्य में विस्तारित किया गया है। उन्होंने कहा कि 29 सितंबर से 31 अक्तूबर, 2025 तक कुल 917 पेपरलेस रजिस्ट्री सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं, जो इस व्यवस्था की सफलता का प्रमाण हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नई प्रणाली से दशकों पुरानी जटिल रजिस्ट्री प्रक्रिया से लोगों को राहत मिलेगी और अब रजिस्ट्री कार्यों में अनावश्यक देरी की समस्या समाप्त हो जाएगी। नागरिक अब अपने घर बैठे ही अधिकतर प्रक्रियाएं पूरी कर सकेंगे। केवल एक बार फोटो खिंचवाने के लिए संबंधित तहसील में जाना आवश्यक होगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे प्रदेश की जनता को वास्तविक सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पेपरलेस रजिस्ट्री से समय और संसाधनों की बचत होगी तथा भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश लगेगा।

इस दौरान पर्यटन मंत्री श्री अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्तायुक्त डॉ सुमिता मिश्रा, अंतोदय विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी अनुपमा, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री केएम पांडुरंग, राजस्व विभाग के विशेष सचिव श्री यशपाल सिंह, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय भी मौजूद थे।

# एसबीआई के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0' आयोजित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ), सेक्टर 30, चंडीगढ़ ने एसबीआई के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर' का आयोजन कर अपने स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में 170 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया, जिसमें सीएसआईओ, एसबीआई और सहयोगी प्रयोगशाला सीएसआईआर-इमटैक के प्रतिनिधि शामिल थे।

इस दौड़ का आयोजन सीएसआईओ लेडीज क्लब और स्टाफ क्लब के सहयोग से किया गया, जिसका मार्गदर्शन डॉ. उमेश तिवारी और डॉ. अमोल भोंडेकर ने किया। वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों में निदेशक, सीएसआईओ शांतनु भट्टाचार्य, एसबीआई उप महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार और अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने फिटनेस, स्वच्छता और टीम भावना को बढ़ावा दिया और बच्चों व परिवारों के बीच स्वस्थ जीवनशैली का संदेश फैलाया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने क्लब सदस्यों के प्रयासों को सम्मानित किया।

## प्रदेशवासियों की मेहनत से बना हरियाणा विकास का प्रतीक : राज्यपाल असीम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने कहा कि प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, निवेश और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वे पंचकूला में आयोजित हरियाणा के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेशवासियों की कड़ी मेहनत और उद्यमशीलता से हरियाणा आज देश के अग्रणी राज्यों में है। हरियाणा देश के क्षेत्रफल का मात्र 1.34 प्रतिशत और जनसंख्या का 2.09 प्रतिशत होने के बावजूद राष्ट्रीय जीडीपी में 3.6 प्रतिशत योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है, महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिला है और सामाजिक सुरक्षा पेंशन देश में सबसे अधिक है। इस मौके पर राज्यपाल ने राज्य गीत 'जय जय जय हरियाणा' का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा और कला एवं संस्कृति विभागों के महानिदेशक केएम पांडुरंग आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से हरियाणा में आयुर्वेदिक चिकित्सा को नई मजबूती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा और शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटीकरा (नारनौल) को राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 100 बीएएमएस सीटों पर पुनः दाखिले की अनुमति प्रदान की गई है।

मंत्री ने बताया कि बीते कुछ सत्रों में कॉलेज में शिक्षकों और तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण सीटों की संख्या घटकर 63 रह गई थी। राज्य सरकार ने शिक्षकों की नियुक्ति, अधोसंरचना सुधार और शैक्षणिक मानकों की पूर्ति के लिए प्राथमिकता से कार्य किया। परिणामस्वरूप आयोग ने पुनः कॉलेज को उसकी पूर्ण सीट क्षमता (100 सीटें) की मान्यता बहाल कर दी है।

आरती सिंह राव ने कहा कि यह निर्णय उन विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत है जो हरियाणा के एकमात्र राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में बीएएमएस की पढ़ाई का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुष चिकित्सा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में नए संस्थानों और आधुनिक सुविधाओं से लैस परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार के अवसर बढ़ाना है, ताकि युवा पीढ़ी इस प्राचीन भारतीय चिकित्सा प्रणाली के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

## देश-विदेश

# बिहार का भविष्य तय करने का यह चुनाव हम बंद चीनी मिलों को करेंगे चालू : शाह

**एजेंसी, पटना/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के गोपालगंज में वर्चुअली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर पटना से उड़ान नहीं भर पाया। अपने भाषण में शाह ने जंगलराज की याद दिलाई, साथ ही बंद पड़े चीनी मिलों को चालू कराने का वादा किया।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव बिहार का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि साधु यादव के कारनामे गोपालगंज वालों से ज्यादा किसको मालूम हैं। जंगलराज के दौर में कई नरसंहार हुए, जिनमें बथानी टोला, सोनारी, शंकरबीघा नरसंहार जैसे अलग-अलग 34 नरसंहार हुए थे। जिसने बिहार की धरती को रक्तरंजित किया है। बेगूसराय के बछवाड़ा में प्रियंका गांधी ने सभा की। बढ़ते क्राइम को लेकर प्रियंका ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बिहार में क्राइम चरम पर है। बिहार में महिलाएं असुरक्षित हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने शनिवार को विधानसभा चुनावों में एक बार फिर एनडीए को वोट देने की अपील की।

नीतीश ने एक वीडियो मैसेज में दावा किया कि उन्होंने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया है। राज्य का विकास हमेशा उनकी प्राथमिकता रही है। नीतीश ने कहा- नवंबर 2005 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही राज्य में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी खुफिया निदेशक बोलीं- हम हमेशा दूसरे देशों की सरकारें गिराने में दखल देते रहे

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने कहा कि पिछले कई दशकों से अमेरिकी विदेश नीति गलत दिशा में रही है।

एक बयान में गबार्ड ने आरोप लगाया कि अमेरिका दूसरे देशों की सरकारें गिराने, अपनी व्यवस्था थोपने और ऐसे मुद्दों में दखल देता रहा, जिन्हें वह ठीक से समझता भी नहीं था। तुलसी गबार्ड के मुताबिक, इस तरह के कदमों ने कई देशों में हालात और खराब किए और अमेरिका की छवि को भी नुकसान पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

# कर्नल सोफिया बोलीं- ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मनिर्भरता का सबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत की युद्ध रणनीति में बड़ा बदलाव आया है। यह ऑपरेशन भारत की 'मल्टी-डोमेन प्रिसीजन वॉरफेयर' का प्रमाण बन गया है। पाकिस्तान ने इस दौरान 'इन्फॉर्मेशन वॉरफेयर' भी छेड़ी थी, इसलिए युवाओं को डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और फेक न्यूज से सावधान रहने की जरूरत है। कर्नल कुरैशी मानेकशॉ सेंटर में आयोजित चाणक्य डिफेंस डायलॉग: यंग लीडर्स फोरम में स्पीकर के तौर पर पहुंची थीं। जहां उन्होंने भारत की युद्ध रणनीति में युवाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी।

**कहा- जंग अब बंकरों या गोलियों से नहीं बल्कि बाइट्स-बैंडविड्थ से भी लड़ी जाएगी**

उन्होंने युवाओं से कहा कि आप भारत की युवा शक्ति हैं-आप फायरपावर में ही नहीं, बल्कि फायरवॉल्स में भी प्रशिक्षित हैं। अब युद्ध केवल बंकरों या गोलियों से नहीं, बल्कि बाइट्स और बैंडविड्थ से भी लड़ा जाता है। भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया था। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई एयरपोर्ट पर 4.7 किग्रा कोकीन के साथ 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर विशेष अभियान के तहत 4.7 किलोग्राम कोकीन जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस कोकीन का मूल्य 47 करोड़ रुपए आंका गया है। इस मामले में अब तक पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है। डीआरआई अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान शुरु किया गया है। इसी अभियान में डीआरआई की टीम ने कोलंबो से आई एक महिला यात्री को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका। उसके सामान की जांच करने पर कॉफी पाउडर के नौ पैकेटों में सफेद रंग का पदार्थ छिपा हुआ पाया गया। इसके बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद चार अन्य आरोपितों को शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

## सीमा पर उज्बेकिस्तान की महिला गिरफ्तार

**एजेंसी, महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली इलाके में बिना वैध वीजा के भारत में कथित तौर पर घुसने की कोशिश करने वाली उज्बेकिस्तान की एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आप्रवासन विभाग के जांच अधिकारी प्रमोद कुमार दुबे ने शनिवार को बताया कि नेपाल से भारत आ रही उम्मीदा जोइरोवा (36) को सोनौली इलाके में आप्रवासन विभाग के अधिकारियों ने एक नियमित जांच के दौरान पकड़ लिया। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्र निर्माण में ब्रह्मकुमारी संस्था की भूमिका अहम : मोदी

**एजेंसी, रायपुर**



**प्रधानमंत्री** नरंन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्र को विकसित करने की यात्रा में ब्रह्मकुमारी जैसी संस्थाओं की भूमिका बहुत अहम है। प्रधानमंत्री ब्रह्मकुमारी के नवा रायपुर के सेक्टर-20 में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारी संस्थान के भव्य शांति शिखर रिट्रीट सेंटर 'एकेडमी फार ए पीसफुल वर्ल्ड' के उद्घाटन और रजत महोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने ब्रह्मकुमारी संस्थान से अपने संबंधों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही ब्रह्मकुमारी संस्था की पहचान है '। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के शांति शिखर कार्यक्रम में शामिल होकर छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन विशेष है, क्योंकि तीनों राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'राज्यों के विकास में ही देश का विकास निहित है। इसी मंत्र पर चलते हुए हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान में जुटे हैं।' उन्होंने बताया कि उनका इस आध्यात्मिक आंदोलन से दशकों पुराना जुड़ाव रहा है। मैंने ब्रह्मकुमारी संस्था को वटवृक्ष की तरह बढ़ते हुए देखा है। 2011 में अहमदाबाद में 'फ्यूचर ऑफ पावर' कार्यक्रम हो या 2012 में संस्था के 75 वर्ष का उत्सव, माउंट आबू और गुजरात के कार्यक्रमों में जाना मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली आने के बाद भी उन्हें कई अवसरों पर ब्रह्मकुमारी संस्था से जुड़ने का मौका मिला-चाहे वह आजादी के अमृत महोत्सव का अभियान हो या स्वच्छता अभियान। (अनंत ज्ञान)

## कनाडा के प्रधानमंत्री ने 'रीगन' विज्ञापन पर ट्रंप से माफी मांगी

**एजेंसी, ग्योंगजू, दक्षिण कोरिया।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 'आयात शुल्क' से जुड़े कनाडा के एक राजनीतिक विज्ञापन के लिए माफी मांगी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने ओन्टारियो प्रांत के मुख्यमंत्री डग फोर्ड को यह विज्ञापन न चलाने की सलाह दी थी।

कार्नी ने यहां एशिया प्रशांत शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से वार्ता में यह बात कही। कार्नी ने कहा कि उन्होंने ट्रंप से निजी तौर पर यह माफी उस समय मांगी, जब दोनों नेता दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जेई म्युंग द्वारा बुधवार को आयोजित रात्रि भोज में मिले थे। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा सांसद बोले- दिल्ली का नाम इंद्रप्रस्थ होना चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ रखने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर भी लिखा।

भाजपा सांसद ने शाह को पुरानी दिल्ली स्टेशन का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ जंक्शन और दिल्ली एयरपोर्ट का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल एयरपोर्ट रखने का भी सुझाव दिया है। खंडेलवाल ने लेटर में लिखा कि भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक धरोहरों में दिल्ली का स्थान खास है। यह सिर्फ एक महानगर नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की आत्मा, धर्म, नीति और लोककल्याण की परंपरा का केंद्र रही है। भाजपा सांसद ने बाद में मीडिया से कहा कि दिल्ली का इतिहास सीधे तौर पर पांडवों के काल से जुड़ा है और इसीलिए हमारी दिल्ली की गौरवशाली संस्कृति, सभ्यता, विरासत और परंपराएं इंद्रप्रस्थ नाम से जुड़ी हैं। भाजपा सांसद ने दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर पांडवों की मूर्तियां स्थापित करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी को पांडवों की संस्कृति और सभ्यता के बारे में पता चलेगा। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप से की एच 1बी वीजा को सख्ती हटाने की अपील

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसदों के एक दल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से एच-1बी वीजा को लेकर लागू की गई सख्ती हटाने की अपील की है। कांग्रेस सदस्यों जिमी पैनटा, एमी बेरा, सलूद कारबाजाल और जूली जॉनसन ने इसके लिए ट्रंप को एक पत्र लिखा है। सांसदों ने चेताया कि नई नीति न केवल अमेरिका की तकनीकी बढ़त को नुकसान पहुंचाएगी, बल्कि भारत के साथ रिश्तों पर भी असर डाल सकती है। सांसदों ने कहा कि अमेरिका की कई बड़ी टेक कंपनियां ऐसे लोगों ने बनाई या चलाई हैं, जो कभी एच-1बी वीजा पर आए थे। भारतीय मूल के एच-1बी धारक अमेरिका को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी में आगे रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

# मोदी सरकार जबरन हिंदी थोप रही : सिद्धारमैया

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र की मोदी सरकार पर कन्नड़ की उपेक्षा करने और हिंदी थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्य के लोगों से कन्नड़ विरोधियों का विरोध करने भी कहा। सिद्धारमैया कर्नाटक के स्थापना दिवस पर हुए 70वें राज्योत्सव में कहा कि केंद्र सरकार कर्नाटक के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हिंदी थोपने की लगातार कोशिशें हो रही हैं। हिंदी और संस्कृत के विकास के लिए अनुदान दिया जाता है, जबकि देश की बाकी भाषाओं की उपेक्षा की जा रही है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि अंग्रेजी और हिंदी हमारे बच्चों की प्रतिभा को कमजोर कर रही है। मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए कानून होना चाहिए। केंद्र को मातृभाषा में ही शिक्षा को अनिवार्य करना चाहिए। सीएम सिद्धारमैया अक्सर कन्नड़ को लेकर केंद्र सरकार को निशाना बनाते रहते हैं। सितंबर में एक इवेंट के दौरान उन्होंने मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ही पूछ लिया था कि क्या आपको कन्नड़ आती है, मैं कन्नड़ में बात करता हूं।' (अनंत ज्ञान)

# आसियान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका सराही

## मलेशिया की राजधानी कुआला लुंपुर में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों से मिले राजनाथ सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मलेशिया की राजधानी कुआलालुंपुर में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ मुलाकात की। आसियान रक्षा मंत्रियों ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम रखने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा और क्षेत्रीय स्तर पर भारत के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की दूसरी अनौपचारिक बैठक ने आसियान के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी विशेष रूप से 2026-2030 के लिए आसियान-भारत कार्य योजना के रक्षा और सुरक्षा घटकों को आगे बढ़ाने का एक रणनीतिक मौका दिया है। उन्होंने दो दूरदर्शी पहलों संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं पर आसियान-भारत पहल और आसियान-भारत रक्षा थिंक-टैंक संपर्क की घोषणा की। एडीएमएम अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह का स्वागत किया और भारत को एक महाशक्ति बताया। उन्होंने कहा कि साइबर और डिजिटल रक्षा के साथ-साथ रक्षा उद्योग एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत के साथ अपने संबंध को मजबूत करके आसियान को एक समुदाय के रूप में लाभ होगा। उन्होंने एक आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और तकनीकी अनुसंधान प्रणाली स्थापित करने की भारत की क्षमता की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

## विकसित भारत के लिए समग्र एसडीजी ढांचा तैयार करने को लेकर समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) के साथ मिलकर राष्ट्रीय, राज्य, ईएसजी और सीएसआर संकेतकों को जोड़ने वाला समग्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) ढांचा तैयार करने के लिए समझौता किया है।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता देश, राज्यों और उद्योग जगत के बीच तालमेल को मजबूत करेगा, जिससे कंपनियों की सामाजिक और पर्यावरणीय पहलें राज्यों के विकास लक्ष्यों के अनुरूप होंगी। यह प्रयास विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा (एनआईएफ), जो भारत में सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति मापने का प्रमुख आधार है, इस पहल की नींव बनेगी। इसके तहत राज्य स्तर के संकेतकों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से जोड़ते हुए ईएसजी और सीएसआर के तत्वों को भी एकीकृत किया जाएगा। समझौते के दौरान मंत्रालय और आईआईसीए के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें किशोर बाबूराव सुरवाडे, गरिमा दाधिच, रुचिका गुप्ता, शिवनाथ सिंह जडावत और जियाउल हक शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत की रतिका सुथांथरा नॉर्थ कोस्ट स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांथरा सीलन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला वर्ग के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की तीसरी वरीयता प्राप्त बोबो लैम को 3-1 से हराया। तमिलनाडु की रहने वाली इस सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी लैम को 11-13, 11-4, 14-12, 12-10 से हराया। सीलन का अगला मुकाबला मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त लोजैन गोहारी से होगा। (अनंत ज्ञान)

### वर्ल्ड कप में एक भी मैच नहीं जीता पाक, फिर भी मिलेंगे पीएसएल के विनर से ज्यादा पैसे

**एजेंसी, नवी मुंबई।** महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप-2025 अब अपने अंतिम चरण पर है। फाइनल मुकाबला मेजबान भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज खेला जाएगा। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच में जो भी टीम जीतेगी, उस पर जमकर धन वर्षा होगी। दिलचस्प बात यह है कि इस टूर्नामेंट में एक भी मुकाबले नहीं जीतने वाली पाकिस्तान की टीम को भी करोड़ों रुपए मिलेंगे। ग्रुप स्टेज में हिस्सा लेने वाली हर टीम को न्यूनतम 2.5 लाख डॉलर (लगभग 2.20 करोड़ रुपए) दिए जाएंगे। इसके अलावा, अंक तालिका में 8वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2.8 लाख डॉलर (लगभग 2.50 करोड़ रुपए) मिलेंगे। पाकिस्तान आठवें स्थान पर रही, इसलिए उसे 8वें स्थान के लिए 2.50 करोड़ और ग्रुप स्टेज भागीदारी के लिए 2.20 करोड़ रुपए, यानि कुल 4.70 करोड़ रुपए की राशि मिलेगी। यह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के विनर को मिलने वाली इनामी राशि से भी ज्यादा है। पीएसएल 2025 की विजेता टीम को 5 लाख डॉलर यानी करीब 4,43 करोड़ रुपए दिए गए थे। महिला टीम को मिलने वाली राशि इससे करीब 27 लाख रुपए ज्यादा है। (अनंत ज्ञान)

### भारत के रोहन बोपन्ना ने टेनिस से लिया संन्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने शनिवार को प्रोफेशनल टेनिस से संन्यास की घोषणा कर दी है। उनका आखिरी मैच पेरिस मास्टर्स 1000 में हुआ, जहां उन्होंने अलेक्जेंडर बब्लिक के साथ जोड़ी बनाई। बोपन्ना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'किसी ऐसी चीज़ को अलविदा कैसे कहूं जिसने मेरे जीवन को अर्थ दिया? 20 अविश्वसनीय वर्षों के बाद अब वक्त आ गया है... मैं अपने रैकेट को आधिकारिक रूप से टांग रहा हूं। कूर्ग में लकड़ी काटने से लेकर सर्व मजबूत करने से करने और दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों की रोशनी के नीचे खड़े होने तक यह सफर अविश्वसनीय रहा। भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है।' बोपन्ना ने 43 वर्ष की आयु में पिछले साल इतिहास रचा था, जब वे पहली बार पुरुष युगल विश्व नंबर-1 बने और ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में मैथ्यू एब्डन के साथ युगल खिताब जीतकर ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। यह उनका दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब था। पहला उन्होंने 2017 फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स में जीता था। (अनंत ज्ञान)

### श्रेयंका पाटिल का ग्लैमरस अंदाज

श्रेयंका पाटिल भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे होनहार युवा प्रतिभाओं में से एक हैं। अपने स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाने वाली, उन्होंने मैदान पर अपने कौशल और मैदान के बाहर अपने आकर्षक व्यक्तित्व के लिए ध्यान आकर्षित किया है।



#### हेजलवुड की गैर-मौजूदगी में राहत की उम्मीद, लेकिन अर्शदीप की वापसी पर रहेगी निगाहें

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी20 आज

**एजेंसी, होबार्ट**

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति भारतीय बल्लेबाजों के लिए कुछ राहत लेकर आएगी, जब भारत रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। भारतीय टीम पिछले मैचों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आखिरकार अंतिम एकादश में जगह मिलती है या नहीं, क्योंकि उन्हें लगातार बाहर रखने पर सवाल उठने लगे हैं।



हेजलवुड की सटीक लाइन और उछाल भारतीय बल्लेबाजों के लिए अब तक मुश्किल साबित हुई थी। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए उन्हें विश्राम दिया गया है। स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने मेलबर्न में खेले गए दूसरे मैच के बाद कहा था। यह निश्चित रूप से राहत की बात होगी। मैंने ऐसी गेंदबाजी का सामना पहले कभी नहीं किया।

अब भारतीय बल्लेबाज जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस या सीन एबॉट जैसे गेंदबाजों के खिलाफ अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे। कप्तान सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल अतिरिक्त उछाल और सीम मूवमेंट से जूझते नजर आए हैं। दोनों ने कैनबरा में बारिश से प्रभावित मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और वह प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे।

होबार्ट का बेलेरिव ओवल मैदान दोनों ओर से अपेक्षाकृत छोटा है, जिससे बल्लेबाज शॉर्ट-पिच गेंदों पर चौके-छक्के जड़ सकते हैं। इसी मैदान पर विराट कोहली ने 2012 में श्रीलंका के खिलाफ 86 गेंदों पर नाबाद 133 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी।

यह मैदान पारंपरिक रूप से सफेद गेंद वाले मैचों के लिए अनुकूल माना जाता है। साथ ही, यह नाथन एलिस का घरेलू मैदान है, जो बीबीएल में होबार्ट हरिकेंस के कप्तान हैं। एमसीजी में 125 रन के मामूली स्कोर पर आउट होने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन की 'गहराई वाली बल्लेबाजी 'रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं। अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर भारत तीन स्पिनरों के साथ उतरा था और फिर से अर्शदीप सिंह को बाहर रखा गया, जबकि वे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। अगर जसप्रीत बुमराह खेल रहे हैं, तो अर्शदीप सिंह का नाम सूची में दूसरे स्थान पर होना चाहिए। अगर बुमराह नहीं खेल रहे हैं, तो अर्शदीप पहले विकल्प होने चाहिए।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले 15-20 मैचों में भारत के आठवें नंबर के बल्लेबाज ने प्रति पारी औसतन केवल पांच गेंदों का सामना किया है। ऐसे में टीम की 'बल्लेबाजी गहराई' की सोच पर आलोचना स्वाभाविक है।

**मैच : दोपहर 1.45 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और मार्कस स्टोइनिस।

टीम प्रबंधन ने अर्शदीप की जगह हर्षित राणा को प्राथमिकता दी, जिन्होंने पिछले मैच में 33 गेंदों पर 35 रन बनाए। हालांकि, यदि चार गेंदों पर बाउंड्री से बने 18 रन हटा दिए जाएं, तो उन्होंने 29 गेंदों पर केवल 17 रन जोड़े। उस समय दूसरे छोर पर अभिषेक शर्मा खड़े थे, जिन्हें स्ट्राइक नहीं मिल पा रही थी। गेंदबाजी में भी हर्षित की निरंतरता चिंता का विषय रही। (अनंत ज्ञान)

### जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरी पसंद का गेंदबाज होना चाहिए अर्शदीप : अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज में भारतीय टीम प्रबंधन के टी20 टीम के अंतिम एकादश में अर्शदीप सिंह को शामिल नहीं करने पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरी पसंद का तेज गेंदबाज होना चाहिए।



अश्विन का मानना है कि अर्शदीप जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। अश्विन की यह टिप्पणी मेलबर्न में दूसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की चार विकेट से हार के बाद आई है।

भारत केवल 125 रन पर आउट हो गया और ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। कैनबरा में पांच मैचों की सीरीज का पहला टी-20 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर ऐश की बात में कहा, "अगर बुमराह खेल रहे हैं तो अर्शदीप सिंह का नाम आपके तेज गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर होना चाहिए।" उन्होंने कहा, "अगर बुमराह नहीं खेल रहे हैं तो अर्शदीप उस टीम में आपका पहला मुख्य तेज गेंदबाज बन जाएगा। मुझे समझ नहीं आ रहा कि अर्शदीप सिंह को इस टीम में लगातार अंतिम एकादश से बाहर क्यों रखा जा रहा है। यह वास्तव में मेरी समझ से परे है।" अश्विन हालांकि, इस बात को समझते हैं कि हर्षित राणा ने दूसरे मैच में बल्लेबाजी में योगदान दिया, लेकिन उनका मानना है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड जैसी पिच पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज को टीम से बाहर नहीं रखा जा सकता।

उन्होंने कहा, "बेशक, हर्षित राणा का बल्ले से दिन अच्छा रहा। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन मैं अपनी बात उनसे जोड़ कर नहीं कह रहा हूं। मेरी बात अर्शदीप सिंह से जुड़ी हुई है। उन्होंने 2024 में टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार बाहर रखा जा रहा है जिससे उनकी लय भी थोड़ा गड़बड़ गई है।" (अनंत ज्ञान)

## अय्यर को अस्पताल से मिली छुट्टी, अब हालत स्थिर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के वनडे उपकप्तान श्रेयस अय्यर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने के सफल प्रयास के दौरान तिल्ली और पसलियों में चोट लगने के बाद सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को एक बयान में कहा, "उनकी (अय्यर) हालत स्थिर है और वह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के साथ बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनके स्वास्थ्य लाभ से संतुष्ट है और उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।"

इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को 25 अक्तूबर को तीसरे वनडे में हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का कैच लेने के दौरान चोट लग गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। वह फिट होने पर भारत लौट आएंगे, लेकिन कम से कम अगले दो महीने तक वह मैदान से बाहर रहेंगे।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, "चोट की तुरंत पहचान कर ली गई और मामूली प्रक्रिया के बाद रक्तस्राव तुरंत बंद कर दिया गया। इसके लिए उनका उचित चिकित्सा प्रबंधन किया गया है।" उन्होंने कहा, "बीसीसीआई सिडनी में डॉ. कौरोश हाघीगी और उनकी टीम के साथ-साथ भारत में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला का हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने श्रेयस के लिए सर्वश्रेष्ठ उपचार सुनिश्चित किया। श्रेयस आगे की सलाह के लिए सिडनी में ही रहेंगे और उड़ान भरने के लिए फिट होने पर भारत लौट आएंगे।" (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को 2 विकेट से हराया

**एजेंसी, वेलिंग्टन**

ब्लेयर टिकनर की घातक गेंदबाजी के बाद सधी हुई बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 2 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम ने इंग्लैंड का 3-0 से सूपड़ा साफ किया। तीसरे वनडे मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 222 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 32 गेंद रहते ही 8 विकेट के नुकसान पर 226 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया।





अंग्रेजों का 3-0 से किया सूपड़ा साफ

इंग्लैंड की तरफ से दिए गए 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत जबरदस्त रही। रचिन रविंद्र और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए 78 रनों की पार्टनरशिप हुई थी। कीवी टीम के लिए पहला विकेट डेवोन कॉन्वे के रूप में गिरा। कॉन्वे 44 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा रचिन ने तेज तर्रार अंदाज में 37 गेंद में 44 रनों की पारी खेली। तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे विल यंग सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन इसके बाद डेरिल मिचेल ने 44 रनों की पारी खेलकर न्यूजीलैंड को मैच में बनाए रखा। टॉप ऑर्डर में अच्छी शुरुआत के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए फंस गई थी। एक समय ऐसा लगा कि इंग्लैंड मैच को निकाल लेगी, क्योंकि न्यूजीलैंड ने 196 रन के स्कोर पर अपने 8 विकेट गंवा दिए। ऐसे में टेलएंडर पर दबाव था कि वह किसी तरह 27 रन बनाकर टीम को जीत दिलाए। इस काम को जैक फाउलकेस और ब्लेयर टिकनर ने बखूबी निभाया।

फाउलकेस 24 गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद रहे तो टिकनर ने 20 गेंद में 18 रन बनाए. इसके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी 29 गेंद में 27 रनों की अहम पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे को अपने नाम कर लिया।(अनंत ज्ञान)

### संजू सैमसन के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को लेकर दिग्गजों ने सूर्या-गंभीर पर साधा निशाना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में भारत की बल्लेबाजी क्रम के ध्वस्त होने से आलोचनाओं का दौर शुरू हो गया है। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने टीम की रणनीति और खिलाड़ियों की भूमिका पर गहरी चिंता जताई है। वहीं, पूर्व क्रिकेटर श्रीकांत ने संजू सैमसन का बल्लेबाजी क्रम बार-बार बदलने को लेकर टीम मैनेजमेंट और हेड कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है। श्रीकांत ने कहा कि सैमसन अपनी बल्लेबाजी स्थिति में लगातार बदलाव के कारण फिर से बदकिस्मत रहे।

भारतीय टीम के सिर्फ 125 रन पर आउट होने के बाद टीम मैनेजमेंट के रवैये और बल्लेबाजी क्रम में बार-बार बदलाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। खासकर पहले के संकेतों के बाद कि बतौर ओपनर तीन शतक लगाने वाले इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को मध्यक्रम की भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा है। इरफान पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर हार का विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत की ओर से लगातार बदलाव करने से फायदा कम नुकसान ज्यादा हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सूर्यकुमार यादव को तीसरे नंबर पर उतारा जाना चाहिए, न कि उन्हें इधर-उधर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां तक संजू सैमसन की बात है, अगर वह इसी तरह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर-नीचे होते रहेंगे तो मुझे यकीन नहीं है कि यह कितना कारगर होगा। (अनंत ज्ञान)

## पेरिस मास्टर्स सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव का सिनर से होगा मुकाबला

**एजेंसी, पेरिस**

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दो मैच प्वाइंट बचाकर दानिल मेदवेदेव को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया और पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीद बरकरार रखी। ज्वेरेव ने इस जीत से मेदवेदेव के खिलाफ पिछले दो साल से चला आ रहा पांच मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया।



दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव सेमीफाइनल में दूसरे नंबर के यानिक सिनर से भिड़ेंगे। पिछले सप्ताहांत वियना फाइनल में दोनों की भिड़ंत हुई थी, जहां सिनर ने तीसरे सेट में 7-5 से जीत हासिल की थी। दोनों का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड 4-4 से बराबर है।

निर्णायक सेट में 4-5 के स्कोर पर ज्वेरेव ने मेदवेदेव के खिलाफ दोनों मैच प्वाइंट बचाए। पेरिस मास्टर्स में 2020 फाइनल में ज्वेरेव को हराने वाले मेदवेदेव ने टाईब्रेकर में 5-5 की बराबरी कर ली, लेकिन ज्वेरेव ने फिर से बढ़त बनाते हुए ढाई घंटे में जीत हासिल कर ली। सिनर ने नंबर सात बेन शेल्टन को 6-3, 6-3 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे वह फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए। यदि सिनर खिताब जीत लेते हैं, तो यह वर्ष की उनकी पहली मास्टर्स ट्रॉफी होगी और इससे वह फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भी बन जाएंगे। अमेरिकी खिलाड़ी पर सिनर की यह लगातार सातवीं जीत है।

फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वैलेन्टिन वेचेरोत को 6-2, 6-2 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका सामना अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को बिना सर्विस गंवाए 6-7(5) 6-4 7-5 से हराया। (अनंत ज्ञान)

### बाबर आजम बने टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम भारत के रोहित शर्मा और विराट कोहली को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने शुक्रवार रात लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 18 गेंदों पर 11 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। बाबर ने अब तक 123 मैचों में 39.57 की औसत से 4234 रन बनाए हैं, लेकिन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उनका स्ट्राइक रेट और छक्कों की संख्या कम है।

बाबर का स्ट्राइक रेट 128.77 है और उन्होंने 73 छक्के लगाए हैं। इस मामले में रोहित, कोहली, जोस बटलर और पॉल स्टर्लिंग उनसे आगे हैं। रोहित का स्ट्राइक रेट 140.89 है और उन्होंने अपने करियर में 205 छक्के लगाए हैं। विराट का स्ट्राइक रेट 137.04 है और उन्होंने 124 छक्के लगाए हैं। बटलर का स्ट्राइक रेट 148.97 है और उन्होंने 172 छक्के लगाए हैं, जबकि आयरलैंड के स्टर्लिंग का स्ट्राइक रेट 134.86 है और उन्होंने 133 छक्के लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)

## उन्नति सेमीफाइनल में, लक्ष्य, जॉर्ज और आयुष शेट्टी का अभियान समाप्त

**एजेंसी, सारब्रकेन ( जर्मनी )**

हाइलो ओपन में भारतीय शटलर उन्नति हुड्डा सेमीफाइनल में पहुंच गईं, लेकिन लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज तीनों का अभियान पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ।



विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज उन्नति ने चौथी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सियांग टी लिन को 47 मिनट में 22-20, 21-13 से हराकर उलटफेर किया, जिससे भारतीय शटलर ने इस साल मई में मलेशिया मास्टर्स में इसी प्रतिद्वंद्वी से मिली हार का बदला ले लिया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई पुत्री कुसुमा वर्दानी और अजरबेजान की कीशा फातिमा अज्जाहरा के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

सेन ने पुरुष एकल में फ्रांस के चौथे वरीय एलेक्स लैनियर के खिलाफ शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की, लेकिन अंततः एक घंटे 14 मिनट तक कड़ी टक्कर देने के बाद 17-21, 21-14, 15-21 से हार गए। इस सत्र में लैनियर के खिलाफ सेन की यह दूसरी हार थी, इससे पहले वह इसी महीने डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी इसी फ्रांसीसी खिलाड़ी से हार चुके हैं।

वहीं, शेट्टी ने फिनलैंड के काल्ले कोलजोनेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में बढ़त बनाई लेकिन 68 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 12-21, 20-22 से हार गए। दिलचस्प बात यह है कि शेट्टी ने 2024 में इसी टूर्नामेंट में इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। किरण जॉर्ज का अभियान भी क्वार्टर फाइनल में हारकर खत्म हो गया। वह दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से 39 मिनट में 16-21, 10-21 से हार गए। (अनंत ज्ञान)

**महामुकाबला**

### महिला विश्व कप फाइनल में पहली बार भिड़ेंगी दोनों टीमें

# भारत के सामने आज द. अफ्रीका की मुश्किल चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रविवार, 2 नवंबर को आईसीसी वुमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल मुकाबला नवी मुंबई में खेला जाना है। इस मैच में दोनों टीमों की नजरें अपने-अपने पहले खिताब पर होगी। भारत ट्रॉफी उठाने को बेहद उत्सुक होगा क्योंकि 2005 और 2017 के बाद उनका यह तीसरा वर्ल्ड कप फाइनल है। वहीं साउथ अफ्रीका की चुनेंस टीम पहली बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही है। भारत को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने महिला वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में अपने तीसरे प्रयास में खिताबी सूखे को खत्म किया था और कुछ ऐसी ही स्थिति भारतीय महिला टीम की है





वर्ल्ड कप में फाइनल मैच की प्रथा 1982 से शुरू हुई। इंग्लैंड को 1982 और 1988 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने 1993 में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल जीता।

न्यूजीलैंड इसके बाद 1997 में भारत में खेले गए वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा, लेकिन इस बार उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि, घरेलू सरजमीं पर साल 2000 में खेले गए वर्ल्ड कप के फाइनल में चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड की तरह ही अपने तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की।

दोनों देशों के बीच 33 वनडे मैचों 20 जीत के साथ भारत का पलड़ा भारी है, लेकिन वर्ल्ड कप में मुकाबला बराबरी का है। वनडे वर्ल्ड कप के छह मैचों में भारत के नाम तीन जीत हैं, लेकिन साउथ अफ्रीका ने पिछले तीनों मैच में भारत को शिकस्त दी है। साउथ अफ्रीका इकलौती ऐसी टीम है जिसे भारत ने 2017 से इस वैश्विक आयोजन में नहीं हराया है। वर्ल्ड कप के इतिहास में इससे ज्यादा बार लगातार मैचों में ऑस्ट्रेलिया ने 8 और न्यूजीलैंड ने 5 बार भारत को हराया है। महिला वर्ल्ड कप के फाइनल में यह पहला मौका है जब खिताबी मुकाबला ऐसी दो टीमों के बीच होगा जो कभी चैंपियन नहीं रही है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष, रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड़, श्री चरणी, राधा यादव, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, शैफाली वर्मा और अरुंधति रेड्डी।

**साउथ अफ्रीकाः** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), नादिन डी क्लार्क, मैरिजेन कप्प, तजमिन ब्रिट्स, अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको म्लाबा, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, एनेरी डर्कसेन, एनेके बॉश, तुमी सेखुखुने और नोंदुमिसो शांगसे।